रांची
रविवार
20.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते


**रश्मि प्रवाह**
अगर हम अपनी ताकत का किसी की भलाई में इस्तेमाल नहीं कर सकते, तो वह ताकत हमारे लिये एक दिन कठिनाई का पहाड़ भी ला सकती है।


www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-284 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50


## झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह के लिए सीएम आमंत्रित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा सैयद जावेद हैदर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने 22 नवम्बर 2022 को आयोजित झारखंड विधान सभा स्थापना दिवस समारोह एवं 23 नवम्बर 2022 को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## टुंडी के पूर्व विधायक व मंत्री डॉ. सबा अहमद का निधन

**टुंडी।** टुंडी के पूर्व विधायक सह बिहार सरकार में कारा मंत्री रहे डॉ. सबा अहमद का दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया। दुखद खबर की सूचना देते हुए पूर्व मंत्री सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों के साथ हैं। वर्षों तक टुंडी की राजनीति में अच्छी पकड़ बनाये हुए थे। वह गिरिडीह के रहनेवाले थे। उनका हर वर्ग में बेहतर संबंध था।

**मुख्यमंत्री ने जताया दुख :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेताओं ने टुंडी के पूर्व विधायक सह बिहार सरकार में कारा मंत्री रहे डॉ. सबा अहमद के निधन पर दुख जताया है। सीएम ने ट्वीट करते हुए कहा कि टुंडी के पूर्व विधायक और बिहार सरकार में मंत्री रहे आदरणीय डॉ. सबा अहमद साहब के निधन की दु:खद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दु:ख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। राजकीय सम्मान के साथ डॉ. सबा अहमद साहब को अंतिम विदाई दी जायेगी।

## चक्रधरपुर रेल मंडल के दो लोको पायलटों की ट्रेन से कटकर मौत

**चाईबासा।** चक्रधरपुर रेल मंडल के राजखरसावां रेलवे यार्ड में हावड़ा मेल ट्रेन की चपेट में आने से ऑन ड्यूटी दो लोको पायलटों की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना शनिवार रात 12 बजे के बाद घटी। जानकारी के अनुसार, लोको पायलट टीके सहाना तथा सहायक लोको पायलट मो. अख्तर आलम राजखरसावां रेलवे स्टेशन के यार्ड में मालगाड़ी का इंजन बदल रहे थे। इसी दौरान हावड़ा मेल ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल शनिवार की सुबह लाया गया।

# अनाधिकृत निर्माण को किया जायेगा नियमितीकरण, योजना का प्रारूप तैयार

### मुख्यमंत्री ने दी सहमति ○ 31 दिसम्बर 2019 के पूर्व निर्मित भवन होंगे नियमित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के शहरी क्षेत्र में किये गये अनाधिकृत आवासीय निर्माण को नियमित करने की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग के द्वारा इसके लिये 'अनाधिकृत आवासीय निर्माण को नियमितीकरण करने के लिए योजना -2022' का प्रारूप तैयार कर लिया है। मुख्यमंत्री ने योजना को सहमति दे दी है। योजना के तहत 31 दिसम्बर, 2019 के पूर्व से निर्मित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का नियमितीकरण हो सकेगा। इस योजना को और अधिक प्रभावी एवं सरल बनाने के लिए लोगों से अगले एक महीने तक सुझाव और फीडबैक भी मांगे जायेंगे। इसके बाद पॉलिसी के फाइनल ड्राफ्ट को कैबिनेट से पारित किये जाने के बाद इसे नोटिफाई यानी लागू कर दिया जायेगा। बता दें कि इसके पूर्व वर्ष 2019 में रघुवर दास सरकार की कैबिनेट ने विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले बिल्डिंग रेगुलराइजेशन पॉलिसी को मंजूरी दी थी, लेकिन नियमावली इतनी जटिल थी कि चंद लोगों को ही फायदा मिला। रांची में करीब 300 आवेदन आये। इनमें से 220 मकानों को जुर्माना लेकर वैध किया गया। इससे पहले 2011 में भी बिल्डिंग रेगुलराइजेशन पॉलिसी लायी गयी थी। उस समय नगर निगम में 870 आवेदन जमा हुए थे, लेकिन मात्र 280 घरों के नक्शे पास हुए।

**भवनों के लिए नियमितीकरण शुल्क इस प्रकार होगा**

**आवासीय** और गैर आवासीय भवनों के लिए अलग-अलग शुल्क का निर्धारण किया गया है। नगर पंचायत स्थित आवासीय भवन के लिए 50 रुपये प्रति वर्गमीटर एवं गैर-आवासीय के लिए 75 रुपये प्रति वर्गमीटर, म्युनिसिपल काउंसिल (नगर पालिका परिषद) स्थित आवासीय भवन के लिए 75 रुपये प्रति वर्गमीटर एवं गैर-आवासीय भवन के लिए 100 रुपये प्रति वर्गमीटर तथा नगर निगम, विकास प्राधिकरण, आईएडीए, एनएसी, नगर पालिका क्षेत्र स्थित आवासीय भवन के लिए 100 रुपये प्रति वर्गमीटर एवं गैर-आवासीय के लिए 150 रुपये प्रति वर्गमीटर की राशि देय होगी।

**नियमितीकरण के लिए अनुमान्य निर्धारित सीमा**

**भवन** की ऊंचाई 15 मीटर तक हो सकती है, लेकिन संरचना केवल ग्राउंड + 3 मंजिला (जी+3) का होना चाहिए तथा 500 वर्गमीटर तक प्लॉट क्षेत्र (प्लिंथ क्षेत्र 100 प्रतिशत तक) और 500 वर्गमीटर से अधिक का प्लॉट क्षेत्र, जिसका प्लिंथ क्षेत्र 75 प्रतिशत या 500 वर्गमीटर जो भी कम हो, होना चाहिए।



### नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता

# भारी मात्रा में छुपाकर रखे गये गोला-बारूद और आईईडी बम सहित अन्य सामग्री बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़ (गढ़वा)।** जिले के बड़गड़ प्रखंड से लगे बूढ़ा पहाड़ पर चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान शनिवार को पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआरपीएफ एवं स्थानीय पुलिस के संयुक्त सर्च अभियान में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने को लेकर छुपाकर रखे गये भारी मात्रा में गोला, बारूद, आईडी एवं टीफिन बम सहित अन्य सामग्री बरामद हुआ है।

बता दें कि नक्सलियों का गढ़ कहा जानेवाले गढ़वा जिला के भंडरिया थाना अंतर्गत बूढ़ा पहाड़ के आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार सघन सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सर्च अभियान में पहले भी नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गये काफी मात्रा में विस्फोटक बरामद किये गये हैं। इसी क्रम में शनिवार को बूढ़ा पहाड़ के जोकपानी नामक घने जंगलों में नक्सलियों द्वारा काफी मात्रा में छुपाकर रखे गये विस्फोटक एवं अन्य सामान का पता चला। अभियान में कोबरा 203 टीम के एक एवं दो बटालियन तथा सीआरपीएफ की 172 एवं 62 बटालियन के साथ झारखंड जगुआर की टीम शामिल थीं। इसमें मुख्य रूप से कोबरा 203 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी कैलाश गंगवानी, इम्मानुयेल बासकी, सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट सुबासचंद्र शीला, महेश बलाई, हर्ष मास्क, संजय कुमार, अमरेंद्र कुमार एवं काफी संख्या में सुरक्षाबल के जवान शामिल थे।



**ये सामान किये गये बरामद**

**बरामद** सामान में टिफिन बम 120 पीस, विभिन्न मारक क्षमता के आईईडी चार पीस, वायरलेस सेट एक पीस, एफएम रेडियो एक पीस, कोडेक्स वायर, स्वीच एक पीस, पंचायत चुनाव के बहिष्कार से संबंधित माओवादी पोस्टर एवं लाल बैनर आदि शामिल है।

# धनबाद में लगातार दूसरे दिन फटी धरती



- हादसे वाली जगह के पास स्थित एक मंदिर एक तरफ लगभग तीन फीट धंसा
- धंसान क्षेत्र के पास ही रहते हैं करीब 20-25 परिवार, सभी में व्याप्त है दहशत

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** कोयला क्षेत्रों में लगी आग और अंदर से खोखली होती जमीन के कारण लगभग हर दिन हादसे हो रहे हैं। जिले के बलियापुर प्रखंड स्थित अलकडीहा ओपी क्षेत्र में पहाड़ीगोड़ा सेंट्रल सुरुंगा के पास शनिवार सुबह तेज आवाज के साथ धरती फटी। दस फीट के दायरे में जमीन फटने से चौड़ी दरार बन गयी। गनीमत यह रही कि जहां जमीन फटी, वहां कोई मौजूद नहीं था। हादसे वाली जगह के पास स्थित एक मंदिर एक तरफ लगभग तीन फीट धंस गया। धंसान क्षेत्र के पास ही करीब 20-25 परिवार रहते हैं। ये लोग दहशत में हैं। इसके एक दिन पहले शुक्रवार सुबह धनबाद जिले के निरसा में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुगमा क्षेत्र में भू-धंसान की बड़ी घटना हुई थी। यहां लगभग दो सौ मीटर के दायरे में जमीन पांच फीट धंस गयी थी। धनबाद कोयला क्षेत्र में बीते दो वर्षों में भू-धंसान और जमीन फटने की कम से कम 15 घटनाएं हुई हैं। बीते 20 सितम्बर को जिले के कतरास के अकाशकिनारी में अचानक तेज आवास के साथ जमीन धंसने लगी और एक बड़े आकार का गोफ बन गया।

### पलामू में पीएम आवास योजना में घोर अनियमितता

# एक ही व्यक्ति को मिला दो पीएम आवास योजना का लाभ

अजय कुमार पांडेय

**मेदिनीनगर।** पलामू में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ग्रामीण हो या शहरी किसी गरीब को एक भी आवास मुहैया नहीं हो पा रहा है। जबकि संभ्रांत और सम्पन्न लोग अधिकारियों की मिलीभगत से इसका लाभ भरपूर ले रहे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक ही आदमी को विश्रामपुर और नावा बाजार दो प्रखंडों में अलग-अलग दो आवास निर्माण कराया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ एक व्यक्ति को एक ही बार दिये जाने का प्रावधान है। साथ ही उन्हें आवास उपलब्ध कराया जाना है जिनका खपरैला घर हो। लेकिन प्रखंडकर्मियों की मिलीभगत से सारे नियमों को दरकिनार कर इसका लाभ पहुंचाया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार विश्रामपुर प्रखंड के जमारी गांव निवासी लक्ष्मण बैठा को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया गया है। वहीं, नावा बाजार के सोहदाग कला पंचायत के कुंभीकला ठेकही में भी एक आवास निर्माण कराया गया है। श्री बैठा गांव के सम्पन्न व्यक्ति हैं। इनके नाम विश्रामपुर प्रखंड जमारी गांव सहित नावा बाजार प्रखंड के सोहदाग खुर्द पंचायत के ठेकही कुंभी कला में भी घर व जमीन है। दोनों प्रखंड के गांव की दूरी महज एक किलोमीटर की है। इनके नाम दोनों प्रखंड के गांव में पांच एकड़ से अधिक का भूखंड भी है। इतना ही नहीं इनके परिवार के सदस्य भी सम्पन्न है। घर में ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, लाखों का व्यवसाय आदि भी है। बावजूद इन सभी चीजों की अनदेखी करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ इनहें प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास के लिए जरूरतमंद लोग जिला, प्रखंड व पंचायत की दौड़ लगाते-लगाते थक जा रहे हैं, लेकिन उन्हें आवास नहीं मिल पा रहा है। वहीं, लक्ष्मण बैठा को 2-2 आवास उपलब्ध कराया जाना विभागीय लापरवाही का द्योतक है। नावाबाजार प्रखंड के सोहदाग पंचायत में मिले आवास का आईडी जेएच-1817051 जबकि विश्रामपुर प्रखंड के जमारी गांव के प्रधानमंत्री आवास योजना का आईडी-1530632 है।

**डीडीसी ने कहा -**

**मामले** के संबंध में पलामू के डीडीसी मेघा भारद्वाज का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। इस पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए राशि की वसूली की जायेगी।

# आगामी दिनों में आ सकती है मंदी लोगों को खरीदारी से बचना चाहिए

### जरूरी खरीदारी पर भी दो बार सोचना चाहिए : जेफ बेजोस


- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** दुनिया के अति मालदार कंपनियों में से एक ऐमजॉन के मुख्य कार्यकारी जेफ बेजोस, जिन्होंने अपनी 124 बिलियन डॉलर की संपत्ति दान करने की बात कही है, ने अमेरिकी टीवी चैनल सीएनएन से बातचीत में लोगों को चेताया है कि आगामी दिनों में मंदी आ सकती है। सो इसके मद्देनजर उपभोक्ताओं को बड़ी खरीदारी करने से बचना चाहिए और यदि जरूरी खरीदारी करनी हो, तो भी इस पर दो बार विचार करना चाहिए। वैसे तो बेजोस ने यह अपील अमेरिकी परिवारों से की है, लेकिन उनकी यह बात पूरी दुनिया के लोगों को बहुत भा रही है। क्योंकि, महंगाई बेरोजगारी की मार का असर विश्व के मात्र पंद्रह प्रतिशत अति धनी को छोड़कर लगभग सब पर शुरू हो गयी है। जिसके चलते जेफ बेजोस का कथन दुनियाभर में वायरल हो रहा है, क्योंकि वर्तमान हालात में ज्यादातर देशों की विकास दर में कमी आ रही है।

जेफ बेजोस ने इस साक्षात्कार में कहा कि लोगों को मेरी सलाह है कि टेबल से कुछ जोखिम कम करें। यदि आप खरीदारी करने जा रहे हैं, तो शायद उस खरीदारी को थोड़ा धीमा कर दें। उस नकदी को रखें और देखें कि क्या होता है। यदि आप एक बड़े स्क्रीन वाला टीवी खरीदने पर विचार कर रहे हैं, तो आप प्रतीक्षा कर सकते हैं और अपने पैसे रोक सकते हैं और देख सकते हैं कि क्या होता है। नये ऑटोमोबाइल, रेफ्रिजरेटर या जो कुछ भी हो, उसके साथ भी यही सच है। थोड़ा जोखिम हटाइये, बचिये। इस बीच अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने खुलासा किया है कि कंपनी 2023 तक कर्मचारियों को निकालना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि छंटनी की प्रक्रिया इस सप्ताह के शुरुआत में शुरू हुई, जब कंपनी ने घोषणा की कि वे डिवाइसेस और बुक्स व्यवसायों से कर्मचारियों को निकाल रहे हैं। यह गंभीर घोषणा ऐसे समय में आयी है जब रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका की दूसरी सबसे बड़ी निजी क्षेत्र में रोजगार देनेवाली कंपनी 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी।

**124 बिलियन डॉलर की संपत्ति दान कर देंगे बेजोस**

अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस ने कहा है कि वह अपनी 124 बिलियन डॉलर की संपत्ति दान कर देंगे। जब सीएनएन की रिपोर्टर ने पूछा कि क्या वह अपने जीवनकाल में अपनी अधिकांश संपत्ति दान करने का इरादा रखते हैं, तो बेजोस ने कहा कि हां, मेरा यह इरादा है। मालूम हो कि अमेजन डाट इनकारपोरेशन दुनिया की पहली ऐसी पब्लिक कंपनी बन चुकी है, जिसके मार्केट वैल्यू में एक ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो चुका है। अमेजन सीईओ अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए समर्पित करना चाहते हैं।



# अपने हैरंतगेज करतबों से वायुसेना के विमानों ने दर्शकों को किया रोमांचित

**नागपुर (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल विभिन्न प्रकार के विमानों ने शनिवार को एयरशो के दौरान कई हैरतंगेज हवा में दिखाये जिससे मौजूद लोग दांतों तले उंगली दबाने लगे। शो में शामिल सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम (एसकेएटी) और सारांग एयरोबेटिक टीम के हेलीकॉप्टरों ने ऐसे मनोहारी चित्र आसमान की ऊंचाईयों पर बिखेरे कि हर कोई बस वाह-वाह ही करता नजर आया। सारंग हेलीकॉप्टरों की टीम ने आसमान में आंखों को सम्मोहित करनेवाली दिल की आकृति उकेरी तो मैदान पर मौजूद लोग दिल थाम कर उस नजारे को निहारते रहे। वायुसेना की आकाशगंगा की टीम में शामिल 10 डॉरनियर विमानों ने आठ हजार फुट की ऊचाई पर सांसों को थमा देनेवाला स्काईडाइविंग का प्रदर्शन किया और परेड ग्राउंड पर नियत स्थान पर जमीन की छुआ। एयर वॉरियर ड्रिल टीम (एडब्ल्यूडी टी) में शामिल 18 विमानों ने एक-दूसरे के साथ पूरी क्रमबद्धता दिखाते हुए प्रदर्शन किया जिसके तारीफ करते दर्शक अघाते नजर नहीं आये। इस दौरान वायुसेना के मध्यम आकार के टरबोप्रोप परिवहन विमान एवरो ने भी जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए जमीन से मात्र पांच सौ फुट की ऊंचाई पर उड़कर मैदान पर मौजूद लोगों को दिल थामकर देखने पर मजबूर कर दिया।

# राज्य के पश्चिमी हिस्सों में शीत लहर ने पारा को गोते लगाने को किया विवश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में ठंड का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। राज्य के पश्चिमी हिस्सों में शीत लहर ने पारा को गोते लगाने को मजबूर कर दिया है। डालटनगंज का न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। वैसे सिमडेगा और आसपास के क्षेत्रों में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सिमडेगा में पिछले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रामगढ़ और बोकारो में न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार फिलहाल राज्य का मौसम शुष्क बना रहेगा और अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है। सुबह के समय कुहासे की स्थिति बनी रह सकती है।

# काशी तमिल संगमम बनेगा राष्ट्रीय एकता का प्लेटफॉर्म, समृद्ध होगी संस्कृति : पीएम

### ○ काशी तमिल संगमम का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां एक महीने तक चलनेवाले कार्यक्रम 'काशी तमिल संगमम' का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य काशी और तमिलनाडु के विद्वानों, विद्यार्थियों, दार्शनिकों, व्यापारियों, कारीगरों, कलाकारों सहित जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एक मंच पर लाना तथा अपने श्रेष्ठ परंपराओं को साझा करना और एक-दूसरे के अनुभव से सीखने का अवसर प्रदान करना है। पीएम नरेंद्र मोदी ने रिमोट दबाकर काशी तमिल संगमम का औपचारिक शुभारंभ करने के बाद वहां मौजूद लोगों को संबोधित भी किया। पीएम मोदी ने हर-हर महादेव, वणक्कम काशी और वणक्कम तमिलनाडु बोलकर अपने संबोधन का आगाज किया। पीएम मोदी ने यूपी सरकार, तमिलनाडु सरकार, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, आईआईटी मद्रास और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में संगमों का काफी महत्व रहा है। हम सबने नदियों और धाराओं के संगम से लेकर विचारों-विचारधाराओं, ज्ञान-विज्ञान और समाजों-संस्कृतियों के संगम का जश्न मनाया है। इसलिए काशी तमिल संगमम अपने आप में विशेष है, अद्वितीय है। एक तरफ, पूरे भारत को अपने आप में समेटे हमारी सांस्कृतिक राजधानी काशी है, तो वहीं दूसरी तरफ, भारत की प्राचीनता और गौरव का केंद्र, हमारा तमिलनाडु और तमिल संस्कृति है। ये संगम भी गंगा-यमुना के जैसा ही पवित्र है। काशी तमिल संगमम इस संकल्प के लिए एक प्लेटफॉर्म बनेगा और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए ऊर्जा प्रदान करेगा।



**काशी और तमिलनाडु दोनों हैं शिवमय**

**काशी** और तमिलनाडु दोनों शिवमय हैं, दोनों शक्तिमय हैं। एक अपने आप में काशी है, तो तमिलनाडु में दक्षिण काशी है। काशी-कांची के रूप में दोनों की सप्तपुरियों में अपनी अहमियत है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि काशी और तमिलनाडु दोनों संगीत, साहित्य और कला के स्त्रोत हैं। काशी में बनारसी साड़ी मिलेगी तो कांचीपुरम का सिल्क पूरी दुनिया में विख्यात है। तमिलनाडु संत तिरुवल्लुवर की पुण्य धरा है। दोनों ही स्थान ऊर्जा और ज्ञान के केंद्र हैं। आज भी तमिल विवाह परंपरा में काशी यात्रा का उल्लेख किया जाता है। यह तमिलनाडु के लोगों के दिलों में अविनाशी काशी के प्रति प्रेम को दर्शाता है। यही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना है, जो प्राचीन काल से अब तक अनवरत कायम है। उन्होंने आगे कहा कि हमें देश की आजादी के बाद हजारों वर्षों की परंपरा और इस विरासत को मजबूत करना था, इस देश को एकता के सूत्र में बांधना था, किन्तु दुर्भाग्य से इसके लिए पर्याप्त प्रयत्न नहीं किये गये।

## न्यूज गैलरी

### जन आक्रोश रैली को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने की बैठक



रातू। 21 नवंबर को उपायुक्त कार्यालय में भाजपा का हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ आयोजित जन आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने शनिवार को रातू प्रखंड मुख्यालय के समीप बैठक आयोजित किया। भाजपा किसान मोर्चा के ग्रामीण अध्यक्ष कामेश्वर महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बतौर प्रभारी के तौर में किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के महामंत्री ललित ओझा व भाजपा राँची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो उपस्थित हुये। बैठक में 21 नवंबर को रांची उपायुक्त कार्यालय में हेमन्त हटाओ देश बचाओ नारो के साथ जन आक्रोश रैली की तैयारियों की समीक्षा किया गया। श्री ओझा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने द्वारा प्रदेश के तमाम जिलों में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। रांची जिला ग्रामीण के 31 मंडलों के अध्यक्ष भारी संख्या में किसानों को लेकर जन आक्रोश रैली में पहुंचेगे। बैठक में किसान मोर्चा के जिला महामंत्री पशुपति नाथ शाहदेव, महामंत्री रामबालक ठाकुर, राजेश सिंह, संजीव तिवारी, परमेश्वर गोप, हजारी प्रसाद, मीडिया प्रभारी पंचम महतो, शैलेन्द्र महतो,परण महतो,चेतन ठाकुर, रुपेश कुमार, कलिन्द्र साहू, शिवनाथ तिग्गा के अलावे दर्जनो पार्टी कार्य कर्ता उपस्थित थे।

### खरसीदाग के जतरा मेला में युवती के साथ की छेड़खानी, जेल

नामकुम। खरसीदाग ओपी थाना में तेतरी विवासी युवती (19) के साथ छेड़खानी करने के आरोपी तेतरी निवासी अनिल महतो पिता सुधु महतो को खरसीदाग ओपी ने गिरफ्तार कर जेल दिया गया है। ओपी प्रभारी सुदेश कुमार शाहा ने बताया कि युवती शुक्रवार को गांव के खरसीदाग में जतरा मेला युवती मेला देखने के लिए पहुंची थी। मेला समाप्त होने के पश्चात करीब रात्रि के 12 बजे घर लौट रही थी। लौटने के युवती के गांव के अनिल महतो ने युवती को जबरन पकड़ झाड़ी में ले गया और उसके साथ धक्का-मुक्की करने के साथ ही छेड़खानी किया ओर उसके साथ मारपीट किया। वह किसी तरह से युवती बचाव करते हुए अपने घर पहुंची। लेकिन आरोपी अनिल घर में पहुंचकर भाभी, जीजा व अन्य परिवार के साथ मारपीट किया। इसके वह फरार हो गया। युवती के मामला दर्ज कराने के बाद आरोपी से पुछताछ के बाद उसे शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### नामकुम में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



नामकुम। झारखंड स्वास्थ्य मिशन रांची के सौजन्य से शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन अमेठिया नगर नामकुम में किया गया। जिसमे 200 लोगो का निशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, हिमोग्लोबिन, कोलेस्ट्रोल नेत्र जांच, दांत जांच,स्कीन एंड हेयर जांच किया गया।इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगह पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवम रक्तदान शिविर का आयोजन हो ताकि कोई भी इस स्वास्थ्य लाभ से वंचित ना रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डाव एन शरण डायग्नोस्टिक एण्ड इमेजिंग सेंटर के डायरेक्टर नम्रता शरण सिन्हा, आनंद यादव,प्रकाश स्कीन एंड हेयर क्लीनिक के डाव अभिषेक प्रकाश,शार्प साइट आई हॉस्पिटल के प्रकाश कुमार, विकाश कुमार,सुशांत शर्मा,श्वेता कुमारी, किशोरी मेडिकल एंड पॉलीक्लिनिक के डाव हरीश कुमार,रोशन कुमार, एवम खिजरी मुखिया कमेर्ला कच्छप,जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा,समाजसेवी मनोज कुमार, दिलीप शिग्रिवाल, अरविन्द कुमार, सीताराम, प्रसाद, सुनील साहू सहित अन्य योगदान रहा।

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया याद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की जयंती पर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने शनिवार को चुटिया स्थित इन्दिरा गांधी चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इसके उपरांत उपस्थित कांग्रेसजनों एवं आमजनों से भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने संबंधित भी रणनीति बनायी गई। इस मौके पर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी को नमन करते हुए कहा कि पूरी दुनिया गांधी को नारी शक्ति व नारी नेतृत्व के रूप में जानती है और देश को हीं नहीं दुनिया को भी उन्होंने नई रोशनी दिखाई। सर्वधर्म, समभाव और धर्मनिरपेक्षता की जड़ों को मजबूत करने वाली नेत्री ने सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में कांग्रेस के योगदान को देश की जनता के सामने अनुकरणीय बना दिया है। जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची महानगर प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष कृष्णा सहाय, रांची ग्रामीण प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष संजीव महतो ,अनिल सिंह, गोपाल पांडे, आसिफ जियाउल, मनोज राम, राजेश नायक, अरुण सिंह, मनोज गुप्ता, संदीप बैठा, संदीप सुवर्णो ,विजय तिरथी, गोपी अग्रवाल, रामजी शर्मा, विजय बड़क, अरविंद मुंडा, सुजीत मुंडा, गणेश घोष, रमेश नायक, मनोज साहू, बजरंग नायक, अनिल टोप्पो, संजय साहू, किशोर राम, जय नाथ नायक, बेलूर नायक, अमरजीत सिंह, प्रेम कुमार, विवेक धान, मोहशीन अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## झारखण्ड राज्य सब जुनियर बालक - बालिका चयन प्रतियोगिता सम्पन्न

**रांची ।** झारखंड राज्य आत्या - पात्या एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में 10 वीं एकदिवसीय झारखण्ड राज्य सब जुनियर/ जुनियर बालक - बालिका आत्या - पात्या चयन प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य के आठ जिले की बालक-बालिका टीम के लगभग एक सौ साठ खिलाड़ी भाग लिए। प्रतियोगिता का उदघाटन समाजसेवी सह भारतीय जनता पार्टी महिला झारखण्ड प्रदेश की मीडिया प्रभारी श्रीमती नीलम चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं नारियल फोड़कर किया। मुख्य अतिथि सह आगन्तुकों का स्वागत माला पहनाकर सुश्री परणिता कुमारी ने किया। जबकि मंच सह प्रतियोगिता का संचालन झारखंड राज्य आत्या पात्या एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने किया।

## झारखंड पावरलिफ़्टर्स एसोसिएशन की दो दिवसीय चैंपियनशिप प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पावरलिफ़्टर्स एसोसिएशन की दो दिवसीय चैंपियनशिप शनिवार को हरमु रोड स्तिथ जैन भवन में प्रारंभ हुई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची के वरीय अधीक्षक किशोर कौशल ने किया। उन्होंने खेल के क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन की काफी सराहना की।चैंपियनशिप में झारखंड के विभिन्न जिलों से 200 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। प्रतियोगिता कल तक चलेगी एवं विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन में झारखंड चैम्बर के उपाध्यक्ष अमित शर्मा, झारखंड पावरलिफ़्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा,सचिव अशोक कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष अजय पोद्दार,सह सचिव सुजाता भगत आदि उपस्थित थे।

## तनाव में व्यक्ति ने कार के सीट के सहारे की खुदखुशी

**नामकुम।** नामकुम थाना क्षेत्र के तेतरी पेप्सी ग्राउंड में रहने वाले सुशील होरो(53) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक ने घर के कुछ ही दूरी लीची के पेड़ पर कार के सीट बेल्ट के सहारे लटका हुआ था। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस ने अनुसार शुशील मूल रूप से खूंटी के तारा सिलादोन का रहने वाला था। वह वर्तमान में नामकुम रेलवे स्टेशन जोरार में विनोद टोप्पो के मकान में किराए पर रहकर था। वह कोकर स्थित टाटा मोटर्स के वर्कशॉप में काम करता था। मृतक की पत्नी पत्नी के अनुसार वर्कशॉप से कुछ दिन पहले सामान की चोरी हुई थी। वहीं वर्कशॉप के सेंटर के मैनेजर को शक था कि चोरी की घटना में सुशील भी शामिल हैं। मैनेजर ने इस संबंध में कई बार दबाव देकर पुछताछ भी की थी जिससे सुशील काफी तनाव में रह रहा था। शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद सभी सोने चले गए. शनिवार की सुबह शव पेड़ पर लटकता मिला।

### झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी द्वारा दूसरे चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न

# 36 प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षित कर प्रमाण पत्र का किया गया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** टीआरटीसी चाईबासा में भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के सहयोग से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया गया था। जिसका प्रथम चरण 07.10.2022 से 14.10.2022 तक तथा दूसरे चरण का प्रशिक्षण 01.11.2022 से 07.11.2022 को सम्पन्न हुआ था। जिसमें झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया था। प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार, राकेश कुमार और सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी व चंद्रेस्वर ओझा ने किया था जिसमें प्रखंड समन्वयक आरती पात्रो व गुरूवारी पान का विशेष सहयोग रहा था । मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने टोंटो ब्लॉक के सिरिंगसिया(18) एवं सगरकत्ता ग्राम (18) के कुल 36 प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षित किया था। प्रशिक्षकों द्वारा मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया गया था। दिनांक 19.11.2022 को भगवान बिरसा मुंडा के संदर्भ में कार्यक्रम जो कि पंचायत भवन में आयोजित कराया गया। जिसमें कुल 36 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से ब्लाक स्तर के पदाधिकारी तथा ग्राम पंचायत के मुखिया व भारतीय लोक कल्याण संस्थान के प्रखंड समन्वयक आरती पात्रो व गुरूवारी पान उपस्थित रहे। प्रमाण पत्र के वितरण का कार्य मुख्य रूप से सिरिंसिया ग्राम पंचायत के मुखिया लखन लागुरी ने किया तथा सभी प्रशिक्षकों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

## दो बार प्री-बोर्ड परीक्षा लेंगे सीबीएसई स्कूल

**रांची।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा फरवरी या मार्च 2023 में प्रस्तावित है। इससे पहले स्कूल दो प्री-बोर्ड परीक्षा ले लेंगे, ताकि विद्यार्थियों की तैयारी बेहतर हो सके। इसके लिए बोर्ड की ओर से स्कूलों को निर्देश जारी किया गया है। स्कूल अपनी सुविधानुसार फ्फर्स्ट प्री-बोर्ड दिसंबर, जबकि सेकेंड प्री-बोर्ड जनवरी में करा सकते हैं। बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि वे नए पैटर्न के अनुसार परीक्षाएं आयोजित कराएं। साथ ही सैंपल पेपर्स से संबंधित परीक्षा ली जाएं। सीबीएसई स्कूलों के शिक्षकों का कहना है कि प्री-बोर्ड कराने के पीछे बोर्ड का मानना है कि ऐसा करने से उन विद्यार्थियों के पास अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका रहेगा, जो पहली प्री-बोर्ड परीक्षा में फेल हो जाते हैं। किन्हीं कारणों से परीक्षा में शामिल नहीं हो पानेवाले विद्यार्थियों को भी दूसरी प्री-बोर्ड परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :–27/2022–23 (PR 282495 (District) 22-23*D के सहपठित ज्ञापांक 1662 दिनांक 16.11.2022 द्वारा निकाले गये निविदा को पुनः द्वितीय कॉल ई–निविदा पढ़ा जाय।

शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, हजारीबाग।

PR 282805 (District) 22-23 (D)

### बीएयू में विद्यार्थियों के लिए विनियोगकर्ता जागरूकता कार्यशाला आयोजित

# कृषि उत्पादों का सही मूल्य नहीं मिलने से किसानों के बच्चे कृषि कार्य से विमुख हो रहे हैं : नीरज शुक्ला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय के संस्था भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड के तहत कार्यरत नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड, मुंबई द्वारा शनिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए विनियोगकर्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन रांची कृषि महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए एक्सचेंज के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट नीरज शुक्ला ने वर्चुअल कमोडिटी मार्केट की कार्यप्रणाली, इसके लाभों और देश की अर्थव्यवस्था की स्थिरता कायम रखने में इसका योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 के अंत में प्रारंभ हुआ कमोडिटी एक्सचेंज के कामकाज और प्रभाव का लगातार विस्तार हो रहा है तथा यह खाद्यान्न, ऊर्जा, धातु और अन्य रॉ मैटेरियल के क्षेत्र में काम कर रहा है। शुक्ला ने कहा कि कृषि उत्पादों का लाभकारी मूल्य नहीं मिलने के कारण किसानों के बच्चे कृषि कार्य से विमुख हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि परंपरागत फिजिकल मार्केट की तुलना में वर्चुअल मार्केट ज्यादा तरल, प्रतिस्पर्धी, पारदर्शी और प्रभावशील है। एक्सचेंज द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मापदंड के अनुरूप जो उत्पाद होते हैं, वहीं वर्चुअल मार्केट में उपलब्ध होते हैं इसलिए क्रेता को व्यक्तिगत स्तर पर उसकी गुणवत्ता की जांच-परख की आवश्यकता नहीं पड़ती। इस ऑनलाइन फोरम पर खरीदारों की संख्या बढ़ जाती है, कौन किससे मोलभाव कर रहा है यह पता नहीं चलता तथा विक्रेताओं को अच्छी कीमत मिलने की संभावना बढ़ जाती है। एक्सचेंज के एवीपी ने कमोडिटी मार्केट में खरीद बिक्री की प्रक्रिया जैसे, पंजीकरण, खाता खोलना, केवाईसी अपडेट करना, डिपॉजिट मार्जिन, ट्रेडिंग की शुरूआत, डिलीवरी, आवश्यक सावधानियां आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 28/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 28.11.22 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 29.11.22 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 29.11.22 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला योजना अनावद्ध मद

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | ग्राम बानाहापा में छठी नदी में सीढ़ी एवं गार्डवाल निर्माण। | 2498900.00 | 5000.00 | 50000.00 | छः माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 282799 District (22-23)_D

### 22 वां झारखंड स्टेट पारा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ

# राज्यभर से आये विशेष बच्चों ने किया अद्भुत प्रदर्शन



> एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने अपने संदेश में खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इसमें एकजुट होने की अंतर्निहित शक्ति है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड एवं एमपीएल के संयुक्त तत्वधान में आयोजित 22वां झारखंड स्टेट पारा एथलिटिक्स चैम्पियनशीप का उद्घाटन शनिवार को यहां सेवानिवृत आईएएस एवं पैरालंपिक कमेटी के अध्यक्ष शशिरंजन सिंह, सेवानिवृत आईएएस एवं कमेटी के उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्त एवं एमपीएल अधिकारी अजय कुमार ने संयुक्त रुप से किया। आईआईटी आईएसएम ग्राउंड धनबाद में आयोजित इस चैम्पियनशीप में राज्यभर से आए लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। दीप प्रज्ज्वलित एवं राष्ट्रगान के बाद कमेटी एवं एमपीएल के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर खेल का शुभारंभ किया। बच्चों ने एथलेटिक्स इभेंट से जुडे खेल यथा लांग जंप, हाई जंप, दौड,शॉर्टपुट, डिसकस आदि विविध खेलों का बेहतरीन प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। रोमांचक खेल के दौरान खिलाड़ी अंत-अंत तक जीत की जद्दोजहद में लगे रहे। कही से नहीं लगा कि यह समान बच्चों का खेल नहीं है। सभी ने खेल का भरपूर लुत्फ उठाया। शॉटपुट में मोहम्मद आजाद प्रथम, डिसकस में आकाश कुमार सिंह प्रथम, लांग जंप में अनिश शेख प्रथम स्थान पर रहे। जबकि 100 ,200 एवं 400 मीटर दौड में क्रमशः साहेब अंसारी, रोहित कुमार मिश्रा एवं आनंद महतो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने अपने संदेश में खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इसमें एकजुट होने की अंतर्निहित शक्ति है। खेल लोगों को एक दूसरे से जोड़ता है तथा टीम की भावना विकसित होती है। श्री रंजन ने कहा विशेष बच्चे जीवन के हर क्षेत्र में अच्छा कर रहे हैं, बस उनके साथ अपनों की भावना विकसित करने और प्रोत्साहित करते रहने की जरूरत है। सेवानिवृत्त आईएएस एवं पेरालिंपिक कमिटी के अध्यक्ष शशि रंजन सिंह ने कहा कि पारालंपिक गेम्स का अलग महत्व है। पूरे प्रदेश में इस खेल को क्रियाशील करना है। इसमें समाज के सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में एमपीएल के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की और कमेटी की ओर से एमपीएल को धन्यवाद देते हुए कृतज्ञता अर्पित किया।

## जानवरों को ठंड से बचाने के लिए उद्यान प्रशासन ने बाड़ों में लगाये हीटर

**रांची।** नवंबर माह में ठंड बढ़ने पर उद्यान प्रशासन ने जानवरों के बाड़ों में हीटर और बोरा के चट से घेराबंदी की है। वहीं जानवरों के खाने के मेन्यू में बदलाव किया है। सभी जानवरों और पक्षियों को स्वस्थ रखने के लिए मल्टी विटामिन दिए जा रहे हैं। भालू को अंडा और पक्षियों को दाना परोसा जा रहा है। वहीं बाघ, शेर, तेंदुआ और भालू के बाड़ों में हीटर लगाए गए हैं। हाथी के बाड़ा में बाहर अलाव जलाकर उसे ठंड से बचाने की व्यवस्था की गई है। हाथी को सरसों के तेल की मालिश की जा रही है। बाड़ों को बोरा के चट से घेरा गया है, ताकि जानवरों को ठंड से बचाया जा सके। जानवरों को सुबह बाड़ा से बाहर करने के समय में भी बदलाव किया गया है। हिरण, सांभर और कोटरा सहित अन्य जानवरों के बाड़ों में फूस के कॉटेज बनाए गए हैं। जगह-जगह पर बिचाली रखी गई है, ताकि रात में जानवर उस पर बैठ सके। शीत से जानवरों को बचाने के लिए कॉटेज में बैठने की सुविधा की गई है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा**
**Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 04/2022–23

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेल कुद एवं युवा कार्य मद अन्तर्गत उपायुक्त, सिमडेगा के पत्रांक 360 (ii), खेल दिनांक 13.10.2022 के द्वारा प्रदत प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम में Water Sports Equipment Facility के लिय निम्न वर्णित समाग्रीयो की आपूर्ति की जानी है:–

| Sl.no. | Particulars name | Tentative Unit Cost | Number of unit |
|---|---|---|---|
| 1 | Jetty | 12000/sq.mtr | 50 unit |
| 2 | FRP Motor Boat | 10,50,000/unit | 2 unit |
| 3 | Inflatabler Rescue Boat (25HP) | 2,25,000/unit | 2 unit |
| 4 | Life Jacket | 2,500/unit | 50 unit |
| 5 | Buoyancy Ring | 2,500/unit | 50 unit |

उपरोक्त सामग्रीयो के आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/अधिकृत विक्रेता/निर्माता/ अधिकृत निबंधित आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी :–

1. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 05.12.2022 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
2. निविदा जमा करने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 05.12.2022 समय 3:30 बजे अपराहन् में।
4. निविदा खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।

निविदा से संबंधित अन्य शर्तें कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा के कार्यालय सूचना पठ में देख जा सकता। सम्पर्क न. 9301060939, 77004019665

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा

PR 282793 (Rural Development)22-23*D

## न्यूज गैलरी

### डॉ. सबा अहमद के निधन से पूरा राजद परिवार दुखी और मर्माहत

रांची। डॉ. सबा अहमद के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए राजद के कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि इनका निधन एक राजनीतिक क्षति है इनके निधन से मैं मर्माहत हूं दुखी हूं ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एव उनके शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति दें। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने डॉ सबा साहब के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त बिहार में हमलोगो के पार्टी के माननीय मंत्री थे एक सच्चे और मिलनसार प्रवृति के धनी व्यक्ति थे। उनका निधन अत्यंत दुखदायी है, मैं दुखी हूं ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एव उनके दुखी परिवार को दुख सहने की शक्ति दें। उनके निधन पर राजद के पूर्व सांसद घूरन राम, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, लक्ष्मण यादव, डॉ मुतुर्जा खान, घनश्याम चौधरी, अजय चंद्रवंशी, हरदेव साहू, पिंकी यादव सहित अन्य नेताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त किया है।

### रांची ट्रांसमिशन जोन वन में कार्यरत विद्युत कर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए अजय राय



रांची। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय शनिवार को रांची ट्रांसमिशन वन के अंतर्गत आने वाले हटिया ग्रिड का दौरा किया एवं वहां कार्यरत विद्युत कर्मियों से उनकी समस्याएं सुनी। विद्युत कर्मियों ने बताया कि 16 नवंबर से नई एजेंसी गीत राज प्राइवेट लिमिटेड ने रांची ट्रांसमिशन जोन 1 का टेंडर लिया है मगर अभी तक किसी कर्मी को नियुक्ति पत्र नहीं दिया है जिसके कारण काम करने में असुविधा हो रही है। साथ ही विद्युत कर्मियों ने 2017 से अब तक एरियर नहीं मिलने की भी बात कही। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने मौके पर रांची ट्रांसमिशन जोन वन के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता से दूरभाष पर बात की और इन समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द किए जाने की बात रखी। अजय राय ने कहा कि बिजली एक आवश्यक सेवा है जिसे किसी भी रूप में बाधित नही किया जा सकता और इस कार्य को आप सभी कर्मी ईमानदारी पूर्वक कर रहे हैं जरूरत है संबंधित अधिकारियों को आपके लिए भी ध्यान रखें। इस अवसर पर आनंद प्रमाणिक, राहुल कुमार, बिनोद कुमार,मुकेश साहू सहित अन्य कर्मी शामिल हुए।

### झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा 54 उप जातियों का एक सामाजिक संगठन है: महेश्वर साहू



कांके। दानवीर भामाशाह नगर रिंग रोड सुकुरहुट्टू हरिनाथ ट्रेडर्स परिसर पर झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का विचार गोष्ठी बैठक रखा गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा 54 उप जातियों का एक सामाजिक संगठन है। जिसकी आबादी झारखंड प्रदेश में लगभग 40 प्रतिशत से अधिक है, मोर्चा का मुख्य उद्देश्य आबादी के अनुसार अपने वैश्य समाज को राजनीतिक भागीदारी एवं सामाजिक न्याय की लड़ाई के तहत आरक्षण के साथ हर क्षेत्र में संवैधानिक अधिकार दिलाना है। श्री साहू ने कहा कि देश की आजादी के लिए बलिदान की बात हो या झारखंड अलग आंदोलन राज्य की लड़ाई वैश्य समुदाय का भागीदारी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। वर्तमान में वैश्य समुदाय राष्ट्रवाद एवं हिंदुत्व के नाम पर राजनीतिक शोषण एवं ठगी का शिकार हो रहे हैं। इस पर सभी राजनीतिक दलों को गंभीरता से विचार करना होगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, इंदु भूषण गुप्ता,हरिनाथ साहू, लक्ष्मण साहू, अनिल वैश्य, दशरथ साहू धनेश्वर साहू, पंकज साहू, पवन साहू एवं रामेश्वर साहू उपस्थित हुए।

# मानव तस्करी का बदलता स्वरूप अब ब्लैकमेल कर हो रही वसूली

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड में मानव तस्करों का एक ऐसा गिरोह सक्रीय है जो अब घरों में लड़कियो से चोरी के साथ साथ ब्लैकमेलिंग कर पैसे ठगने का काम कर रहा है।यह गिरोह प्लेसमेंट एजेंसियो के जरिये लोगो के घरों में घरेलू नौकरानी का काम करवाने के लिए बालिग लड़कियों को भेजते है और फिर उनसे उन्ही घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिलवाते है।

**ब्लैकमेल कर भी ठगते है पैसा :** मानव तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान छेड़ने वाले सीडब्ल्यूसी खूंटी के सदस्य वैधनाथ कुमार के अनुसार यह नया ट्रेंड चल रहा है जिसके जरिए मानव तस्कर लोगों से ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।वैधनाथ कुमार के अनुसार मानव तस्कर जिन लड़कियो को पेलसमेंट एजेंसियों के सहयोग से लोगों के घरों में भेजते हैं वह उन लड़कियों को पहले ब्लैकमेलिंग में ट्रेंड करते फिर उन्हें काम करने भेजते है ,घर पहुचने के बाद काम के लिए गई लडकिया अपने ही मालिक पर छेड़खानी का आरोप लगाती है ,और फिर उसी छेड़खानी की पुलिस रिपोर्ट करने की धमकी देकर पैसे की वसूली करते है।

**अमीर निशाने पर :** झारखंड मानव तस्करी के लिए पहले से ही बदनाम है लेकिन अब मानव तस्करों का यह नया चार लोगों के लिए बड़ी समस्या बन रहा है, खासकर अमीर लोगों के लिए तो यह मुसीबत ही बनता जा रहा है। राजधानी रांची में कई ऐसे मामले रिपोर्ट किए गए हैं, हालांकि कुछ लोगों ने सिर्फ पुलिस को सूचना दी और आगे की कागजी कार्रवाई से इंकार कर दिया। रांची के अरगोड़ा थाने में भी मानव तस्करों के जरिये ठगी की वारदातें रिपोर्ट हुई है। पिछले महीने ही अरगोड़ा थाना में दर्शन प्लेसमेंट सर्विस एजेंसी के द्वारा ठगी किए जाने को लेकर मामला दर्ज किया गया था। अशोक नगर के रहने वाले प्रदीप कुमार सिंह ने दर्शन प्लेसमेंट एजेंसी सर्विस के खिलाफ घरेलू नौकरानी भेजकर घर में चोरी करवाने का मामला दर्ज करवाया था।

#### रांची सहित कई बड़े शहरों में सक्रिय हैं गिरोह

दरअसल झारखंड में एक ऐसा गिरोह कार्य कर रहा है जो फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए घरों में घरेलू कामगार देने का वादा करता है ,बकायदा पेन पेपर पर सब कुछ होता है। घर में काम करने वाला चाहे लड़की हो या लड़का बकायदा कॉन्ट्रैक्ट भरकर ही उसे लोग अपने घरों में काम के लिए ले जाते हैं। दो-तीन महीनों तक तो यह बिल्कुल सही तरीके से काम करते हैं लेकिन जैसे ही मौका हाथ लगता है यह घर के कीमती गहने और नगदी लेकर फरार हो जाते हैं। रांची के अशोक नगर इलाके से इस तरह के लगभग आधा दर्जन मामले सामने आए हैं हालांकि थाने में मात्र दो मामले ही रिपोर्ट किए गए हैं। झारखंड का यह गिरोह दिल्ली मुंबई जैसे शहरों में भी इसी मॉडस इसके तहत काम कर रहा है।

## वार्ड 29 के केशव नगर व जय प्रकाश नगर में नाली और कलवर्ट का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** निगम क्षेत्र के वार्ड-29 में केशव नगर में शनिवार को आरसीसी नाली एवं जय प्रकाश नगर स्थित नीम चौक देवी मंडप के समीप आरसीसी नाली एवं कलवर्ट का शिलान्यास रांची के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय के कर कमलो से सम्पन्न हुआ। काफी दिनों से वार्ड के इन क्षेत्रों में नाली की समस्या बनी हुई थी, जिसे लेकर वार्ड के प्रसिद्ध समाजसेवी निशांत यादव ने उपमहापौर से आग्रह किया था जिसे उपमहापौर ने स्वीकृत करते हुए इसे पास किया। शिलान्यास के बाद क्षेत्र के निवासी काफी खुश दिखे। मौके पर केशव नगर मोहल्ला विकास सीमित के अध्यक्ष सुरेश गोप, अशोक मिश्रा, कृष्णा विश्वकर्मा, अशोक पांडेय, सुनील साहू, वीरेंद्र गोप, संजय तिवारी, मदन विश्वकर्मा, पूनम सिंह, सावन लिंडा, आर्यप्रहलाद, बिट्टू, सुनील वर्नवाल, मनीष, विक्की, निशु यादव, सूरज गोप, लखन साव, अरविंद, शशिकांत तिवारी सहित मोहले के सभी लोग उपस्थित थे।

## एक्सआईएसएस में मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम का एलुमनीमीट संपर्क 2022 आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची ने एलुमनीमीट संपर्क 2022 का आयोजन विगत शुक्रवार को कैंपस में किया गया। मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम और मार्कबज्ज, द मार्केटिंगक्लब, द्वारा आयोजित इस पूर्ववर्ती छात्रों के कार्यक्रम में 30 से अधिक पूर्व छात्रों को पुरानी यादों को संजोने और सभी के साथ अपनी जीवन यात्रा साझा करने का अवसर दिया। एलुमनीमीट की औपचारिक शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफमारियानुस कुजूर एसजे के स्वागत नोट के साथ शुरू हुई, जिसमें उन्होंने पूर्व छात्रों और सभी उपस्थित लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में, डॉ कुजूर ने जोर देते हुए कहा, पूर्वछात्रों ने कॉर्पोरेटइंटरफेस, एलुमनीरिलेशन और छात्रों के लिए मूल्य-आधारित शिक्षा में बेहतरीन योगदान दिया है। उन्होंने छात्रों को अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करने के लिए अपनी रुचि व्यक्त करने के लिए पूर्व छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ प्रदीप केरकेट्टाएसजे, सहायक निदेशक, एक्सआईएसएस ने अपने विचार साझा किए जहां उन्होंने छात्रों को दुनिया में होने वाले परिवर्तनों के साथ अपडेटरहने के लिए कहा। उन्होंने पूर्व छात्रों के साथ संबंधों को मजबूत करने और जीवन की बेहतर गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक ज्ञान और संसाधनों को साझा करने के तरीकों पर भी जोर दिया। इसके अलावा, डॉ अमर ई. तिग्गा,डीन एकेडमिक्स, एक्सआईएसएस ने सभी का स्वागत किया और कहा, अल्मा-मेटर और समाज को वापस देना पूर्व छात्रों के लिए जरुरीहै। आप संस्थान में जो बदलाव देख रहे हैं और जो बदलाव आ रहे हैं।

## सुजाता महतो के बैंक खाते से 1.38 लाख रुपए की अवैध निकासी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बूटी मोड़ के समीप रहने वाली सुजाता महतो को क्रेडिट कार्ड की राशि बढ़ाने का झांसा देकर उनके खाते से 1.38 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। इस संबंध में सुजाता ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। सुजाता ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर 40 हजार रुपए क्रेडिट होने का मैसेज आया। इसके बाद बैंक से उन्हें कार्ड की लिमिट बढ़ाने का मैसेज आया। इसके बाद उन्हें एक लिंक भेजा गया। कहा गया कि लिंक में दी गई चीजों को अंकित करें। लिंक को सम्मिट करने के बाद उनके खाते से 98 हजार रुपए की निकासी हो गई। इसके बाद वह एकाउंट को ब्लॉक करा दी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## संथाल परगना में जुटेंगे झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के दिग्गज : राणा

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज रविवार को 11:00 बजे पूर्वाह्न से जोहार सभागार, (एल.आई.सी.बिल्डिंग के पीछे) दुमका में आयोजित की गई है। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में बतौर मुख्यअतिथि दुमका के लोकप्रिय सांसद माननीय सुनील सोरेन जी होंगे। बैठक की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा करेंगे। झारखण्ड की उप राजधानी दुमका की इस बैठक में झारखण्ड राज्य के सभी जिला से झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य तथा सभी जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव तथा जिला कोषाध्यक्ष सहित विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ संरक्षक शिव किशोर शर्माआदि मौजूद रहेंगे।

## श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर भंडारे का आयोजन

# 3400 से ज्यादा भक्तजनों ने श्री श्याम भंडारे का महाप्रसाद किया ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता**


**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में साईं काल 37 वां श्री श्याम भंडारा विधिवत संपन्न हुआ। श्री श्याम भंडारे में आज गरमा गरम जलेबी, गरमा गरम बनारसी कचोरी, वेजिटेबल पुलाव, आलू चना कद्दू, का मिश्रित सब्जी का प्रसाद मंदिर के श्याम रसोई में मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में निर्मित किया गया। ज्ञातव्य है कि श्री श्याम मित्र मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने के बाद प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा व प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का निरंतर आयोजन हो रहा है। इसके अतिरिक्त भी अन्य विशेष आयोजन हो रहे हैं। श्री श्याम भंडारा वितरण के पूर्व श्री श्याम मंदिर में



विराजमान खाटू नरेश, लडडू गोपाल, श्री शालिग्राम, श्री बजरंगबली, श्री श्यामेश्वर महादेव, व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया गया। रामगढ़ के धनंजय कुमार माणिक संतु भाई ने अपने परिवार के संग श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित कर खाटू नरेश के दरबार में मत्था टेक सुख समृद्धि की कामना की। आज के श्री श्याम भंडारे में 3400 से ज्यादा भक्तजनों ने श्री श्याम भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण में सर्व श्री सुरेश सराओगी, विश्वनाथ नर्सरिया, धनंजय कुमार, संतु भाई, श्रवण ढानढनिया, पंकज गाड़ोदिया, श्याम सुंदर शर्मा, पूर्व सांसद अजय मारू, संजय सराफ, अनुज मोदी, उपेंद्र पांडे, सहित 75 से ज्यादा कार्यकर्ता व स्वयंसेवकों ने भंडारे का वितरण व्यवस्था में सहयोग किया।

#### आज मंदिर में रात्रि 9:30 बजे से एकादशी जागरण संकीर्तन होगा

आज एकादशी संकीर्तन उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर 20 नवंबर रविवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रात्रि 9:30 बजे से एकादशी जागरण संकीर्तन होगा। खाटू नरेश का विशेष श्रृंगार होगा। मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तों से कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया है।




## 15 से 21 जनवरी 2023 तक हरमू मैदान में श्री राम कथा की बहेगी गंगा

# 28 साल बाद पुनः बड़े रूप में हो रहा श्री राम कथा : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के हरमू मैदान में आगामी 15 जनवरी से 21 जनवरी 2023 तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन श्री राम कथा सेवा समिति रांची के सानिध्य में रखा गया है। हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में रांची के सांसद संजय सेठ ने यह जानकारी दी। श्री सेठ ने बताया कि प्रेम मूर्ति पूज्य संत प्रेम भूषण महाराज के परम शिष्य राजन महाराज, राम कथा का व्यासपीठ से अपनी मधुर वाणी में उपस्थित श्रोताओं को अमृत पान करायेंगे। कथा वाचक राजन जी महाराज के मुखारविंद से 7 दिनों तक राज्य के सभी धर्म प्रेमियों को श्री राम कथा का रसपान का आनंद प्राप्त होगा। रांची के सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग




कथा में लिया जाएगा। कथा के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन भी जल्द किया जाएगा। जिसमें आयोजन से संबंधित सेवा भाव कार्यक्रम के लिए विभागीय संयोजक बनाया जाएगा। 100 से भी ज्यादा लोग आयोजन से जुड़ चुके हैं। श्री सेठ ने बताया कि 15 जनवरी से 21 जनवरी तक चलने वाले कथा का समय दोपहर 2:00 बजे से 6:00 तक रहेगा। श्री सेठ ने बताया कि रामकथा आयोजन के लिए 50000 स्क्वायर फीट का कथा स्थल में वाटरप्रूफ विशाल पंडाल बनाया जाएगा। जिसमें 5000 से भी ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। 7 दिनों तक चलने वाले महाकुंभ में कथा श्रवण करने आने वालों के लिए समिति पूरी तरह व्यवस्था में लगी हुई है। आयोजन समिति रांची के सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं सहित सभी धर्म प्रेमियों से इस कथा में आकर श्री राम कथा का रसपान करने का आग्रह किया है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से संजय सेठ, मनीष साहू, प्रकाश धेलिया, श्रवण अग्रवाल, प्रेमचंद श्रीवास्तव, बसंत गौतम, मुकेश काबरा, प्रमोद सारस्वत, सज्जन पाड़िया, सुरेश चंद अग्रवाल, संजय सर्राफ, उमेश कंदर, शशांक भारद्वाज,नेमीचंद अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से नेमी चंद्र अग्रवाल, किशोर मंत्री, शैलेश अग्रवाल, रोहित पोद्दार, प्रवीण मोदी, मुकेश अग्रवाल, गुड्डू गोयनका सहित काफी संख्या में लोग लगे हुए हैं।

◆रामकथा आयोजन के लिए 50000 स्क्वायर फीट का कथा स्थल में वाटरप्रूफ विशाल पंडाल बनाया जाएगा। जिसमें 5000 से भी ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

## न्यूज गैलरी

### कांशा होटल में मेरी आवाज मेरी पहचान की बैठक संपन्न

**रांची ।** मेरी आवाज मेरी पहचान की बैठक कडरू स्थित कांशा होटल डोरंडा में आयोजित की गई। अभिनेता देवेश खान की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई थी । बैठक में नए नए कलाकारों को मंच और मौका देने पर निर्णय लिया गया। वैसे कलाकार जिनके पास प्रतिभा है लेकिन उनको मौका नहीं मिलता है । वैसे कलाकारों को मेरी आवाज मेरी पहचान मंच और मौका प्रदान करेगी। उसकी हौसला अफजाई करेगी । बैठक में कई नए कलाकार शामिल हुए। जिनका इस्तकबाल स्वागत किया गया। बैठक में बॉलीवुड एक्टर देवेश खान , सिंगर कुमार गहलोत, बुलंद अख्तर ,सिंगर साबिर हुसैन , सिंगर कविता होरो, सिंगर आफताब आलम, सिंगर गणेश तिर्की, सिंगर नीलम टोपनो, विवेक जी, मोहम्मद जमाल अख्तर, शकील खान , रमीज बारी, मोहम्मद जियाउद्दीन आदि मौजूद रहे ।

### जाति प्रमाण की समस्या पर भुईयां समाज के लोगों ने विधायक से की भेंट

**बानो।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी से मिल कर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही समस्याओं से अवगत कराया। विदित हो भुईयां समाज के लोगों को खतियानी विसंगति के कारण जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो रहा है ।समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि भुईयां समाज के कुछ लोगों के खतियान में जाति के स्थान पर उनकी उपाधि/ पदवी जैसे, पाईक, खण्डित पाईक, मांझी, कोटवार, प्रधान, नायक, देहरी, गरही दर्ज हो गया है जिससे उनको जाति प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। इससे पूर्व अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र मिलता आ रहा था परंतु ऑनलाइन व्यवस्था के बाद खतियान को आधार मान कर जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाने लगा तब से समाज के लोगों को खतियानी विसंगति के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। समाज के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौपते हुए विधायक से आग्रह किया है कि समाज के मांग पर विचार करते हुए उनको समुचित न्याय दिलाने का प्रयास करें। समाज के लोगों ने कहा कि इससे पूर्व भी महागठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री से मांग रखा है कि लोहरा/लोहार, चीक बड़ाईक की तरह खतियान में संशय का विषय मानते हुए ग्राम सभा के माध्यम से भुईयां जाति के लोगों को भी जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की स्वीकृति हेतु विभागीय पत्र/ अधिसूचना जारी करने की कृपा की जाए , जिससे कि भुईयां जाति के लोगों को उनका अधिकार मिल सके। विधायक ने शीतकालीन सत्र में विधानसभा के पटल पर समस्याओं को रखने का आश्वासन दिया है। मौके पर उदय प्रताप सिंह, शैलेंद्र सिंह, गंगाधर सिंह, कविराज सिंह, व अन्य उपस्थित थे।

### अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा द्वारा मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए रांची हुए रवाना

**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा इकाई के द्वारा अपने 4 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए शनिवार की सुबह राजधानी रांची रवाना हुए इस मौके पर परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप सभी शिक्षक उपस्थित हुए और जहां से वे रांची के लिए रवाना हुए मौके पर जानकारी देते हुए संघ के जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने कहा कि लगातार आंदोलन करने के बावजूद अभी तक हमारे मांगों पर किसी प्रकार का कोई भी विचार नहीं किया गया है जिससे मजबूर होकर हमें मुख्यमंत्री आवास घेराव करने के लिए जाना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगों को विचार नहीं किया गया तो 17 दिसंबर से मुख्यमंत्री आवास के समक्ष अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ जाएगा उन्होंने बताया कि हमारी मांगों में मुख्य रूप से शिक्षकों के लिए संशोधित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना की स्वीकृति,1 जनवरी 2006 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के छठे वेतनमान के आरंभिक वेतन विसंगति का निराकरण करना,शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण नियमावली में संशोधन करना तथा शिक्षकों को अत्याधिक लिपिकीय एवं गैर शैक्षनिक कार्यों से मुक्ति दिलाना। इस मौके पर रांची जाने में सिमडेगा के सभी प्रखंड से भी आए हुए शिक्षकों का प्रति मंडल शामिल रहा।

### प्रखंड प्रमुख द्वारा ठंड से मृतक के परिवार के बीच पहुंचकर किया मदद

**ठेठईटांगर।** शनिवार को प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने मेरोमडेगा पंचायत का दौरा किया एवं ठंड से मरे गेम्स कुल्लू के पैतृक गांव पहुंचे एवं उनके भाई अकाय कुल्लू को कंबल एवं एक पैकेट चावल प्रदान किया एवं शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। एवं हर संभव मदद करने की बात कही ।वही इस मौके पर आस पास जितने भी वृद्ध जन थे जिनको कंबल नहीं मिल पाया था उनको कंबल वितरण किया और कहा की ठंड बढ़ गई है इसलिए आप ठंड से बचे कंबल दे रहे हैं इसे इसका इस्तेमाल करें साथ ही साथ आग जलाकर आग तापे। किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत वार्ड सुमित्रा देवी , मुखिया लक्ष्मी देवी , पंचायत समिति सदस्य रजनी बागे या हमें संपर्क करें हम आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे मौके पर पंचायत सचिव मुकुट, बसंत बड़ाईक, पंचायत समिति सदस्य रजनी बागे, वार्ड मेंबर सुमित्रा देवी, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार आदि मौजूद रहे।

### विधायक सुदेश महतो ने पीसीसी पथ का शिलान्यास किया



**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत विधायक निधि से मुरी रजा जामा मस्जिद से मुरी स्टेशन जाने वाली रोड तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने शिलापट अनावरण कर किया। जिसकी लागत राशि लगभग डेढ़ लाख रुपया है। इस कार्यक्रम में अंजुमन कमिटी मुरी की ओर से एक सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहे। विधायक सुदेश कुमार महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह पीसीसी पथ बहुत दिनों से ग्रामीणों की मांग थी ।कच्चा रास्ता होने से ग्रामीण को चलने में परेशानी उठानी पड़ती थी इसे देखते हुए पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना देवी ,प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, उपप्रमुख आरती देवी, मुखिया कन्हैया लोहरा, लालू उरांव, उप मुखिया रेनू देवी, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार प्रसाद, जयपाल सिंह, मस्जिद के इमाम वाहिद रिजवी, हाजी नासिर मौलाना ,उस्मान अंसारी, चांद हुसैन, मनसूर अली, मोहम्मद फारुख, हारून, मोहम्मद अजीम मोहम्मद सलीम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# लचरागढ़ स्पोर्ट्स अकादमी को आगे बढ़ने में हर संभव सहयोग रहेगा: नमन विक्सल



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** लचरागढ़ स्पोर्ट्स अकादमी मे स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कोलेबिरा विधायक का स्वागत किया गया। स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष राजेश साहु ने माला पहनाकर विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी में विधायक से सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गयी। कोलेबिरा विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लचरागढ़ स्पोर्ट्स अकादमी को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से ही बच्चे भविष्य संवरता है उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में सिमडेगा जिला आगे है। खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए हर संभव मदद किया जाएगा स्पोर्ट्स अकादमी विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमदान के माध्यम से मैदान समीकरण का कार्य किया जाएगा इसमें भी मदद किया जाएगा। उन्होंने स्पोर्ट्स अकादमी का सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग करने की बात कही । इस अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी के द्वारा जिम सेंटर खुलवाने सहित विभिन्न मांगों की गयी इस पर विधायक ने जल्द पहल करने का आश्वासन दिया।

### खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में मदद किया जाएगा: आलम

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद शमी आलम ने कहा कि विधायक हमेशा से खेल में रुचि रखते हैं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए हर संभव प्रयास करते रहते हैं। लचरागढ़ शिक्षा के साथ खेल में भी आगे है खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में मदद किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रावैल लकडा,पुर्व प्रमुख दीपक कडुनलना,क्लेमेंट टेटे के अन्य लोगों ने संबोधित किया ।ग्रामीणों ने लचरागढ़ प्रिंस चौक से पहान टोली होते हुए बाजार चौक तक सड़क और नाली निर्माण करने की मांग रखी। कार्यक्रम का संचालन धर्मवीर सिंह ने किया धन्यवाद ज्ञापन उप मुखिया निलय प्रेम तिर्की ने किया इस अवसर पर फुल केरिया डांग ,सुरेश द्विवेदी, महिमा कांडुलना श्याम अचार्य,सुशील के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे ।कार्यक्रम को सफल बनाने में लचरागढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के अविनाश साहू उर्फ लल्लू राजेश साहू डॉ समीर रॉय राजेश नायक वीरेंद्र उर्फ मांगा कलेश्वर नायक,विनय अग्रवाल,जमील खान, जमीर अहमद के अलावा अन्य लोगों की उपस्थित थे।

## इक्फाई विवि में 11वां एनजे यास्स्वी स्मृति समारोह का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** इक्फाई समूह के संस्थापक स्वर्गीय एन जे यास्स्वी के सम्मान में स्मारक समारोह इक्फाई विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि के यप में राम कृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी अंतरानंद जी मौजूद थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थे और उन्होंने दृढ़ संकल्प के माध्यम से लक्ष्यों तक पहुंचना पर स्मारक व्याख्यान दिया। इससे पहले विवि के कई छात्रों और संकाय सदस्यों ने रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदान किया। दृढ़ संकल्प के माध्यम से लक्ष्यों तक पहुंचनाह्व विषय पर छात्रों के बीच वाद-विवाद का आयोजन किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए, प्रो ओ आर एस राव ने कहा, ॠस्वर्गीय एन जे यास्स्वी मूल्यों के व्यक्ति थे और उन्होंने योग्यता और नैतिकता की नींव पर इक्फाई संस्थानों के समूह का निर्माण किया। उन्हीं आदर्शों का पालन करते हुए, हमारा विश्वविद्यालय अपने छात्रों को मूल्यों के साथ सफल पेशेवरों के रूप में तैयार करने के हमारे मिशन पर केंद्रित है।

अपने दैनिक जीवन में मूल्यों का प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों को मान्यता पुरस्कार दिए गए। सुश्री जिया सिन्हा, बीबीए (2020-23) और श्री सोनू आनंद बीबीए-एलएलबी (2020-25) को स्टूडेंट ऑफ वैल्यूज-2022 का पुरस्कार मिला, जबकि प्रो मनोहर कुमार सिंह और श्री गंगाधर विश्वकर्मा को कर्मचारी मान-2022 का पुरस्कार दिया गया।

## फिर से खुलेगा लॉकडाउन से बंद पड़ा राप्रावि रोगो

### बच्चों के पलायन के बाद बंद हो गई थी स्कूल

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नेहालू पंचायत अन्तर्गत बंद पड़े राजकीय प्राथमिक विद्यालय रोगो को एक बार फिर से खोलने का प्रयास बेड़ो प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी के पहल पर शुरू की गयी। वर्ष 2020 के मार्च महीने से लगी लॉक डाउन के बाद विद्यालय फिर से नहीं खुल पाई थी। यहां पढ़ने वाले बच्चों के पलायन होने से विद्यालय बंद हो गया था वहीं यहां पदस्थापित शिक्षक राजेश्वर प्रजापति का बच्चों के अभाव में दूसरे विद्यालय में प्रति नियोजित कर दिया गया था। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी को जानकारी मिलने के बाद उन्होंने मुखिया विरेंद्र भगत, वार्ड सदस्य बबलू लोहरा तथा गांव के ग्राम प्रधान सुरगा मुंडा से मिलकर स्कूल को खोलने का प्रस्ताव



रखा। इसी संदर्भ में शनिवार को ग्राम प्रधान सुरगा मुंडा की अध्यक्षता में गांव के अखरा में आम सभा आयोजित की गई। आम सभा के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय को खोलने की प्रक्रिया शुरू किया जाएगा। रोगो गांव के बच्चे जो उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जेजे टोली में नामांकित हैं उनका नामांकन अब वापस राजकीय प्राथमिक विद्यालय रोगो में किया जाएगा। आम सभा की लिखित कार्रवाई के आलोक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी ने विद्यालय खोलने के संदर्भ में अग्रेतर कार्रवाई करने का भरोसा भरोसा दिलाया। वहीं इस पहल को लेकर ग्रामीणों ने खुशी जताई और कहा कि अब विद्यालय को बंद होने नहीं दिया जाएगा। आमसभा के दौरान सीआरपी विकास कुमार गुप्ता, मुखिया विरेंद्र भगत, वार्ड सदस्य बबलू लोहरा तथा गांव के गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखी। अभिभावकों ने कहा कि अब गांव का स्कूल को छोड़कर यहां के बच्चे अन्यत्र पलायन नहीं करेंगे। अभिभावकों ने निर्णय का स्वागत किया।

## विश्व शौचायल दिवस पर छात्रों व जनप्रतिनिधियो ने लगायी दौड़

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में विश्व शौचालय दिवस के मौके पर छात्र-छात्राओं के साथ जनप्रतिनिधियों ने दौड़ लगाया इस मौके पर समसेरा पंचायत में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की अगुवाई में विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर मुखिया समसेरा सुरजन बडाईक एवं जल सहिया रायमुन्नी देवी की अध्यच्छता में ग्राम पंचायत समसेरा में स्वच्छता दौड लगाया गया। इस मौके पर मुखिया सुरजन बड़ाईक ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बडा व्यवहार में परिवर्तन लाना है ।साथ ही लोगों की आर्थिक स्थिति पर्यावरण में सुधार और सामाजिक लाभ और महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान में वृध्दि करना अति आवश्यक होगा । शौचालय होने के बाद भी खुले में शौच करना बन्द करना होगा । कचरा को एक स्थान पर जमा करके उसे जला देना है । सोख्ता गढ्ढा को अपना कर जल स्तर को ऊपर ऊंचा उठाना सबकी जिम्मेदारी है । इस मौके पर पर कहा गया कि लोटा बंदी को अपना कर महिलाऐं सुरक्षित रहें प्लास्टिक बन्दी के तहत प्लास्टिक का उपयोग कम करें एवं प्लास्टिक को उपयोग के बाद उसे जला देना जरूरी है । अपने आस-पास साफ सफाई कर अपने ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखा जा सकता है। स्वच्छ ग्राम स्वस्थ्य ग्राम एवं शिक्षित ग्राम पंचायत का निर्माण कर नव भारत का निर्माण करनी है ।इस मौके पर कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षिकाऐं एवं बच्चिया ने नारा लगाते हुए लोगों को जागरूक किया ।

### पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जयंती पर दी गयी श्रद्धांजलि

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अनूप केसरी की अगुवाई में शनिवार को प्रिंस चौक स्थित पार्टी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के मौके पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर भारी बारिश से उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए सभी लोगों ने श्रद्धांजलि दी मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी अपने प्रधानमंत्री काल में 1971 में बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग किया उनकी बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमें उनके बताए गए मार्ग पर चलकर लोगों के बीच सेवा करने की ताकि उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि मिल सके मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीडी सिंह, प्रदीप केसरी, शांति बाला केरकेट्टा विजय बड़ाईक नोबिता बा ,अरमान खान, कौशल किशोर रोहिल्ला ,अंशुला टोपनो मनीषा खलखो ,विरंजन बाड़ा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### धूमधाम में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

**बानो।** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर केतुङ्गा धाम में शनिवार को जनजातिय गौरव दिवस एवं बिरसा जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोनसोदे पंचायत सीता कुमारी, बानो प्रखंड उप प्रमुख प्रमोद कुमार सिंह, प्रांतीय हरि बनवासी बिकास समिति के निरीक्षक जगमोहन बड़ाईक ,जिला निरीक्षक हीरालाल महतो, अध्यक्ष प्रधानाचार्य महेंद्र देहरी ,भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर जगमोहन बड़ाईक ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर विस्तार प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के महान योद्धा है। उन्होंने ने आजादी की लड़ाई में अहम योगदान दिया। मौके पर विद्यालय भैया बहनों द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर श्याम शिखर सोनी ,बंधनु केरकेट्टा, कुलदीप ओहदार, रेणु गोस्वामी, शकुंतला सिंह ,नारायण सिंह ,सुकरा केरकेट्टा,हीरालाल महतो ,घनश्याम सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### सामाजिक विचार मंच ने विद्युत विभाग के प्रति जताया आभार

**लोहरदगा।** शहर के व्यस्ततम इलाके गुदरी बाजार में 3 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब था, जिसको लेकर कल सामाजिक विचार मंच ने विद्युत विभाग के पदाधिकारियों से शीघ्र ट्रांसफार्मर बदली करने का आग्रह किया था, जिस पर विद्युत विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज ट्रांसफार्मर बदली कर दिया. इसके लिए सामाजिक विचार मंच विद्युत विभाग का आभार प्रकट करती है एवं धन्यवाद देती है कि इसी तरह अविलंब जनता की सेवा करते रहें ताकि जनता को परेशानी ना हो।

## केनरा बैंक के महाप्रबंधक ने रूडसेट संस्थान सिल्ली का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** केनरा बैंक अंचल कार्यालय रांची के महाप्रबंधक हितेश गोयल ने शनिवार को सिल्ली स्थित रुडसेट संस्थान पहुंचे। जहां केनारा बैंक रांची के डिविजनल मैनेजर रामचन्द्र एवं रुडसेट संस्थान के भवेश दास, फैकल्टी एवं कर्मियों ने उनका स्वागत किया। महाप्रबंधक ने धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण विकास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (रुडसेट) निरीक्षण किया जहां उन्होंने संस्थान द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण पश्चात प्रशिक्षुओं द्वारा किए जा रहे स्वरोजगार की जानकारी ली। इस दौरान प्रशिक्षण कक्ष में एक सभा का आयोजन किया गया जहां महाप्रबंधक ने तीन महिलाओं के बीच केनारा बैंक द्वारा प्रदत सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस दौरान संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार से जुड़े महिलाओं द्वारा लगाए गए रुडसेट बाजार का फीता काट



कर उद्घाटन किया। वहीं महिलाओं ने अपने अनुभवों को साझा किया जिससे वे काफी प्रभावित हुए एवं संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना किया। कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं के छउ नृत्य का प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर संस्थान के फैकल्टी अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, दशरथ महतो आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की जयंती, बोले वक्ता

## कई ऐतिहासिक फैसले ली इंदिरा गांधी

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा ।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देश की पूर्व प्रधानमंत्री सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के वरीय नेता नेसार अहमद ने किया। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेस जनों के द्वारा इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इस मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने इंदिरा गांधी के द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि इंदिरा प्रियदर्शनी गांधी को आजाद भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ राजनीति उन्हें विरासत में मिली और बदलते वक्त के साथ एक परिपक्व राजनीतिज्ञ के रूप



में अपने आपको साबित की अदम्य साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति इंदिरा गांधी को लोग आयरन लेडी के नाम से भी जानते हैं। 1974 का दिन भारत के लिए सबसे अहम दिन है इंदिरा गांधी ने स्माइलिंग बुद्धा के नाम से ऑपरेशन जारी किया था वह ऑपरेशन पोखरण में परमाणु परीक्षण करके दुनिया को चौंका दिया था। और भारत परमाणु शक्ति देश की श्रेणी में आ गया उन्होंने पाकिस्तान के दो टुकड़े करके बांग्लादेश को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में आजाद कराने में अपनी राजनीतिक सूझबूझ और दक्षता का परिचय दिया था। ऐसे तो इन्होंने कई ऐतिहासिक फैसले लिए थे जिसमें 1969 को बैंकों का राष्ट्रीयकरण और देश से गरीबी उन्मूलन को लेकर उन्होंने कई कल्याणकारी कदम उठाए थे। उन्हें निर्भीक और निडर राजनेता के रूप में आज पूरी दुनिया याद करती है। मौके पर जगदीप भगत सलीम अंसारी बड़े, हाजी सिकंदर, शाहिद अहमद बेलू, तनवीर गौहर, सत्यदेव भगत, यूनुस अंसारी, जुगल भगत, प्रभात भगत, परवेज सिद्दीकी, शंभू प्रजापति, जफर इमाम, मदन प्रसाद समेत कई अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### एसपी ने जिलाबल के 65 पुलिस कर्मियों को थाना स्तर पर किये स्थानांतरित

# स्थानांतरित पुलिस कर्मियों को 24 घंटे में योगदान देने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में लंबे अरसे के बाद पुलिस कर्मियों को थाना स्तर पर स्थानांतरित किया गया। एसपी सिमडेगा सौरभ के द्वारा शनिवार को बडे पैमाने पर जिला पुलिस बल के अव निरीक्षक और सहायक अवर निरीक्षक स्तर के पुलिस कर्मियों थाना स्तरीय स्थानांतरित किया गया है। जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के सुमन कुमार कोलेबिरा से बोलबा थाना, चन्दन कुमार को बानो से मुफस्सिल थाना, संतोष कुमार को कोलेबिरा से जलडेगा थाना, धीरज उरांव को मुफस्सिल थाना से जलडेगा थाना, प्रदीप खलखो को जलडेगा थाना से बानो थाना, सिल्वेस्टर केरकेट्टा को ठेठईटांगर थाना से कोलेबिरा थाना, अंजन मंडल को जलडेगा थाना से कोलेबिरा थाना, उपेंद्र कुमार यादव को कुरडेग थाना से रेंगारिह थाना, नरेश मरांडी को बानो से कुरडेग थाना, ईमिल हेम्ब्रोम को महिला थाना से केरसई थाना, रूपा पॉल को महिला थाना से सिमडेगा थाना, मंजुश्री कुंकल को सिमडेगा थाना से महिला थाना। वहीं सहायक अवर निरीक्षक स्तर के सत्येन्द्र कुमार सिंह को एसटी एससी से महिला



थाना, रामराज सिंह को बोलबा से सिमडेगा थाना, नंद किशोर झा को कुरडेग से सिमडेगा थाना, छोटु सिंह को केरसई से सिमडेगा थाना, सुजीत कुमार चौधरी को पाकरडांड से सिमडेगा थाना, बिम्लेन्द्र शर्मा को बानो से सिमडेगा थाना, नसीम अख्तर को कोलेबिरा थाना से सिमडेगा थाना, बीरेन्द्र कुमार चौधरी को गिरदा ओपी से सिमडेगा थाना, चंद्रदेव सिंह को बांसजोर ओपी से सिमडेगा थाना, कौशल कुमार मिश्रा को कुरडेग से ठेठईटांगर थाना, नागेश्वर सिंह को मुफस्सिल से ठेठईटांगर थाना, बंधन उरांव को सिमडेगा से ठेठईटांगर थाना, रूपकमल लकडा को बानो से ठेठईटांगर थाना, अनिल कुमार को मुफस्सिल से बांसजोर ओपी, नवल किशोर शर्मा को रेंगारिह से बांसजोर ओपी, अवधेश प्रसाद को ठेठईटांगर से केरसई थाना, रविन्द्र कुमार पांडेय को जलडेगा से केरसई थाना, राजकुमार सिंह को अहातु से केरसई थाना, शंकर सिंह को सिमडेगा से कुरडेग थाना, रंजीत कुमार सिंह को अहातु से कुरडेग थाना, राजदेव प्रसाद को ओडगा से कुरडेग थाना, दुर्योधन उरांव को महाबुआँग से कुरडेग थाना, मुरारीधर प्रधान को बानो से रेंगारिह थाना, अरविंद कुमार को ओडगा से रेंगारिह थाना, विजेंद्र कुमार को पुलिस केन्द्र से पाकरडांड थाना, कौशल किशोर सिंह को ठेठईटांगर से कोलेबिरा थाना, रामवचन सिंह को सिमडेगा से कोलेबिरा थाना, हरेन्द्र प्रसाद को बोलबा से कोलेबिरा थाना, जितेन्द्र कुमार सिंह को कुरडेग से कोलेबिरा थाना, विद्यानंद महतो को ओडगा से कोलेबिरा थाना, सत्यनारायण कुमार को सिमडेगा थाना से बानो थाना, अजय कुमार सिंह को बोलबा से बानो थाना, देवनाथ सिंह को ठेठईटांगर से महाबुआँग थाना, प्रमोद कुमार को सिमडेगा थाना से ओडगा ओपी, मिंजु साहु को मुफस्सिल से गिरदा ओपी, मनोज कुमार दुबे को ठेठईटांगर से गिरदा ओपी, अक्षयवर राम को सिमडेगा थाना से जलडेगा थाना, शिवचरण उरांव को कोलेबिरा से जलडेगा थाना, योगेन्द्र शर्मा को पुलिस केन्द्र से सिमडेगा थाना, अनिरुद्ध सिंह को महाबुआँग से महिला थाना, अखिलेश कुमार को केरसई से अहातु थाना, राजीव कुमार को कोलेबिरा से अहातु थाना, अमूल तिर्की को जलडेगा से एससी एसटी थाना, विनोद कुमार को बोलबा से मुफस्सिल थाना, विजय प्रसाद सिंह को कुरडेग से मुफस्सिल थाना, भोला प्रसाद सिंह को रेंगारिह से बोलबा थाना, सुनील टोप्पो को जलडेगा से बोलबा थाना, जितेन्द्र कुमार सिंह को सिमडेगा थाना से बोलबा थाना, ब्रहमदेव प्रसाद यादव को जलडेगा से कोर्ट हाजत, विकास कुमार सिंह को महिला से कोर्ट हाजत, शशिभूषण सिंह को कोलेबिरा से पुलिस केन्द्र, महेंद्र राय को पुलिस केन्द्र से महाबुआँग थाना और सर्वेश्वर सिंह को कोर्ट हाजत से पुलिस केन्द्र स्थानांतरित किया गया है। एसपी ने सभी स्थानांतरित पुलिस कर्मियों को 24 घंटे में योगदान देने के निर्देश दिए हैं।

## न्यूज गैलरी

### तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष ने वित्तमंत्री से की मुलाकात



**बरही।** विधानसभा के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से रांची में उनके आवास पर मुलाकात किया। उन्होंने वित्त मंत्री के समक्ष प्रधानमंत्री आवास, शिक्षा, सिंचाई, कृषि, बेरोजगारी, सड़क आदि जैसे विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा किया। केंद्रीय अध्यक्ष की बातों को गंभीरता से सुनते हुए वित मंत्री ने हर संभव समाधान का आश्वासन दिया। वित्त मंत्री ने तिलेश्वर साहू सेना के कार्यों की प्रशंसा करते हुए जनता के लिए समर्पित भावना से करने के लिए केंद्रीय अध्यक्ष श्री साहू का मनोबल भी बढ़ाया। सेनाध्यक्ष के साथ वित मंत्री से मिलने वालो में सेना के प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, गौरियाकरमा पंचायत अध्यक्ष राजू मेहता और जन विकास समाज सेवा परिषद् के जनरल सेक्रेटरी विनय कुमार पासवान शामिल थे।

### मुखिया ने प्रज्ञा केंद्र का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के शिलाड़ीह में प्रज्ञा केंद्र और आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन मुखिया निजाम अंसारी और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में प्रज्ञा केंद्र के संचालक संजय लामा ने कहा कि प्रज्ञा केंद्र में जमीन ऑनलाइन, आय, जाति प्रमाण पत्र, फॉर्म भरने से संबंधित सभी प्रकार का ऑनलाइन कार्य किया जाएंगा। मुखिया निजाम अंसारी ने कहा कि अभी के दौर में अधिकतर कार्य डिजिटल सेवा से होती है। फार्म आदि का ऑनलाइन करवाना आवश्यक है, जो अब अपने पंचायत शिलाडीह में ही किया जाएगा। लोगों को ब्लॉक आने जाने की समस्या से निजात मिलेगी। वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरि ने कहा शिलाड़ीह में प्रज्ञा केंद्र खुलने से गरीब लोगों को काफी सहूलियत होगी। हर प्रकार का कार्य अब आपके पंचायत में ही होगा। कार्यक्रम में मुख्य रुप से दाऊद अंसारी ,चंदन कुमार सिंह, भोलाराम, अशरफ अंसारी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### चोरिया में बन रहा भव्य हनुमान मंदिर

**दारू।** दारू प्रखंड के कबिलासी पंचायत के चोरिया गांव में एक भी मंदिर नहीं था। ग्रामीणों ने एक बैठक कर हनुमान मंदिर बनाने का निर्णय लिया। एक भव्य और विशाल मंदिर निर्माण करने का संकल्प लिया है। अभिषेक सिंह ऊर्फ बबल सिंह ने मंदिर निर्माण करने का निर्णय लिया। बबल सिंह के सहयोग और देखरेख में मंदिर का निर्माण शुरू की गई। चोरिया में एक लाख की लागत से भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसे रामनवमी तक पूरा करने का लक्ष्य है। इस मंदिर निर्माण से गांव और आसपास के ग्रामीण बजरंगबली का दर्शन कर सकेंगे। मंदिर निर्माण से गांव में खुशी का माहौल है।

### गोरहर पुलिस ने धनबाद में चिपकाया वारंटी के घर इश्तेहार



**बरकट्ठा।** गोरहर पुलिस ने धनबाद में वारंटी के घर इश्तेहार चिपकाया है। गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साह ने बताया कि गोरहर थाना कांड संख्या 38/19 का आरोपी धनबाद जिले अंतगर्त साकिन रामनगर कलोनी, बेकार बंध निवासी तस्लीम उर्फ किशन खान का आरोपी तीन वर्षों से फरार है। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी के घर इस्तेहार चिपकाया गया है।

### ट्रक की चपेट में आने से गाय और उसके बच्चे की दर्दनाक मौत, कांप उठे प्रत्यक्षदर्शी

**बरही।** आए दिन बरही चौक पर मुखबधीर पशुओं की जान जाते देखने को मिला है। इस दिशा में न तो गाय मालिक और न ही गौ सेवा समिति गंभीर है। प्रशासन की तो बात ही निराली है। बरही चौक पर प्राय: खुल्लेआम मवेशियों को विचरण करते देखा जा सकता है, शाम के समय तो पशुओं की संख्या दर्जनों में देखी जा सकती है। जिससे आए दिन वाहनों की टक्कर से पशु घायल होते है या दुर्घटनाएं होती है। ऐसा ही मामला शनिवार की संध्या देखने को मिला। प्रत्यक्षदर्शीओ ने बताया कि एक गर्भवती गाय ट्रक के चक्का के नीचे अचानक आ गई। गाड़ी धीरे थी, परंतु ट्रक चालक लापरवाह था। लोगों के शोर करने के बाबजूद भी वह अपनी गाड़ी चलाने में मगन था। नतीजा गाय चक्का से घसीटते हुए दूर तक चली गई, जिससे गाय की तो मृत्यु हो गई और गर्भ से बच्चा बाहर आ गया। जिसे स्थानीय लोगो के द्वारा सड़क किनारे किया गया, परंतु कुछ ही देर बाद बच्चे की भी मौत हो गई। यह घटना देखकर लोगो का रूह कांप उठा और लापरवाह ट्रक चालक की जमकर धुनाई कर दी।

### रैयतों की बात नहीं सुन रहे हैं एआरबी, नाखुश रैयतों ने की बैठक



**बरही।** एनएच टू के द्वारा तिलैया रोड के अधिग्रहित जमीन के मुआवजे की राशि से नाखुश रैयत विभाग के खिलाफ गोलबंद हो रहे है। शनिवार को बैठक कर रैयतों ने विभाग के द्वारा प्रतिनियुक्त पंच के क्रियाकलापो पर असंतुष्टि जाहिर किया। इन लोगो का आरोप था की पंच के द्वारा भी रैयतों की बात नही सुनी जा रही है। ऐसे में नाराज रैयतों ने सोमवार को एसडीओ से मुलाकात कर उपायुक्त के नाम ज्ञापन देने की बात कही गई। रैयतों का कहना था कि उपायुक्त स्थल निरीक्षण कर रैयतों की बात स्वयं सुने और उचित मुआवजा दिलाए। बैठक का आयोजन मनोज केसरी के आवास पर परमेश्वर प्रसाद केसरी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे विहिप नेता गुरुदेव गुप्ता, उमेश कुमार, प्रदीप पंडित, शिवकुमार, सुरेंद्र कुमार, सुदेश साव, सुरेश साव, मोती साव सहित कई लोग उपस्थित थे।

---

### फोटो मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा-

# बीडीओ, सीओ बैठक आयोजित कर नियमित रूप से सुपरवाइजर व बीएलओ के कार्यों की करें समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में फोटो मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य 2023 की विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों के बीच फॉर्म 6,7,8 एवं वोटर हेल्पलाइन एप्प आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन की भूमिका सबसे अहम है जितनी स्वच्छ हमारी मतदाता सूची होगी हम निर्वाचन को उतनी ही पारदर्शिता के कराने में सक्षम हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा समय-समय पर कैंप के माध्यम से नाम




सुधार, नाम हटाना, पता बदलवाना एवं नाम जोड़ना जैसी प्रक्रियाएं की जाती हैं। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐप भी लांच किया गया है जिसके माध्यम से भी आप कई प्रक्रियाएं ऑनलाइन कर सकते हैं। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 की सफलता के संदर्भ में समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा अभियान सफल एवं प्रभावी हो इसके लिए सभी प्रखंडों के अंचल अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में चल रहे अभियान एवं बीएलओ व सुपरवाइजर की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी बैठक आयोजित कर नियमित रूप से सुपरवाइजर एवं बीएलओ के कार्यों का समीक्षा करें। बूथ स्तर पर संचालित इस अभियान का दैनिक एवं सप्ताहिक प्रतिवेदन भेजें। उन्होंने कहा कई सारे बूथों में आवेदन प्राप्त करने की स्थिति बहुत ही खराब है, सुपरवाइजर बीएलओ के कार्यों की मॉनिटरिंग कर बीएलओ को मोबिलाइज करें उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर दैनिक रिपोर्ट मंगाए। अपेक्षित परिणाम नहीं देने वाले बीएलओ की पहचान कर उन्हें मोटिवेट करने अथवा कारवाई करने को कहा। आम लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाएं पोस्टर बैनर को डिस्प्ले करें। नगर निगम क्षेत्र में अभियान की स्थिति में सुधार करने का विशेष निर्देश उपायुक्त ने दिया। समाज कल्याण पदाधिकारी को बीएलओ सह आंगनबाड़ी सेविका, साहियाओं को विशेष निर्देश देने को कहा।

#### ज़िले भर के सभी बूथों में विशेष कैंप

**1 जनवरी 2023** को अहर्ता तिथि मानकर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम पूरे जिले भर में आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत 19 एवं 20 नवंबर को विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया है। विशेष अभियान दिवस के दिन बीएलओ सभी मतदान केंद्रों में अपने अपने क्षेत्र के नये मतदाताओं को जोड़ने, मतदाता सूची की त्रुटियों को सुधार करने आदि के संबंध में योग्य मतदाताओं से आवेदन लिए जा रहे हैं। अभियान के दौरान नया मतदाता बनने के लिए फॉर्म 6, मतदाता सूची में त्रुटि सुधार हेतु फॉर्म 6,7,8 में आवेदन बीएलओ के पास दिया जा सकता है। निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करा रहा है जिसके तहत आम आदमी मोबाइल पर VoterHelpline एप अथवा www.nvsp.in अथवा Voterportal.eci.gov.in पर ऑनलाइन माध्यम से सेवा प्राप्त करने की सुविधा दी गई है। चुनाव आयोग मतदाता सूची में डुप्लीकेसी रोकने एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए मतदाताओं के आधार कार्ड को जोड़ने का भी कार्य अभियान के दौरान किया जा रहा है। द्वितीय चरण अभियान के प्रथम दिन सभी प्रखंडों के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर लोगों को प्रोत्साहित करने का काम कर रहे हैं।

### नगर निकाय चुनाव चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा भी घोषित

**कोडरमा।** नगर निकाय चुनाव में विभिन्न पदों के उम्मीदवार एक लाख रुपये से लेकर 25 लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम, नगर परिषद तथा नगर पंचायत के महापौर या अध्यक्ष तथा वार्ड पार्षद या सदस्य के उम्मीदवारों द्वारा खर्च की अधिकतम सीमा तय कर दी है। खर्च की अधिकतम सीमा आबादी के अनुसार तय की गई है। इससे पहले आयोग ने वर्ष 2018 में खर्च की सीमा तय की थी। आयोग ने चुनाव खर्च को लेकर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि चुनाव परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर सभी उम्मीदवारों द्वारा चुनाव खर्च का पूरा ब्यौरा निर्धारित पदाधिकारी के समक्ष जमा किया जाना अनिवार्य होगा। निर्धारित दिशा-निर्देश के तहत चुनाव खर्च का ब्यौरा नहीं देनेवाले उम्मीदवारों को तीन वर्ष के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य करार किया जा सकता है।

---

#### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

## खेल व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है : हरजाप सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 19 नवंबर 2022 को इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मैच चार सदनों के खिलाड़ियों के बीच खेले गये। इंटरमीडिएट ग्रुप (6 से 8) और सीनियर ग्रुप (9 से 12) के साहिबजादा. अजीत सिंह हाउस, साहिबजादा. जुझार सिंह हाउस, साहिबजादा. जोरावर सिंह हाउस और साहिबजादा.फतेह सिंह हाउस। इंटर के ग्रुप में अजीत सिंह हाउस (लड़कियों की टीम) और एस. जुझार सिंह हाउस (लड़कों की टीम) ने फाइनल में जीत हासिल की। साहिबजादा अजीत सिंह हाउस (लड़कों की टीम) और फिर साहिबजादा अजीत सिंह हाउस (लड़कियों की टीम) ने सीनियर ग्रुप में फाइनल जीता। सभी टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन करके अपनी योग्यता साबित की। छात्रों ने उत्सुकता के साथ भाग लिया और पूरा खेल जमकर खेला। यह खेल ,खेल की भावना का एक आकर्षक प्रदर्शन था। यह न केवल विद्यालय के लिए बल्कि देश के लिए भी जरूरी है कि बच्चे इसी तरह खेलें । खेल के दौरान सभी कमेटी सदस्यगण मौजूद थे। प्रतियोगिता में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चेयरमैन सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता के दौरान सभी सदन के बच्चों ने ताली बजाकर खेल के प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। खेल में उत्साह बढ़ाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने खेल के महत्व को बताते हुए कहा कि खेल व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है। खेल से मानसिक एवं शारीरिक स्फूर्ति बनी रहती है।

- प्रतियोगिता में चार सदन के खिलाड़ियों ने लिया भाग
- उपस्थित लोगों ने प्रतिभागियों की खेल भावना की जमकर की प्रशंसा

### केयर अस्पताल में इलाज में लापरवाही, बच्चे की मौत के बाद तोड़फोड़

**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया बाईपास रोड स्थित केयर हॉस्पिटल में एक बच्चे के इलाज के दौरान हुई मौत के बाद अस्पताल में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। इस दौरान अस्पताल के चिकित्सक और कर्मी वहां से नदारद हो गए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह चंदवारा के स्वर्गीय संजय यादव के 3 वर्षीय पुत्र आदित्य को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद आदित्य की स्थिति में सुधार भी हुआ परंतु शाम को लगभग 5 बजे बच्चे के परिजनों को बताया गया कि उसकी मौत हो गई। अचानक खबर को सुनने के बाद परिजन हताश हो गए वहीं सूचना पाकर ग्रामीण भी आक्रोशित हो गए। इस दौरान अस्पताल में थोड़ी तोड़फोड़ भी की गई। परिजनों का आरोप है कि बच्चे के इलाज में लापरवाही बरती गई। उक्त बच्चा एकलौता सन्तान था, जिसके पिता की मौत लगभग दो साल पहले हो चुकी है। इधर झुमरीतिलैया और चंदवारा के कुछ नामचीन लोग मामले में हस्तक्षेप कर समझौता कराने के प्रयास में लगे रहे।

#### ' जागो मतदाता जागो' आज लगेगा विशेष मतदाता पुनरीक्षण शिविर

## पांच जनवरी 2023 को अंतिम रूप से प्रकाशित हों जायेंगे मतदाता सूची



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** 9 नवंबर से 8 दिसंबर तक संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मतदाताओं के नाम, उम्र, बूथ में सुधार आदि के कार्य किए जा रहे है। इसके साथ ही 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्तूबर 2023 की अहर्तातिथि को मतदाता बनने के योग्यताधारी नागरिकों का नया मतदाता पहचान पत्र बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ है । बीडीओ सी आर इंदिवर ने बताया कि मतदाता सूची में नया नामांकन हेतु छः रंगीन पासपोर्ट फोटो, आयु एवं निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति के साथ प्रपत्र 6, प्रवासी भारतीयों के लिए प्रपत्र 6(क), नाम हटाने के लिए प्रपत्र 7, नाम में सुधार या विधानसभा के अंदर मतदान केंद्र स्थानांतरण हेतु प्रपत्र 8 भरकर संबंधित क्षेत्र के बीएलओ, एईआरओ या ईआरओ के कार्यालय में जमा कर सकते है अथवा आयोग के वेबसाईट www.nsvp.in पर भेज स्वयं भेज सकते है। आगामी 5 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### कम पड़ रहे हैं कंबल, कई निर्धन ठंढ में ठिठुरने के लिए मजबूर, बीडीओ से अधिक कंबल उपलब्ध करवाने की मांग

**बरही।** झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कंबल वितरण का कार्य जारी है। परंतु कंबलों की संख्या अपेक्षाकृत कम होने के कारण कई निर्धन ठंड में ठिठुरने के लिए मजबूर है। सबसे बड़ी परेशानी जनप्रतिनिधियों की है जो कंबल वितरण में उहापोह में है। उन्हे एक तरफा सरकार का आदेश का पालन करना है तो दूसरी ओर अपने मतदाताओं को कंबल नहीं देने का दर्द भी है। कंबल किसे दे या किसे नही दे यह सबसे बड़ी मुसीबत है। शनिवार को बरही पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर तीन में कंबल वितरण के क्रम में वार्ड सदस्या सिंकी देवी के पति अमित सोनी ने बताया कि उनके वार्ड में मात्र सात कंबल मिले है, जिसे वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि अभी भी कई लोग इसके हकदार है। ऐसे में कंबल वितरण करना आपसी मतभेद की स्थिति पैदा कर रहा है। बीडीओ से असहायों की स्थिति को देखते हुए और अधिक कंबल अतिशीघ्र उपलब्ध करवाने की मांग की है। यही स्थिति वार्ड एक की है जहां मुखिया के द्वारा प्रखंड प्रदत मात्र सात कंबल उपलब्ध करवाए गए है।

---

## मुंबई में बिरसा मुंडा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित होंगे सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** मुंबई में प्रवासियों के हित में कार्यक्रम संस्था झारखंडी एकता संघ द्वारा आयोजित झारखंड दिवस-2022 समारोह में बिरसा मुंडा रत्न अवार्ड से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी रविवार को सम्मानित होंगे। देश में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले कुल 14 रत्नों का चयन इस अवॉर्ड के लिए संस्था द्वारा किया गया है जिसमें 31 वर्षीय युवा रंजन चौधरी का चयन किया गया है । युवा रंजन चौधरी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। हजारीबाग में समाजसेवा के क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान है। विधायक मनीष जायसवाल के साथ रहकर जहां सिद्दत से अपने कामों को करते हैं वहीं आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के मदद को 24 घंटे सातों दिन निर्बाध रूप से सेवा रहते हैं।



कनकनाती ठंड हो, झमाझम बारिश हो रही हो, प्रचंड धूप हो या तेज आंधी-तूफान, सुबह हो या शाम या हो आधी रात जरूरतमंद मरीजों या उनके परिजनों के एक कॉल पर उनके मदद को कूद पड़ते हैं। कोई सड़क दुर्घटना की सूचना मिले या किसी को आपातकालीन स्थिति में खून की जरूरत पड़े हर परिस्थिति में वे हरसंभव मदद को तैयार रहते हैं। वैश्विक महामारी कोरोना काल के दौरान भी इन्होंने विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए भी जन-जरूरतों के लिए अपना पूरा समय खफा दिया। खुद कोरोना संक्रमित होने और अस्पताल में इलाजरत होने के बाबजूद कइयों की जान बचाने में सहयोग पंहुचाया। **रंजन चौधरी मूलत :** बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत सिमुकिया के रहने वाले हैं। वे एक युवा समाजसेवी, युवा पत्रकार, युवा पर्यावरणविद्ध भी हैं। इन्होंने अपनी पढ़ाई हजारीबाग से ही की है। इन्होंने आईएससी और बीएससी (जंतु विज्ञान) अन्नदा कॉलेज से और एमएससी (जंतु विज्ञान) से नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी से की है। साल 2010 से विधायक मनीष जायसवाल के साथ बतौर मीडिया प्रतिनिधि समाज में अपनी सेवा प्रदान कर रहें हैं। इन्होंने कई एनजीओ और अखबारों के साथ जुड़कर पर्यावरण, वाइल्ड लाइफ और लेखन कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

### सड़क हादसे में घायल पैंथर जवान की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना परिसर स्थित आवास में शनिवार को पैंथर जवान रवि पासवान की मौत इलाज के दौरान हो गई। ज्ञात हो कि विगत 24 दिसम्बर 2021 को कोडरमा थाना अंतर्गत रांची पटना मार्ग स्थित कोडरमा घाटी में अज्ञात ट्रक के चपेट में आने से पैंथर जवान रवि गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे कोडरमा सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रांची रेफर कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार पैंथर का जवान रवि पासवान मेदांता हॉस्पिटल में करीब 6 माह इलाजरत था। वहीं वह चिकित्सक के सलाह के बाद कोडरमा थाना परिसर में अपने आवास पर रह रहा था। वह पूरी तरहा स्वस्थ नहीं हो सका था। शनिवार को अचानक उसकी मौत हो गई।

### 23 नवंबर को राज्य सरकार के नीतियों के विरोध में समाहरणालय में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी लगातार राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगा रही है और इस मुद्दे को लेकर पार्टी मुखर है। राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में राज्य भर में 21 से 25 नवंबर तक पार्टी द्वारा समाहरणालय में आक्रोश प्रदर्शन का कार्यक्रम तय किया गया है। रामगढ़ समाहरणालय में आक्रोश प्रदर्शन 23 नवंबर को होना है। जिसको लेकर 19 नवंबर को भाजपा जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला प्रभारी शशिभूषण भगत उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया एवं मंच संचालन महामंत्री रंजन फौजी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन तोकेश सिंह ने दिया। बैठक की शुरूआत पं.दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित मंचासीन पदाधिकारियों ने सभी मंडल एवम मोर्चा के अध्यक्षों से 23 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा किया। इस मौके पर जिला प्रभारी शशिभूषण भगत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा की राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के काल में राज्य में सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है। कहा कि राज्य सरकार लोगों से किये गये वादों को पूरा करने में नाकम रही है। पर राज्य में भ्रष्टाचार काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में विफल साबित हो रही है। कहा कि राज्य में महिलाओं के साथ हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं, पर राज्य सरकार इस ध्यान नही दे रही है। बताया इसी कारण से भाजपा राज्य सरकार के विरूद्ध आक्रोश प्रदर्शन कर रही है। बताया रामगढ़ में यह कार्यक्रम 23 नवंबर को होगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक, अमरेंद्र गुप्ता, चंद्रशेखर चौधरी, डॉ संजय सिंह, वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, आनंद बेदिया, स्नेहलता चौधरी, अखिलेश प्रसाद, मंत्री वासुद तिवारी, संजीव बावला,रमेश वर्मा, दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक, महेंद्र प्रजापति, उमेश प्रसाद, योगेश दांगी, रवि मिश्रा, संजय अग्रवाल, मनोज गिरी, अमिता सोनी, बबलू साव, सन्नी कुशवाहा, सैय्यद किरमानी, गणेश स्वर्णकार, पीएन सिंह, रुदल कुमार, सतीश मोहन मिश्र, शंकर करमाली, महेंद्र सिंह, जितेंद्र साहू, अशोक कुमार, लक्ष्मण साव, सुरेंद्र करमाली, राजेंद्र महतो, जयकिशोर ठाकुर, भीमसेन चौहान, प्रेतनाथ सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# समाहरणालय में चाइल्डलाइन से दोस्ती कार्यक्रम का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन, समर्पण एवं आरजेएसएस के द्वारा जिला समाहरणालय में चाइल्डलाइन से दोस्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त आदित्य रंजन ने किया। मौके पर बच्चों ने उपायुक्त आदित्य रंजन को फ्रेंडशिप बैंड बांधा। उन्होंने कहा कि यहां की संस्थाएं और चाइल्डलाइन बच्चों के हित में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने संस्थाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी पुलिस प्रशासन, अधिकारी बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि बाल श्रम हो, बाल तस्करी हो या बाल विवाह जैसी प्रथा इन सभी पर अंकुश लगाने की जरूरत है। इसके लिए 1098 पर कॉल कर बच्चों की जिंदगी को संवार सकते हैं और बच्चों के सहयोगी बन सकते हैं। समर्पण के सचिव इंद्रमणि साहू ने कहा कि यह कार्यक्रम पिछले 14 नवंबर से प्रारंभ हुआ है।

विभिन्न स्टेकहोल्डर के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के बाद आज जिलाधिकारी के साथ यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। आरजेएसएस के मनोज दांगी ने कहा कि चाइल्ड लाइन की टीम 24 घंटे बच्चों को सहायता पहुंचाने के लिए लगी रहती है।मौके पर बाल संरक्षण पदाधिकारी अर्चना ज्वाला, चाइल्ड लाइन के कोऑर्डिनेटर अभिषेक शर्मा, जितेंद्र सिंह, सब सेंटर के सुनीता कुमारी, टीम लीडर उमेश कुमार, राकेश कुमार, दीपक कुमार, अमरेंद्र कुमार, समर्पण की विमला देवी, नूतन विश्वकर्मा, योगेश कुमार, जय मंगल सहित जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### लोगों की समस्याओं से रुबरु हुए डीसी



**उपायुक्त आदित्य** रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आमजनों की समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना और सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जनता दरबार में जमीन विवाद, पेंशन, राशन व अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये।

### धोबियाटांड़ की प्रियांशु की आत्महत्या बना रहस्य परिजनों ने मकान मालिक पर लगाया आरोप



**बरही।** गौरियाकरमा पंचायत के धोबियाटांड़ निवासी सुरेश राणा की 15 वर्षीया पुत्री प्रियांशु की आत्महत्या एक रहस्य छोड़ गया है। पुलिस मामले को विभिन्न कोणों से देख रही है। मिली जानकारी के अनुसार पिता ने हत्या का आरोप मकान मालिक अजय कुमार गुप्ता पर लगाया गया है। जो पिछले कुछ दिनों से घर खाली करने के लिए दबाव बना रहे थे। रक्षाबंधन के समय भी घर जाने को लेकर विवाद हुआ था। दो महीने के अंदर मकान खाली करने को कहा गया था। परंतु किसी कारण बस मकान खाली नहीं हो सका। जिसे फिर से दबाव बनाया जा रहा था, आत्महत्या का मुख्य कारण यही है। बहरहाल पुलिस मामले को दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। युवती 12वीं कक्षा की छात्र थी जो पिछले दो वर्षो से नैंसी लॉज में रहकर पढ़ाई कर रही थी।

## न्यूज गैलरी

### बानो और टेटईटांगर में नेहरू युवा केंद्र ने मनाया कौमी एकता दिवस



**बानो।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा बानो प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बानो और टेटईटांगर प्रखंड में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर कौमी एकता दिवस मनाया गया। बानो में कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की वार्डन जगरानी सुरीन द्वारा इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बानो में सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता और टेटईटांगर में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बानो में कार्यक्रम का आयोजन बानो प्रखंड की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंद्रकांता कुमारी, वहीं टेटईटांगर में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रोशन सुरीन और सरिता लुगुन के द्वारा किया गया। वार्डन ने युवाओं को संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी की जीवन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शकुंतला कुमारी, आभा होरो, प्रदीप कुमार सिंह, थिलुवन्ती कुमारी, महिमा लुगुन और रीना कुमारी उपस्थित रहे।

### पुत्र के लापता होने पर मां ने कराई सनहा दर्ज, कार्रवाई में जुटी पुलिस



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव निवासी स्व भीम लोहरा का पुत्र राजेश लोहरा 9 नवम्बर को लोहरदगा जाने की बात बोल कर सुबह करीब 9:30 बजे घर से निकल जो घर नही लौट तो पुत्र का घर नही लौटने पर मां चिंतित हो अपने स्तर से छानबीन करने लगी तथा परिजनों के सहयोग से सगे संबंधी में पुत्र के बारे में पता लगाया। लेकिन कहीं पता नही चलने पर मां देवन्ती देवी ने 18 नवम्बर को सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए सनहा दर्ज कराते हुए प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि लापता युवक का उम्र लगभग 23 वर्ष लम्बाई 5 फिट रंग सांवला पहनावा सफेद शर्ट कला पैंट पैर में काला जूता तथा भाषा नागपुरी एवं हिंदी बोलता है। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि आवेदन के आलोक पर सेन्हा थाना में एक युवक के लापता होने की सनहा दर्ज कर पुलिस कारवाई में जुट गई है। साथ ही उन्होंने अमा लोगो से अपील करते हुए कहा कि किसी सज्जन व्यक्ति को युवक के बारे में कोई सुराग मिलता हो या आस पास दिखाई देने पर स्थानीय थाना को सूचना कर प्रशासन का सहयोग करने की बात कही इसके अलावे प्रशासन युवक के छानबीन में जुट गई है।

### अवगा में मोटरसाइकिल दुर्घटना से युवक हुआ घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के अवगा गांव में एक युवक मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि अवगा गांव के सोनू तुरी किसी काम से अवगा से बोलबा की ओर आ रहा था इसी क्रम में अवगा खरवा टोली के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गढ़े में जा गिरी और सोनू तुरी गंभीर रूप से घायल हो गया ।उसे इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया किन्तु गंभीर रूप घायल होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। इधर सदर अस्पताल में घायल सोनू का इलाज चल रहा है।

### सिम्हातु पंचायत में प्रारंभ हुआ कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा



**बानो।** कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा सिम्हातु पंचायत के जितुटोली रुगडीटोली से आरम्भ हुई एवं जामटोली-गटीबांदू सिमाना में सभा मे बदल गई। प्रखंड अध्यक्ष अजीत कन्डुलना की अगुवाई में भारत जोड़ो यात्रा के कार्यक्रम के तहत पदयात्रा का आयोजन किया गया। मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि इस समय राहुल गांधी देश के विभिन्न भागों का दौरा कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा का मकसद है लोगोंके बीच आपसी भाईचारा बढ़ाना, मंहगाई को कम करना, आदि विषयो को लेकर कोंग्रेस पार्टी पद यात्रा कर रही हैं। कार्यकर्ता न भटके, लोगों के बहकावे में न आएं। कार्यक्रम में हेलेन होरो की भूमिका विशेष रही, मौके पर अगाथा कुल्लू, बिबियाना बागे, संजीव केथवार,जेवियर तोपनो आदि लोगो ने भाग लिया।

### तेली समाज कार्यसमिति भंगकर जल्द होगा चुनाव : कैलाश साहू

**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज कि बैठक जिला अध्यक्ष कैलाश साहू कि अध्यक्षता में तेली धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष जिला अध्यक्ष कैलाश साहू ने वर्तमान कार्यसमिति को भंग करने का घोषणा किए। अगली बैठक 11 दिसम्बर 2022 दिन रविवार को तेली धर्मशाला में समय अपराह्न 1 बजे से आहुत किया जाएगा जिसमें विचार विमर्श कर नए कार्यसमिति का चुनाव कराने हेतु कोर कमिटि गठन किया जाएगा, जिनके नेतृत्व में चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। अगली बैठक 11 दिसम्बर 2022 दिन रविवार को तेली धर्मशाला में समय अपराह्न 1 बजे से आहुत किया गया है। उक्त बैठक में समाज के वरिष्ठ, सभी पदाधिकारी, युवा एवं महिला मोर्चा के लोगों से अपील किया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हो।


### माध्यमिक वार्षिक परीक्षा व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों के निर्धारण संबंधी बैठक आयोजित



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में माध्यमिक वार्षिक परीक्षा और इंटरमीडिएट, परीक्षा-2023 के लिए लोहरदगा जिला में परीक्षा केंद्रों के निर्धारण संबंधी बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में माध्यमिक परीक्षा-2023 के लिए 17 केंद्र और इंटरमीडिएट की परीक्षा के परीक्षा के लिए 11 परीक्षा केंद्र निर्धारित किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हुई और सहमति बनी। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बिजली कटते ही अंधकारमय हो जाता है कस्तूरबा गांधी विद्यालय

## वार्डन और प्रबंधन समिति की लापरवाही के कारण मोमबत्ती के सहारे पढ़ने को मजबूर हैं बच्चे



नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन और विद्यालय प्रबंधन समिति की लापरवाही के कारण आवासीय विद्यालय में आज भी वैकल्पिक बिजली की व्यवस्था नहीं हो पाई। जिम्मेदारों की लापरवाही का नतीजा आज स्कूल की छात्राओं को झेलना पड़ रहा है। महीनो पहले अभिभावकों की शिकायत पर स्कूल में बिजली की समस्या को अखबार में प्रकाशित कर जिम्मेदारों की नजरें इनायत की गई थी। लेकिन सब धरा का धरा रह गया। आज तक स्कूल में बिजली की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही की गई। अभिभावक बैठक के दौरान छात्रवास में रहने वाली कुछ लड़कियों ने अपने माता पिता को यह जानकारी दी थी की बिजली कटने पर यहां पूरा अंधेरा में रहना पड़ता है, रात के समय अंधेरे में अकेले बाथरूम जाना में डर का सामना करना पड़ता है। यही नहीं बिजली कटने से बच्चे पढ़ भी नही पाते हैं। अभिभावकों के द्वारा समस्या को प्रबंधन समिति की बैठक में भी रखा गया लेकिन समिति ने इस पर न ही कोई रुचि दिखाई न ही वार्डन ने इसकी जिम्मेदारी ली। जिसके बाद माता पिता बाजार से टॉर्च और स्टडी लैंप खरीदकर अपने बच्चों को दिया है।

### विद्यालय में लगे सीसीटीवी बेकार, अंधेरे का फायदा उठाकर कोई भी घुस सकता है स्कूल

रात में बिजली कटने के बाद विद्यालय में लगे सीसीटीवी सब बेकार हो जाते हैं, चारों तरफ अंधेरा ही अंधेरा छा जा जाता है, यहां बिजली जाने पर कोई भी स्कूल की चारदीवारी फांद कर आसानी से अंदर घुस सकता है। शिक्षिकाओं के कमरों में लाइट की रोशनी तो दिखाई पड़ती है लेकिन बच्चों के कमरे अंधेरा रहता है।

### बिजली की समस्या को लेकर वार्डन ने अभी तक किसी भी अधिकारी को नही दिया लिखित आवेदन

ये बात सच है की अगर अपना काम बन रहा है तो बाकी और लोगों की सोचने की कोई आवश्यकता ही नहीं है। ठीक यही हाल कस्तूरबा की वार्डन सीमा लकड़ा का है, इसे पहले जब वार्डन से खबर लिखने से पहले बात की गई थी तो उन्हों कहा था की जल्द ही इसपर वरीय अधिकारियों को चिट्ठी लिखकर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहेंगे, लेकिन आज फिर जब हमने वार्डन सीमा लकड़ा से बात की तो उन्होंने कहा की अभी तक उन्हीं किसी भी अधिकारी को बिजली की समस्या को लेकर लिखित आवेदन नही दिया है। इससे यह समझा जा सकता है की स्कूल में लाइट रहे या ना रहे इससे विद्यालय की वार्डन और प्रबंधन समिति को कोई मतलब नहीं।

## इमरजेंसी केयर संस्था ने लगाया नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर, 200 से ज्यादा लोगों ने उठाया लाभ

# कैंसर स्क्रीनिंग वैन की व्यवस्था समाज के लिए एक बेहतर कदम : सुदर्शन भगत

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के अग्रसेन भवन में इमरजेंसी केयर संस्था के तत्वावधान में निःशुल्क कैंसर जांच शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत और इमरजेंसी केयर के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जय श्री राम समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन ने सांसद को गीता भेंट कर उनका स्वागत किया। जांच शिविर में जिले के विभिन्न गांव से आए 200 लोगों ने अपना निबंधन कराया। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि इमरजेंसी केयर संस्था जिले में मेडिकल और ब्लड डोनेशन कैंप को लेकर लगातार कार्य कर रही है। कैंसर जैसे असाध्य रोग की जांच के लिए कैंसर स्क्रीनिंग वैन की व्यवस्था समाज के लिए एक बेहतर कदम है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी केयर संस्था के हर सामाजिक कार्य पर मैं उनके साथ हूं। मेरी जहाँ तक जरूरी होगी मैं हमेशा खड़ा हूं। संस्था के उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने कहा की अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा यह कार्यक्रम जब से चालू किया गया है, तभी से वह प्रयासरत थे कि लोहरदगा में भी इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश उनकी माता का स्वर्गवास कैंसर के कारण ही हुआ था। इसलिए उन्हें पता है की इस बीमारी के फैलने से पहले ही सही समय पर जांच हो जाए तो लोगों की जान बच सकती है। मौके पर डॉ. कुमुद अग्रवाल, डॉ. राजेश कुमार, संस्था के अध्यक्ष विक्रम चौहान, संस्था के उपाध्यक्ष, जयप्रकाश शर्मा, सचिव देशराज गोयल, उपाध्यक्ष अमित वर्मा, उपाध्यक्ष पारस साहू, एचआर हेड और कार्यक्रम समन्वयक सजल कुमार, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सोमनाथ दत्ता, कौशिक दास, गोकुल कुमार, सुधांशु कुमार, निखिल कुमार, संदीप पोद्दार। गोकुल मित्तल, नीलेश गुप्ता, सनराइज हॉस्पिटल के विकास अग्रवाल, एसआरएल डायग्नोसिस के सोमनाथ दत्ता, पशुपतिनाथ पारस, सूरज चौरसिया, अभिषेक पाठक, राजीव रंजन, दीपक सर्राफ, पंकज महतो, मनीष राजगढ़िया, कौशल मित्तल, आशीष गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।





## एनएच सड़क निर्माण का हाल बेहाल, दुकानदारों के साथ राहगीर भी धूल फांकने को विवश

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा/लोहरदगा।** प्रखंड स्थित नवनिर्माण में लगी एनएच घाघरा से कुडू मार्ग इन दिनों दुकानदारों के साथ राहगीरों पर भी धूल फाकने के लिये मजबूर करते नजर आ रहे हैं। ज्ञात हो कि इन दिनों सड़क का निर्माण मुख्यालय समीप कराया जा रहा है जिसपर पानी का छिड़काव नहीं होने के कारण गाड़ी का आवागमन से अत्यधिक मात्रा में डस्ट उड़ने से राहगीर तो परेशान है ही दुकानदार भी डस्ट का श्रवण करने से वंचित नहीं हो रहे हैं। सड़क पर लगभग प्रसासन के लोग हमेशा आना जाना कर रहें हैं लेकिन इसपर नजर तो आ रहा है लेकिन मौन धारण किये हुए हैं। दुकानदार ग्रिसलाल साहू, राजेश साहू, आशुतोष महतो, आकाश कुमार, कमेश महतो, मंगल कुजूर, आंगन महतो, टिंकू इत्यादि का कहना है कि हम दुकानदार मजबूर हैं मौखिक बोल के थक गए हैं। इसपर ठेकेदार के अलावे प्रसासन को ध्यान देना चाहिये अगर यही स्थिति रही तो हमलोगों को भयावह विमारी से कोई नही रोक सकता है।



### ठेकेदार का पोल खुलते नाली का निर्माण में

**सेन्हा/लोहरदगा।** एनएच 143 का निर्माण कर रही बीकेएस कंपनी के द्वारा सड़क एवम नाली का निर्माण में गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग रहा है। जानकारी के अनुसार संत मार्क्स स्कूल जाने वाला सड़क पर नाली निर्माण कुछ दिनों पूर्व कराया गया था। जिसपर स्कूल का गाड़ी पार होने पर नाली का ऊपरी हिस्सा धस गया है। इससे ग्रामीणों के द्वारा तरह तरह कार्यो पर सवाल खड़ा कर रहे हैं।

## राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर भाजपा का जन आक्रोश रैली 23 को

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान आगामी 23 नवंबर 2022 को वर्तमान झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार एवं राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर जन आक्रोश रैली के माध्यम से लोहरदगा जिला समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा इस पदाधिकारी की बैठक में उपस्थित सभी नेतृत्वकर्ता भारतीय जनता पार्टी के रीढ़ है। पिछले दिनों हर प्रखंड मुख्यालय में आप लोगों ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ सफलतापूर्वक जन आक्रोश रैली निकाली आगामी 23 नवंबर को लोहरदगा जिला मुख्यालय में हजारों की संख्या में एकत्रित होकर प्रदर्शन के माध्यम से हेमंत सोरेन सरकार के शासन में भ्रष्टाचार एवं राज में बढ़ती अपराधिक गतिविधियां के खिलाफ जन आक्रोश प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। ऐसी लूटपाट करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का काम जनता करेगी। ओमप्रकाश सिंह ने कहा भाजपा के कार्यकर्ता जन जन तक जन आक्रोश रैली का उद्देश्य बताएं जनता खुद चाहती है कि अब भ्रष्ट सरकार को उखाड़ने के आज किसी भी कार्यालय में बिना भ्रष्टाचार का कोई काम होता नहीं है जिले में अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं भाई का वातावरण व्याप्त है। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में जिस तरह की लूट मची है वह 22 वर्षों में कभी दिखाई नहीं दी है आज हमारे जिले के बालू की लूट जिस तरीके से हुई है आज नदियों में जाने के बाद बालू खोज कर निकालना पड़ रहा है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हर्ष नाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू ,सूरज मोहन साहू, राजकुमार वर्मा, समेला भगत, मीना बाखला, भारती सिन्हा, अनिल उरांव, मनीष शिखर, जितेंद्र महतो,नासिर अंसारी, अमित लोहरा, दिलीप लकड़ा, अमरेश भारती आदि उपस्थित थे।



## एसडीओ की अगुवाई में आकांक्षी जिला अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

# विद्यालयों में हाइब्रिड शिक्षा से बच्चों को शिक्षित किया जायेगा

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में पुराना डीआरडीए भवन स्थित अभिलाषा कक्ष में आकांक्षी जिला अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुबेर सॉल्यूशन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड रांची की ओर से वर्कशॉप-कम- इंटरेक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा प्रौद्योगिकी में निरंतर प्रगति छात्रों के सीखने, जुड़ने और हर दिन बातचीत करने के तरीके को बदल रही है। एसटीईएम के माध्यम से छात्रों द्वारा विकसित कौशल उन्हें स्कूल और उसके बाहर सफल होने की नींव प्रदान करते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी ने एसएमसी के क्रियान्वयन को दीर्घकालीन नीति पर लागू करने की बात कही। इन्होंने कॅरियर काउंसलिंग क्लब को कंटीन्यूअस डेवलपमेंट क्लब के साथ इंटीग्रेटेड रूप में जोड़कर विकसित करने की बात कही। अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने स्टेट ऑफ द आर्ट स्कूल के उद्देश्य को सफल माना और बताया कि लोहरदगा जिला के ग्रामीण बच्चे बच्चियों की उचित शिक्षा, प्रशिक्षण और दिशा निर्देश प्रदान कर उनका सामाजिक और आर्थिक विकास करना है। स्टेट ऑफ द आर्ट स्कूल का परिचय कराते हुए कुबेर सॉल्यूशन की ओर से अभिषेक वैभव ने बताया कि लोहरदगा के विद्यालयों में आधुनिक शिक्षा पद्धति जैसे एसटीईएम -(साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग मैथमेटिक्स) / एटीएल (अटल टिंकरिंग लैब)/एबीएल (एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग)/ एआईएल (ऑर्ट इटिग्रेडेड लर्निंग) की पढ़ाई नई शिक्षा नीति के तहत करायी जा रही है। इन विद्यालयों में बाला पेंटिंग तथा बाल वाटिका भी करवाई जाएगी। इन विद्यालयों में हाइब्रिड शिक्षा के द्वारा बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मेंटर के रूप में उपस्थित अनिल कुमार ने अभी तक किये गए कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि लोहरदगा जिला आकांक्षी जिलों में सातवें स्थान पर है और हमें इस संदर्भ में अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के तहत लोहरदगा जिला में स्टेट ऑफ आर्ट स्कूल प्रारंभ की गई है। इसमें जिला स्तर पर 07 सरकारी स्कूलों का चयन किया है, जिनमें-राज्यकृत उत्क्रमित प्लस टू हाइ स्कूल बिटपी भंडरा, प्लस टू हाइ स्कूल किस्को, राज्यकृत प्लस नंदलाल हाई स्कूल अरु सेन्हा, प्रोजेक्ट हाई स्कूल मुंगो पेशरार, डॉ अनुग्रह नारायण प्लस टू हाइ स्कूल कैरो, प्लस टू जीएम हाई स्कूल माराडीह कुडू, राज्यकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुजरा 'स्टेट-ऑफ-द-आर्ट स्कूल' ऐसे विद्यालयों को बनाया गया है जिनके अंतर्गत अत्याधुनिक तकनीकों के द्वारा पढ़ाई होगी। कॅरियर काउंसलर के रूप में विकास कुमार ने दसवीं तथा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विशेष रुप से काउंसलिंग की बात कही। गतिविधि आधारित शिक्षा के विशेषज्ञ माने जाने वाले मोहन प्रकाश ने गतिविधि आधारित शिक्षा का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। इन्होंने बताया कि गतिविधि-आधारित शिक्षा इस विचार में निहित है कि बच्चे निष्क्रिय जानकारी प्राप्त करने वालों के बजाय सक्रिय शिक्षार्थी हैं। यदि बच्चों को स्वयं खोज करने का अवसर प्रदान किया जाता है और उन्हें सीखने का एक इष्टतम वातावरण प्रदान किया जाता है, तो सीखना अधिक आनंदमय और लंबे समय तक चलने वाला हो जाता है। कार्यक्रम से संबंधित पदाधिकारियों एवं विभिन्न प्रखंडों में चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों सहित, कुबेर सॉल्यूशन तथा जीत के शिक्षाविदों की समूह जीवंत कुमार अजय श्रीवास्तव, सुभजित पाल शामिल थे।

## काश! अस्पताल चालू होती तो, बच जाती कई लोगों की जान

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में हुई मौत

शकील अहमद

**कैरो / लोहरदगा।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, हादसे में घायल व्यक्ति को कैरो पुलिस के द्वारा अपने वाहन से कुडू स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय उरांव उर्फ लाले तिग्गा पिता स्व मंदरू उरांव के रूप में किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद लगभग एक घंटे तक युवक सड़क पर ही तड़पता रहा। घायल व्यक्ति को अगर समय पर अस्पताल पहुंचाया जाता तो शायद इनकी जान बच सकती थी। सड़क पर आवागमन कर रहे लोगो ने घायल व्यक्ति को देखा लेकिन किसी ने पुलिस को सूचना नही दिया। जबकी सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत को रोकने के लिए सरकार द्वारा आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क दुर्घटना में घायल अनजान व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचा कर जान बचाने वाले लोगों को सरकार अब पांच हजार रुपए इनाम भी देगी,बावजूद घायल व्यक्ति घंटों तक सड़क में पड़ा रहा। क्षेत्र में सड़क दुर्घटना का ये कोई पहला मामला नहीं है,आए दिन सड़क हादसे में किसी की मौत तो कोई घायल हो रहे है। हालांकि इसको रोकने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से कुछ कदम उठाए जाते हैं, जैसे आए दिन वाहन जांच अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाता है लेकिन वह कारगर साबित नहीं होते नही दिख रही है। कैरो प्रखंड से किसी को प्राथमिक उपचार के लिए 14 किमी दूर कुडू या भंडरा ले जाना पड़ता है। हालांकि कैरो में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य पूर्ण होकर 2014 से पड़ी हुई है ।जो खुद अब अपना इलाज खोज रही है ।अस्पताल को चालू कराने के लिए लगातार स्थानीय लोगों ने विधायक,मंत्री से लेकर सांसद तक गुहार लगा चुके हैं परंतु परिणाम वही ढाक के तीन पात। वर्ष 2014 से अस्पताल का भवन बनकर तैयार है। लेकिन आज तक अस्पताल चालू नहीं हुआ। यदि अस्पताल चालू हो जाता तो क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से मुहैया होती। आये दिन दुर्घटना घटते रहती है समय पर ईलाज के अभाव में कई लोगों की जान चली गई है। कई अपंग हो गए है। अगर अस्पताल चालू होती तो शायद एक की जीवन बच जाती।



## भाजपा सिमडेगा ने रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर किया माल्यार्पण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा इकाई के द्वारा नगर अध्यक्ष सत्यनारायण के नेतृत्व में सिमडेगा प्रखंड कार्यालय के समीप बने महारानी लक्ष्मीबाई के प्रतिमा पर उनके जयंती के मौके पर माल्यार्पण किया। बारी-बारी से सभी लोगों ने माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि महारानी लक्ष्मी बाई भारत आजाद कराने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है हमें उनकी जीवनी से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है कि एक महिला होकर अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे और अंग्रेजी हुकूमत उनके आगे घुटने टेक दिए थे उन्होंने हमेशा भारत के स्वाभिमान की रक्षा के लिए लोगों को एकजुट करने का कार्य किया था इसलिए हमें उनके जीवनी से प्रेरणा लेकर आगे भी कार्य करना है जिससे कि समाज का भला हो सके ।जिसमें मुख्य रुप से पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, सावित्री देवी,चन्दन लाल, श्रवण गोवंशी, जीतू, आंकित कुमार, अनिरुद्ध सिंह, महावीर बड़ाईक, फुलसुन्दरी देवी सहित अन्य भाजपाई शामिल रहे।

## न्यूज गैलरी

### निकाय चुनाव में भाग्य आजमाने उतरेंगे जेजेएमजे के कार्यकर्ता

**मेदिनीनगर।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव को लेकर नगर निगमों के महापौर तथा नगर परिषद के अध्यक्ष पदों का आरक्षण तय कर दिया है। इस संबंध में अधिसूचना सरकार की ओर से जारी कर दी गई है। राज्य के 9 नगर निगम , नगर परिषद ,मेयर, महापौर ,अध्यक्ष के पदों को आरक्षित और अनारक्षित कोटे में बांट दिया गया है। अधिसूचना के मुताबिक रांची नगर निगम के मेयर पद को अनुसूचित जाति में शामिल किया गया है । इस बाबत जेजेएमजे ने एक आवश्यक बैठक कर यह निर्णय लिया कि नगर निकाय ,नगर परिषद के चुनाव में जेजेएमजे के कार्यकर्ता भी भाग्य आजमायेंगे। पार्टी ने समर्थित नगर निगम, नगर निकाय चुनाव में अलग से उम्मीदवारों को समर्थित करेगी । ज्ञात हो कि नगर निगम चुनाव पार्टी बेसिस पर नहीं हो रही है । नगर निगम चेयरमैन के लिए पार्टी ने पूर्व आपूर्ति पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद को चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषीत किया है एवं विभा सिंह को भी समर्थित उम्मीदवार बनाया है।

### विद्यार्थियों को ससमय पर नहीं मिल रहा प्रमाणपत्र व माइग्रेशन सर्टिफिकेट

**मेदिनीनगर।** पलामू के नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के पास आउट विद्यार्थियों को मूल प्रमाणपत्र, औपबंधित प्रमाणपत्र और माइग्रेशन सर्टिफिकेट ससमय नहीं मिल पा रहा है। तत्काल जरूरत वाले विद्यार्थियों को अतिरिक्त 200 रुपए का रसीद कटवाकर आवेदन करने पर 20 से 25 दिनों में डिग्री या माइग्रेशन मिल पा रहा है। सामान्य श्रेणी वालों को ढ़ाई से तीन माह में डिग्री व माइग्रेशन सर्टिफिकेट मिल पा रहा है। एनपीयू में विद्यार्थियों को हो रही इस परेशानी के कारण क्षोभ पैदा हो रहा है। परेशान विद्यार्थी लगातार इन परेशानियों को उठा रहे हैं। एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. शिवपूजन प्रसाद सिंह ने कहा कि सर्टिफिकेट निर्गत करने में उनके स्तर से कोई विलंब नहीं हो रहा है। डाटा वेरिफिकेशन आदि करने में थोड़ा देर हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय से छात्रों को डिग्री और माइग्रेशन आदि मिले सके। इसके लिए वे अपने स्तर से लगातार प्रयास कर रहे हैं। विद्यार्थियों से जूड़ी सूचना सत्यापन में लगने वाले समय को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

### मेयर प्रत्याशी ने गुरियाही वार्ड नम्बर 4 का किया दौरा



**मेदिनीनगर।** मेयर प्रत्याशी जुगल किशोर चंद्रवंशी शनिवार को अपने जन समर्थकों के साथ गुरियाही क्षेत्र का दौरा किया। वार्ड का दौरा करने के दौरान उन्होंने जनता से अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। लोगों ने भी उनका साथ देने का दावा किया। मौके पर उपस्थित जुगल किशोर ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि मेदिनीनगर शहर के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी ना हो। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी को साथ लेकर शहर का विकास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि समाज में मानवता की सेवा करना मेरा परम उद्देश्य है जिससे हम कभी पीछे नहीं हटेंगे।

### प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मना

**मेदिनीनगर।** जन विकास ट्रस्ट द्वारा संचालित जेवीटी योगा नेचुरोपैथी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने शुक्रवार को प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया। नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा दिवस कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के बीच प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को बताया गया । प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ सह योगा इंस्ट्रक्टर अजीत कुमार ने कहा कि जीवन शैली को अपने आहार और विचार से परिवर्तन किया जा सकता है।

### पलामू असंगठित संघ ने कमिटी गठित की



**मेदिनीनगर।** पलामू असंगठित सेल की जिला कमेटी प्रदेश अंसगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेश पाण्डे एंव चेयरमैन सह जिला कोर्डिनेटर अनिल सिंह के निदेर्शानुसार गठन किया गया। इस कमेटी मे मुख्य सलाहकार चंद्रशेखर शुक्ला, दिनानाथ तिवारी ,जितेन्द्र कमलापूरी, परवेज अहमद, विक्रम दबे,जीवन सिंह ,एडवोकेट कमलेश सिंह ,विशाल कुमार, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, रंजन पाठक, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह है। कमेटी में उपाध्यक्ष के लिए राजीव रंजन, कुणाल किशोर, आनंद चंदेल, अनुराधा कुमारी ,छोटू चंद्रवंशी, कमलेश कुमार दुबे को शामिल किया गया है। महामंत्री के रूप में साबीर अली, राजू सिंह, नुमान अली, शशांक दुबे , सुधिर शर्मा, शकेश तिवारी को शामिल किया गया है। जबकि सदस्य में चंदन कुमार ,राहुल कुमार अलोक सिंह ,अंशु सिंह भुषण देते शकेश दुबे रंजीत पाठक दिवाकर ,अंकित , अमन वंमा, नितिंश चन्द्राशी आयुष राज , रितीक राज रजत कुमार राहुल कुमार दिवाकर तिवारी ,जितेंद्र कुमार पप्पू चन्द्रवंशी जितेन्द्र ठाकुर पाटन प्रखंड अध्यक्ष शामिल थे।

### कांग्रेस ने इंदिरा गाँधी की जयंती मनाई

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक की अध्यक्षता में शनिवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माला फूल अर्पित करके श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किए। उसके बाद कार्यलय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश की आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए जो कार्य किया है ,वह सराहनीय व अनुकरणीय है। दूर दृष्टि ,पक्का इरादा ,कड़ी मेहनत और अनुशासन के बदौलत उन्होंने अपने शासनकाल में कई उल्लेखनीय कार्य किए । उन्होंने विश्व के मानस पटल पर भारत को लाकर खड़ा कर दिया और विश्व समुदाय को अपने दृढ़ निश्चय और पक्के इरादे का लोहा मनवाया । हमें उनके सिद्धांतों और आदर्श जीवन से सीख लेने की जरूरत है। उनके भीतर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने जैसा साहसिक फैसला लेने और पृथक बांग्लादेश के गठन कराके पाकिस्तान को भारत की ताकत का एहसास दिलवाया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी दीनानाथ तिवारी जिला के 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी ,सत्यानंद दुबे ,शमीम अहमद राइन ,ईश्वरी प्रसाद सिंह, सुरेश पाठक सहिल कई लोग उपस्थित थे।

---

छत्तीसगढ़ में अदाणी फॉउंडेशन के कार्यों को देख प्रभावित हुई बड़कागांव की महिलाएं, विभिन्न परियोजनाओं के दौरे के बाद कहा-

# विकास और रोजगार के अवसर पैदा करता है खनन उद्योग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने बड़कागांव की महिलाओं को एक अनोखा अवसर प्रदान किया। फॉउंडेशन के सहयोग से यहां की 25 महिलाओं ने छत्तीसगढ़ स्थित विभिन्न खनन परियोजनाओं का दौरा किया और वहां कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों को नजदीक से देखा। इन कार्यों को देख महिलाओं का समूह बेहद प्रभावित हुआ और इसे गोंदलपुरा और आसपास के गांव में भी शुरू करने की इच्छा जाहिर की। अपने तीन दिवसीय इस दौरे में महिलाओं ने छत्तीसगढ़ के परसा और सालही में अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही परियोजना ₹उन्नयन₹ का दौरा किया। इस दौरान महिलाओं ने यहां चल रही गतिविधियों जैसे - मसाला





पीसने और पैकेजिंग, डेयरी, जैविक खाद उत्पादन इकाई, सेनेटरी पैड बनाने की इकाई, हरा चारा खेती फार्म, नर्सरी पालना, वर्षा जल संचयन तालाब और स्वस्थ सुविधा केंद्रों और नौनिहाल की सामाजिक पहल आदि को करीब से देखा। छत्तीसगढ़ की स्थानीय महिलाएं इन गतिविधियों में शामिल होकर स्वरोजगार के साथ अच्छी आमदनी कर रही हैं, जिसे देख बड़कागांव की महिलाएं बेहद खुश हुई। इसके अलावा बड़कागांव की महिलाओं ने परसा और साल्ही गांवों में बच्चों की शिक्षा के लिए शिक्षण आश्रय को भी नजदीक से देखा, जहां बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ उनके रहने के भी बेहतर इंतजाम हैं।

#### महिलाओं ने जाना अनुभव, लोगों के जीवन में आए बदलावों को करीब से देखा

इससे पहले आयोजित किए गए एक अनुभव सत्र में बड़कागांव की महिलाओं ने वहां के सदस्यों से उनके अब तक के अनुभव को जाना और इस पहल से उनके जीवन में आए बदलावों को भी महसूस किया। सत्र के दौरान, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने महिलाओं के जीवन में आए परिवर्तन और उसके सामाजिक प्रभावों को भी जाना। कार्यक्रम में गोंदलपुरा परियोजना के साइट हेड धर्मेंद्र दुबे और सीएसआर विभाग के प्रबंधक रवि टोप्पो समेत अन्य ने भाग लिया।

### आईएएस अधिकारी से कहा: सामाजिक देखभाल का शानदार उदाहरण है अदाणी फाउंडेशन

इस दौरान साल्ही गांव में फीडबैक विजिट लर्निंग सेशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें उदयपुर की एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल (आईएएस) ने गोंदलपुरा से आई महिलाओं से अपनी सीख साझा करने के लिए कहा। इसके बाद महिलाओं ने अपने दौरे के दौरान हुए अनुभवों के आधार पर कहा कि खनन स्थल के आसपास के गांवों की महिलाएं यदि साहस जुटाएं तो वे सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने का प्रयास कर सकती हैं और अपने परिवार के साथ-साथ खुद को मजबूत बना सकती हैं। महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि वे छत्तीसगढ़ में ऐसे कार्यों से बेहद प्रभावित हुई हैं और इसे ये गोंदुलपुरा और वहां के आसपास के गांवों में दोहराना चाहती हैं। महिलाओं ने कहा कि इस दौरे के बाद से उन्हें यह यकीन हुआ है कि खनन उद्योग स्थानीय क्षेत्र का विकास करता है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करता है। साथ ही स्थानीय समुदाय की सामाजिक देखभाल में भी योगदान देता है। अदाणी फाउंडेशन इसका एक अच्छा उदाहरण है।

---

निर्वाचन संबंधी विषयों को लेकर बीडीओ ने की बैठक

## छुटे हुए वोटरों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करे

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने प्रखण्ड के सभी उच्च विद्यालय,महाविद्यालय के ईएलसी के नोडल पदाधिकारी, सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष तथा दिव्यांग संघ के अध्यक्ष के साथ निर्वाचन संबंधी बैठक आयोजित कर निर्वाचन सम्बन्धी जानकारी दिया। बैठक में बीडीओ ने इएलसी के सभी नोडल अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित तिथि को विशेष कैंप आयोजित कर फ्यूचर वोटर को जागरूक करने तथा उनसे प्रपत्र 6 प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्ष से मतदाता सूची में छूटे हुए लोगों का नाम जोड़े जाने के कार्य मे सहयोग करने की अपील किया।



उन्होंने कहा कि आगामी 8 दिसंबर से पूर्व संबंधित बीएलओ के पास प्रपत्र 6 भरकर जमा कराएं ताकि योग्य लोगो का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि विशेषकर महिला मतदाता किसी भी हाल में ना छूटे यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने दिव्यांग संघ के अध्यक्ष से कहा कि यदि कोई दिव्यांग योग्य व्यक्ति अभी भी मतदाता सूची में निबंधन हेतु छूटे हुए हैं तो उनका प्रपत्र 6 भरकर अविलंब बीएलओ को उपलब्ध कराएं। बैठक में प्रभारी बीपीआरओ उत्तम रंजन, ठाकुर दयाल देव माणिक राज महाविद्यालय के ईएलसी नोडल अमरेश कुमार यादव, मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय के केशरी अविनाश कुमार, उच्च विद्यालय गरबांध के कृष्णा गुप्ता, उच्च विद्यालय कधवन के अरिंदम विश्वास, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के अमरेंद्र दास, आम आदमी पार्टी के मंटू पांडेय, दिव्यांग संघ के अध्यक्ष कमलेश बिहारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सीलिया टोनगर के समीप बाइक से गिरकर एक महिला घायल

**गढ़वा।** एनएच 75 पर के सीलिया टोनगर के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया। घायल धुरकी थाना क्षेत्र के मरचईया गांव निवासी प्रमोद कुमार राम की पत्नी सीमा देवी बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सीमा अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गढ़वा रहे थे। इसी बीच एनएच 75 पर सिलीया टोंगर के समिप अचानक कुता सामने आ जाने से ब्रेक मारने के बाद मोटरसाइकिल से गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसके बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है।

## चंदवा में मनी देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की जयंती भारती काम्प्लेक्स में प्रखंड कांग्रेस कमिटि के द्वारा मनाई गई, इसके पूर्व दिप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित की उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि भारत को शक्तिशाली देश बनाने में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की अहम भूमिका रही है।

अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णय पूरी निडरता से लिए, जिन्होंने न केवल देश में क्रांति लाई बल्कि विश्व में भारत के प्रति राय को भी बदल दिया। उन्होंने आगे कहा की इंदिरा गांधी ने देश को विभिन्न क्षेत्रों में सफलता की महान ऊंचाइयों तक पहुंचाया



और उनके सक्षम नेतृत्व के कारण भारत दुनिया में एक मजबूत और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, वरिष्ठ कांग्रेसी रामयश पाठक, सेवादल जिला अध्यक्ष बाबर खान, निर्मल भारती, मुकेश कुमार सिंह, श्रीराम शर्मा, सरवर अंसारी, अरुण भारती, दामोदर उपाध्याय, कैलाश बैठा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

## प्रभात कुमार अग्रवाल फिर बने झाम्कोफेड के निर्देशक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार का उपक्रम झारखंड राज्य लघु वनोपज सहकारी विकास एवं विपणन संघ लिमिटेड जिसे झाम्कोफेड के नाम से भी जाना जाता है। संघ में निदेशक के पद पर प्रभात कुमार अग्रवाल को एक बार फिर सफलता मिली है। उन्हें अन्य उम्मीदवारों के मुकाबले अपार मतों से विजयी घोषित किया गया है। गौरतलब है कि श्री अग्रवाल पूर्व में भी वर्ष 2017 से 2022 तक निर्देशक के पद पर आसीन थे। प्रबंध निदेशक के कार्यालय से निर्वाचन पदाधिकारी देवेंद्र सिंह ने झारखंड सहकारी समिति नियम 1959 के नियम के अनुसार 14 नवंबर को प्रभात कुमार अग्रवाल को निर्वाचित होने की घोषणा की।

## विहंगम योग ने किया पांच दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला शाखा के देखरेख में जिले में पांच दिवसीय रक्तदान शिविर शुरू हुआ। पांकी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। संस्थान के पलामू जिला सह संयोजक बनारसी प्रसाद यादव, प्रखंड प्रमुख पंचम साव, उप प्रमुख अमित सिंह चौहान, डा रेयाज अनवर,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल ने सदगुरू देव के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया गया। जिला सह संयोजक श्री यादव ने कहा कि रक्तदान जीवन दान के समान है। रक्तदान से बड़ा कोई भी मानव सेवा धर्म नही है। रक्तदान कर जरूरत मंद की जान बचाई जा सकती है। रक्त सेवा मानव सेवा के उद्देश्य को समझने की जरूरत है। संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर शिविर लगाया गया। अतिथियों ने रक्तदान का महत्व बताते हुए रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। शिविर में सदगुरू देव के 17 भक्तजनों ने




स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। शिविर में ओंकार नाथ पाठक, अवधेश सिंह, संजय प्रजापति, उमेश कुमार, अमलेश चौहान, गोल्डन, अलखदेव मांझी, अमित सिंह चौहान, अमित कुमार, दयानंद कुमार, राजमुनी सिंह, निरंजन भारती, नवीन कुमार, राजन कुमार, संजय सिंह, अगम सिंह, वर्धमान गौतम ने रक्त दान किए कार्यक्रम को सफल बनाने में भूलु मिस्त्री, कामाख्या पाठक, रंजीत सिंह, रवींद्र सिंह, दीवनंदन यादव, सुदामा सिंह, बढ़ान भोक्ता, अक्षय पाठक,योगेश्वर प्रसाद ,कामेश्वर सिंह सहित कई लोग सक्रिय थे।

---

# संसदीय समिति की बैठक में फाइनल लोकेशन सर्वे की मिली स्वीकृति : वीडी राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** धनबाद रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक में पलामू के सांसद वीडी राम ने भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने की। बैठक में चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह, गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं राज्यसभा के सांसद आदित्य साहू, रामसकल उपस्थित थे।। जबकि जयंत सिन्हा, दीपक प्रकाश, पकौड़ी लाल, धीरज साहू, संजय सेठ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। पलामू सांसद अपने क्षेत्र की रेलवे से संबंधित मांगों की ओर महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे एवं मंडल रेल प्रबंधक धनबाद तथा संबंधित पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। मांगो में प्रमुख रूप से पलामू एक्सप्रेस का राजहरा स्टेशन पर ठहराव, रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस का हैदरनगर में ठहराव के साथ-साथ लालगढ़, पंजारी कला डाली, राजहरा रेलवे क्रॉसिंग के पास एलएचएस निर्माण की बात पूरे जोरदार ढंग से उठाई। इसके अतिरिक्त पलामू एक्सप्रेस ट्रेन में कोच की संख्या बढ़ाने तथा शक्तिपुंज एक्सप्रेस का मेराल में ठहराव का भी मसला जोरदार ढंग से उठाया। झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का हमेशा विलंब से चलने का मुद्दा भी उठाया। इसके अतिरिक्त गरीब रथ का अलीगढ़ में ठहराव की भी मैंने मांग रखी है। रांची से गोरखपुर तक के लिए करोना काल के दौरान चलाई जा रही ट्रेन का परिचालन कराने, नगर उंटारी स्टेशन का नाम बदलकर बंशीधर नगर एवं डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर स्टेशन करने का आग्रह किया। बताया कि बंशीधर नगर मंदिर में राधा कृष्ण की अद्वितीय मूर्ति है जो सोने की है । जिसका वजन 1132 किलोग्राम है जो दुनिया में कहीं नहीं है। इस स्थान की महत्ता को बढ़ाने की दिशा में रेलवे को भी पूर्ण रूप से योगदान देना चाहिए। डालटनगंज एवं राजहरा स्टेशन के बीच चेड़ाबार सिंगरा पुल के पास आरओबी बनाने हेतु रेलवे द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी। राज्य सरकार और रेलवे के बीच जीएडी अप्रूवल की स्वीकृति की कार्रवाई चल रही है। डाली, पंजारिकला, लालगढ़, सोनपुरवा, अहिरपुरवा, कजरात नावाडीह, सुआ में लो हाइट सबवे बनाने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। विभिन्न स्टेशनों पर प्रतिक्षालय, पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। सांसद ने कहा कि यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि बरवाडीह चिरमिरी अंबिकापुर रेल लाइन का फाइनल लोकेशन सर्वे करने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। सर्वे का कार्य पूर्ण होने के बाद डीपीआर बनाया जाएगा और उसके बाद निर्माण करने से संबंधित आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। गया शेरघाटी भाया रफीगंज रेल लाइन निर्माण के लिए एसएलएस की स्वीकृति की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। मांगों पर महाप्रबंधक एवं रेल प्रबंधक धनबाद ने सकारात्मक रूप से कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



## चुनावी लहर तेज मेयर प्रत्याशी जनता पर डाल रहे डोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में चुनाव की लहर तेज हो गई है । वहीं मेयर व पार्षद पद घर घर जाकर जनता पर डोर डालना शुरू कर दिए हैं। घर-घर पहुंचे नेता वोटरों को विजयी बनाने की अपील भी कर रहे हैं। हर राज्य व जिले मे अलग-अलग समय अंतराल में चुनाव होते है। हमारे यहां भी चुनाव प्रत्येक 5 वर्ष के अंतराल में ही होते है। चुनाव किसी भी लोकतांत्रिक देश मे होना अति आवश्यक है। यह लोकतंत्र को प्रदर्शित करता है।इस चुनावी दंगल में किस्मत अजमाने वाले प्रत्याशियों ने जमकर प्रचार में जुटे हुए हैं। चुनाव का मुख्य हिस्सा जनता ही होती है, उनके बिना चुनाव का कोई महत्व नहीं है। नेता और जनता, दोनों आजाद हो गए। जनता को वोट देने की आजादी मिली और नेता को वोट लेने की। चुनाव शब्द दो शब्दों को मिलाकर बनाया गया है, चुन और नाव । चुनाव की प्रक्रिया के तहत जनता एक ऐसे नेता रूपी नाव को चुनती है जो जनता को विकास की वैतरणी पार करा सके। चुनाव एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके द्वारा ही जनता एक योग्य व्यक्ति का चुनाव करके सत्ता उसके हाथों में सौंपती है। इसमें केवल एक व्यक्ति को सीधे ही नहीं चुना जाता है बल्कि, इसकी एक लम्बी प्रक्रिया होती है। क्या की जनता को एक अच्छे नेता चुनने का उसका अपना पूरा अधिकार है। जनता के लिए सबसे अधिक शोर मचाने वालों को उसके कल्याण के लिए सबसे उत्सुक मान लेना सबसे बड़ी त्रुटि है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वर्तमान में हमारी मान्यता यही हो गई है कि मेयर व पार्षद या जो जनप्रतिनिधि अधिक शोर मचाये वही मुखर मेयर या पार्षद मान लिया जाता है। जबकि यहां मुखर का अर्थ ऐसे मेयर या पार्षद से होना चाहिए जो अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ -साथ हमारे पलामू जिले-हित का भी ध्यान रखे। उसके शब्दों में संतुलन होना चाहिए कि उसकी मांग यदि मानी भी जाये तो किसी सम्प्रदाय , वर्ग या जाति कि भावनाओं के प्रतिकूल न हो और उसका प्रभाव राष्ट्रीय अस्मिता , एकता और अखंडता पर भी न पड़ता हो।

एक नजर इधर भी

## मानगढ़ धाम की गौरव यात्रा

15 नवंबर को देश भर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस दिन को द्वितीय 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया गया और देश ने जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के पराक्रम और साहसिक कृत्यों को याद किया। 17 नवंबर के ही दिन राजस्थान में जनजातीय लोग अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचारों के विरुद्ध गोविंद गुरु के नेतृत्व में उठ खड़े हुए थे। इसी दिन अंग्रेजों ने इनका भीषण नरसंहार किया था। **दयानंद के शिष्य :** राजस्थान के डूंगरपुर बांसवाड़ा क्षेत्र में एक बंजारा परिवार में जन्मे गोविंद गुरु ने स्वामी दयानंद सरस्वती की शिक्षा को आत्मसात किया, सामाजिक-धार्मिक उत्थान के माध्यम से भील जनजातियों को एकजुट करने के लिए सक्रिय हो गये। भारतीय परंपरा और आदर्शों के सच्चे प्रतिपादक के रूप में उन्होंने 25 वर्ष की आयु में सन 1883 में जनजातीय लोगों के बीच एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए 'संप सभा' की स्थापना की। ये सामाजिक-आर्थिक कदम तब उठाये गये, जब ब्रिटिशराज भारत से योजनाबद्ध तरीके से लूट रहा था और स्थानीय लोगों के हितों के प्रति असंवेदनशील हो गया था। सन 1903 के बाद से मानगढ़ पहाड़ी क्षेत्र के भीलों और अन्य जनजातीय लोगों के लिए एक मेले के रूप में आयोजित वार्षिक समागम के लिए प्रसिद्ध स्थान बन गया था। **गोविंद गुरु की मांग :** भारत में स्व-शासन की मांग ने 20वीं शताब्दी के पहले दशक में बहुत अधिक जोर पकड़ लिया। गोविंद गुरु ने भी सूखा/अकाल प्रभावित परिस्थितियों में जनजातियों से लिए जाने वाले लगान को कम करने और धर्म तथा रीति-रिवाजों का पालन करने में स्वतंत्रता की मांग रखी। स्वतंत्रता संग्राम के भाग के रूप में जनजातियां और भील समुदाय अंग्रेजों के विरुद्ध बड़े संघर्ष की तैयारी में जुटे थे। सन 1913 में 17 नवंबर की पूर्णिमा के दिन मानगढ़ पहाड़ी पर डेढ़ लाख से अधिक भील गुरु के प्रति अपनी निष्ठा दशार्ते हुए इक्ट्ठा हुए। भूरेटिया नहीं मानू रे' (मैं अंग्रेजों के दमनकारी शासन के प्रति कभी भी वफादार होना स्वीकार नहीं करूंगा) गीत जनजातीय लोगों की मुखर अभिव्यक्ति बन गया। अंग्रेजों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने मानगढ़ पहाड़ी पर 7 कंपनियां और तोपें तैनात कीं, जिन्होंने पूरी मानगढ़ पहाड़ी को घेर लिया। अंग्रेजी हुकूमत ने गोविंद गुरु और उनके अनुयायी भील समाज के लोगों को मानगढ़ पहाड़ी खाली करने का आदेश दिया, मगर गुरु के प्रति निष्ठावान ये लोग टस से मस नहीं हुए। संवेदनहीन अंग्रेजों ने बड़े पैमाने पर गोलीबारी का आदेश दिया, जिसमें 1500 से अधिक जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण त्याग दिये। **मानगढ़ का गौरव :** हाल ही में 1 नवंबर को मानगढ़ पहाड़ी पर आयोजित 'मानगढ़ धाम की गौरव गाथा' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों के साथ, गोविंद गुरु और बलिदानी भील समाज के वीरों को श्रद्धांजलि देने उपस्थित हुए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 1913 में इसी पहाड़ी पर एकत्रित जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। राष्ट्रीय जनजातीय केंद्र के रूप में इसका विकास राष्ट्र निर्माण में जनजातीय योगदान को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसके अतिरिक्त आदिवासी समाज के राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान और बलिदान को रेखांकित करते हुए भारत सरकार दस राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, गोवा और केरल में जनजाति संग्रहालय विकसित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण सामाजिक न्याय की एक नई परिभाषा तैयार हो रही है। आज हम मानगढ़ के शहीदों और विस्मृत वीरों के उत्कृष्ट बलिदान को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

■ **अर्जुन राम मेघवाल**

# पराली के धुएं में प्रदूषण से उड़ते सवाल

लेकिन विडंबना यह है कि इसे रोकने के लिए कोई खास उपाय न कर इस पर हर साल दो महीने सियासत निश्चित रूप से होती है। किसानों के पास न तो वक्त होता है और न ही पैसे, जिससे वे इसके निस्तारण का कोई दूसरा रास्ता निकाल सकें। दरअसल हर किसी खास मौके का एक वक्त मुकर्रर होता है। हर साल ठंड की शुरूआत के साथ ही पराली पर सियासत का भी ऐसा ही दौर आता है। जलाई जा रही पराली के धुएं से प्रदूषण पर सत्ता-विपक्ष से लेकर टीवी पर चलने वाली बहसों में आरोप-प्रत्यारोप उफान पर होते हैं। अक्तूबर आखिर से नवंबर अंत तक पूरे देश में पंजाब में जल रही पराली पर जम कर बहस होती है। लेकिन धीरे-धीरे इसका कुहासा भी छंटता है और नया साल आते-आते कुछ दिनों में सब कुछ भुला दिया जाता है। पूरा देश राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण को देख कर दंग रहता है और केवल पंजाब की जलती पराली को कोसा जाता है। लेकिन हकीकत यह है कि देश के दूसरे कई भागों में भी इससे कम या बराबर ऐसा ही प्रदूषण रहता है जहां कहीं इसे पुआल तो कहीं पइरा भी कहते हैं और तब इस पर कोई खास आवाज नहीं उठती। एक सच्चाई भी है कि इसी नवंबर के पहले हफ्ते में दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में हम शीर्ष पर रहे। वायु प्रदूषण की वजह पराली जलाने के साथ दिवाली के पटाखों का धुआं भी रहा। इसके अलावा गेहूं कटने के बाद खेतों में बची जड़, जिसे नरवाई कहा जाता है, को जलाने की समस्या मार्च-अप्रैल में शुरू हो जाती है। कई गेहूं उत्पादक राज्यों में पूरे खेत के खेत जलते देखे जा सकते हैं। इस पर भी उतनी ही जिम्मेदारी और संवेदनशीलता जरूरी है, जितनी पराली को लेकर होती है। यह भी पूरी तरह सच है कि जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा के लिए जंगल की आग के बराबर ही इंसानों द्वारा फैलाया जा रहा प्रदूषण भी कोई कम नहीं है। इसलिए सवाल तो इस बात का है कि आखिर वायु प्रदूषण है क्या और इस पर इतनी चिंता व बहस कैसी? दरअसल, हमारे वायुमंडल में उपलब्ध रहने वाली सारी गैसों की मात्रा का संतुलन प्राकृतिक रूप से तय होता है। इनके बिगड़ने से हवा की गुणवत्ता बिगड़ती है। यह असंतुलन प्राकृतिक कारकों से ज्यादा इंसानी गतिविधियों से होता है। इसी संतुलन को मापने के लिए ही वायु गुणवत्ता सूचकांक उपकरण इस्तेमाल किया जाता है, जो बताता है कि उस जगह की हवा की वास्तविक गुणवत्ता कैसी है। वायु गुणवत्ता की जांच के लिए आठ प्रदूषक कारक तत्वों का परीक्षण किया जाता है ताकि हवा में उनकी मात्रा का पता चल सके। इसी से प्रदूषण का स्तर पता लगता है। हवा

वायु प्रदूषण की वजह पराली जलाने के साथ दिवाली के पटाखों का धुआं भी रहा। इसके अलावा गेहूं कटने के बाद खेतों में बची जड़, जिसे नरवाई कहा जाता है, को जलाने की समस्या मार्च-अप्रैल में शुरू हो जाती है। कई गेहूं उत्पादक राज्यों में पूरे खेत के खेत जलते देखे जा सकते हैं। इस पर भी उतनी ही जिम्मेदारी और संवेदनशीलता जरूरी है, जितनी पराली को लेकर होती है। यह भी पूरी तरह सच है कि जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा के लिए जंगल की आग के बराबर ही इंसानों द्वारा फैलाया जा रहा प्रदूषण भी कोई कम नहीं है। इसलिए सवाल तो इस बात का है कि आखिर वायु प्रदूषण है क्या और इस पर इतनी चिंता व बहस कैसी? दरअसल, हमारे वायुमंडल में उपलब्ध रहने वाली सारी गैसों की मात्रा का संतुलन प्राकृतिक रूप से तय होता है। इनके बिगड़ने से हवा की गुणवत्ता बिगड़ती है। यह असंतुलन प्राकृतिक कारकों से ज्यादा इंसानी गतिविधियों से होता है। इसी संतुलन को मापने के लिए ही वायु गुणवत्ता सूचकांक उपकरण इस्तेमाल किया जाता है, जो बताता है कि उस जगह की हवा की वास्तविक गुणवत्ता कैसी है। वायु गुणवत्ता की जांच के लिए आठ प्रदूषक कारक तत्वों का परीक्षण किया जाता है ताकि हवा में उनकी मात्रा का पता चल सके। इसी से प्रदूषण का स्तर पता लगता है। हवा के भीतर नुकसानदायक अति सूक्ष्म कण जिन्हें पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) कहा जाता है, मौजूद रहते हैं। पीएम-2.5 की मात्रा 60 और पीएम-10 की 100 मात्रा वाली हवा सांस के लिए सुरक्षित होती है। गैसोलीन, तेल, डीजल, कोयला या लकड़ी के जलने से पीएम-2.5 अधिक बनते हैं।

के भीतर नुकसानदायक अति सूक्ष्म कण जिन्हें पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) कहा जाता है, मौजूद रहते हैं। पीएम-2.5 की मात्रा 60 और पीएम-10 की 100 मात्रा वाली हवा सांस के लिए सुरक्षित होती है। गैसोलीन, तेल, डीजल, कोयला या लकड़ी के जलने से पीएम-2.5 अधिक बनते हैं। अपने छोटे आकार के कारण ये कण फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं और सांस सहित तमाम रोगों का कारण बनते हैं। इंसानों के बालों का आकार पचास से साठ माइक्रोन होता है और पीएम-10 का मतलब हवा में मौजूद धूल, गर्द और धातु के ऐसे कण जो बाल से भी छोटे होते हैं। पीएम-2.5 पीएम-10 से भी छोटे हैं और आसानी से शरीर में जाने लायक यहां तक खून में भी घुलने लायक होते हैं। सल्फर डाइआक्साइड जो कोयले और तेल के जलने से निकलने वाली गैस है, हवा में काफी मात्रा में रहती है और यह बेहद खतरनाक भी है। इसी तरह प्राकृतिक गैस, कोयला या लकड़ी जैसे ईंधन जलाने और वाहनों से कार्बन डाइआक्साइड सबसे ज्यादा निकलती है। यही हाल नाइट्रोजन आक्साइड है जो उच्च ताप पर दहन से पैदा होती है और धुंध सरीखी दिखने वाली इस गैस का रंग भूरा होता है। इसके लंबे वक्त तक संपर्क में रहने से फेफड़ों को भारी नुकसान पहुंचाता है। कृषि प्रक्रिया से उत्सर्जित गैस अमोनिया भी प्रदूषण का कारण है। कूड़े, सीवेज और औद्योगिक प्रक्रिया से निकलने वाली गैसों में भी अमोनिया रहती है। इससे नाक, गले और श्वांस नली में जलन व अन्य समस्याएं पैदा होती हैं। प्रदूषण का एक बड़ा कारण सीसा (लैड) भी है। सबको पता है कि हवा, पानी, मिट्टी, धूल के कण और रंग-रोगन की सामग्री में सीसे की मात्रा काफी ज्यादा होती है। जाहिर है, फेफड़ों के लिए सीसा भारी नुकसान पहुंचाने वाला है। इसी तरह एक गैस है ओजोन है जो पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल और जमीन दोनों जगह मिलती है। अच्छी ओजोन ऊपरी वायुमंडल में वास्तविक रूप से होती है जो सुरक्षात्मक परत का काम कर हमें सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है। लेकिन प्रदूषण से इस परत में छेद हो गया है जो धरती के पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं दूसरी ओजोन जमीनी स्तर पर बनती है जो हवा में तो उत्सर्जित नहीं होती है लेकिन नाइट्रोजन आक्साइड और कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक क्रियाओं से बनती है। बिजली संयंत्रों, औद्योगिक बायलरों, रिफाइनरियों, रासायनिक संयंत्रों, वाहनों और अन्य स्त्रोतों से उत्सर्जित होकर सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में रासायनिक प्रतिक्रिया से बनने वाली ओजोन बेहद नुकसान पहुंचाती है। इन तमाम वायुमंडलीय गैसों के प्राकृतिक सामंजस्य बिगड़ने से ही सांस और फेफड़ों के गंभीर रोग होते हैं। इतना ही नहीं, हृदय रोग और दूसरी गंभीर बीमारियां व शारीरिक समस्याएं भी इसी असंतुलन से पैदा होती हैं। लगातार प्रदूषण सहने से त्वचा संबंधी रोग भी हो जाते हैं। यकीनन पराली जलाना एक गंभीर समस्या है। यह समस्या आज की नहीं, बल्कि बरसों से है। विडंबना यह है कि इसे रोकने के लिए कोई खास उपाय न कर इस पर हर साल दो महीने सियासत निश्चित रूप से होती है। किसानों के पास न तो वक्त होता है और न ही पैसे, जिससे वे इसके निस्तारण का कोई दूसरा रास्ता निकाल सकें। मजबूरी और दूसरी फसलें लगाने की जल्दबाजी में इसे जलाना ही एकमात्र सस्ता और सुलभ विकल्प बचता है। यह भी सच है कि इस पर काफी पैसा खर्चा गया, लेकिन नतीजा सिफर रहा। यह नहीं भूलना चाहिए कि हवा की गुणवत्ता बिगडने से पैदा हुए प्रदूषण से हर साल भारत सहित दुनिया में लाखों मौतें होती हैं। राज्यवार आंकड़े भी हैं और कारण भी, जो अलग से लिखे जाने लायक हैं।

■ **ऋतुपर्ण दुबे**

# उठने के लिए गिरने का अभ्यास

जब उठना ही है तो फिर गिरा क्यों जाए? कुछ दिनों पहले दफ्तर में काम करते हुए एक परिचित गिर पड़े। शाम को छुट्टी होने का समय था, लेकिन लोगों की नजर पड़ी कि वे अपने कक्ष के फर्श पर बेहोश पड़े हैं। उनकी कुर्सी भी लुढकी पड़ी थी! जाहिर है, वहां मौजूद लोगों को घोर आश्चर्य हुआ, क्योंकि सबको यही लग रहा था कि वे इतने बीमार तो नहीं थे कि अचानक ऐसी हालत हो जाती। आसपास बैठने के नाते उनके सहकर्मियों को उनके स्वास्थ्य के बारे में मोटा-मोटी जानकारी थी। बहरहाल, लोग फौरन दौड़े और उन्हें होश में लाने की कोशिश की गई। चेहरे पर पानी छिड़का गया तब होश आया। सहकर्मी उन्हें अस्पताल ले जाना चाहते थे, लेकिन होश में आने के बाद उन्होंने मना कर दिया। उसने बताया कि चिंता की कोई बात नहीं है, बस वे कई दिनों से ठीक से सोए नहीं हैं। नींद नहीं आती। बहुत प्रयास करने के बाद भी रात भर जागते रहते हैं। शायद वे अनिद्रा के शिकार थे। दरअसल, इन दिनों बहुत सारे लोग अनिद्रा की बीमारी से ग्रस्त हैं। इस बीमारी ने महानगरों को अपनी चपेट में ले रखा है। अब तो गांवों में भी यह बीमारी पैर पसार रही है। चिकित्सक मानते हैं कि आधुनिक जीवन शैली इसका मूल कारण है। असमय खान-पान, देर-सवेर बिस्तर पर जाना, नशे का सेवन, जीविकोपार्जन के लिए आधारभूत आवश्यकता से अधिक कमाने की होड़ और व्यर्थ की चिंताएं शहरी जीवन शैली में रच-बस गई हैं। ये सब बातें अलग-अलग होते हुए एक-दूसरे में गुथी हुईं हैं। इसलिए इन सबसे बचने का कोई उपाय भी नजर नहीं आता। भलाई इसी में है कि संकल्पित होकर आवश्यकताओं को कम किया जाए। बेतरतीब दिनचर्या में समुचित सुधार लाने की कोशिश की जानी चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण भी दूसरा सबसे बड़ा कारण है। शहरी हवाओं में पेट्रोल-डीजल की गंध और कीचड़ से बजबजाते नालों की बदबू तैरती रहती है। महानगरों में रोजमर्रा के उपयोग से एकत्रित गीले और सूखे कचरे को आबादी से दूर 'डंपिंग-एरिया' में संग्रहित किया जाता है। न केवल महानगर, बल्कि छोटे-छोटे शहरों का भी तेजी से विकास हो रहा है। इसकी वजह से डंपिंग-क्षेत्र के आसपास रिहाइशी कालोनियां बस गईं हैं। इन कालोनियों में बदबूदार हवा की समस्या अधिक है। बढ़ते वाहनों के उपयोग से भी वायु बुरी तरह प्रदूषित हो रही है। इसके अलावा, ध्वनि विस्तारक यंत्रों और बिजली के उपकरणों के शोर को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

असमय खान-पान, देर-सवेर बिस्तर पर जाना, नशे का सेवन, जीविकोपार्जन के लिए आधारभूत आवश्यकता से अधिक कमाने की होड़ और व्यर्थ की चिंताएं शहरी जीवन शैली में रच-बस गई हैं। ये सब बातें अलग-अलग होते हुए एक-दूसरे में गुथी हुईं हैं। इसलिए इन सबसे बचने का कोई उपाय भी नजर नहीं आता। भलाई इसी में है कि संकल्पित होकर आवश्यकताओं को कम किया जाए। बेतरतीब दिनचर्या में समुचित सुधार लाने की कोशिश की जानी चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण भी दूसरा सबसे बड़ा कारण है।

इनसे वातावरण में एक अजीब-सी झनझनाहट बनी रहती है। इस झनझनाहट का अंदाजा उस समय सहज ही लगाया जा सकता है, जब क्षेत्र की बिजली कुछ देर के लिए गुल हो जाती है। एक सुकून भरा सन्नाटा हमारे चारों ओर पसर जाता है। पक्षियों की आवाजें सुनाई पड़ने लगती हैं। हवा के बहने की सरसराहट महसूस होने लगती है। यहां तक कि बहुत थका हुआ व्यक्ति पास बैठा हो तो उसकी धडकनें तक सुनाई दे जाती हैं। बिजली-उपकरणों के इस्तेमाल में मितव्ययिता के जैसी समझदारी होनी चाहिए। बहरहाल, अनिद्रा से परेशान होकर उस परिचित ने डाक्टर को दिखाने का विचार किया। उनसे बात करने और कुछ जांच उपक्रम निपटाने के बाद डाक्टर ने समझाया कि वे चिंता न करें, क्योंकि उन्हें कोई बीमारी नहीं है। जहां तक नींद नहीं आने की बात है तो उन्हें ऐसा सोचना ही नहीं चाहिए कि नींद नहीं आ रही है। ऐसा सोचने से नींद और दूर भाग जाती है। हम बार-बार करवट बदलते हैं और अपने आप पर झल्लाते हैं। अपने आप को नींद के सामने असहाय-सा महसूस करते हैं। जबकि सच यह है कि नींद के लिए तो बस नींद में गिर जाना होता है। डाक्टर की बात सुन कर परिचित चौंके। आखिर नींद में गिरना कैसे संभव है! यह सही है कि जब कोई किसी से अचानक टकरा कर गिर जाता है, तब लोग मजाक में ताना कसते हैं- 'भैया नींद में हो क्या? देख कर चलो!' आश्चर्य मिश्रित चुप्पी देख कर डाक्टर ने मुस्कुराते हुए समझाया, देखिए, जैसे प्यार करने के बारे में आदमी को सोचना नहीं पड़ता, बस वह प्यार में पड़ जाता है।

■ **राकेश सोहम**

है न विचित्र बात !

## भारत की बढ़ती आबादी

यों तो भारत में जनसंख्या की रफ्तार पिछले दशकों के मुकाबले थोड़ी कम हुई है लेकिन हमारे देश में अभी भी लगभग 100 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनके लिए हम पर्याप्त भोजन, निवास, वस्त्र, शिक्षा, चिकित्सा और मनोरंजन की व्यवस्था नहीं कर पाए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की ताजा रपट के मुताबिक दुनिया की आबादी 8 अरब से भी ज्यादा हो गई है। पिछले 50 साल में दुनिया की जनसंख्या जितनी तेजी से बढ़ी है, पहले कभी नहीं बढ़ी। अभी तक यही समझा जा रहा था कि चीन दुनिया का सबसे बड़ी आबादी वाला देश है लेकिन भारत उसको भी मात करने वाला है। भारत में इधर बढ़े 17 करोड़ लोग उसे दुनिया का सबसे बड़ा देश बना देंगे। ऐसा नहीं है कि भारत जनसंख्या के हिसाब से ही बहुत आगे बढ़ गया है। इस देश ने कई मामलों में सारी दुनिया से बेहतर उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इस समय डिजिटल व्यवहार में वह दुनिया में सबसे आगे हैं। जहां तक प्रवासी भारतीयों का सवाल है, दुनिया के जितने अन्य देशों में भारतीय मूल के लोग शीर्ष स्थानों पर पहुंचे हैं, दुनिया के किसी मुल्क के लोग नहीं पहुंच सके हैं। भारतीय मूल के लोग जिस देश में भी जाकर बसते हैं, वे हर क्षेत्र में आगे निकल जाते हैं। वे अपने सभ्य और सुसंस्कृत आचरण के लिए सारे विश्व में जाने जाते हैं लेकिन दुनिया की बढ़ती हुई आबादी कई देशों के लिए तो खतरनाक सिद्ध हो ही रही है, वह भारत के लिए भी चिंता का विषय है। यदि आपके देश की या परिवार की आबादी बढ़ती चली जाए और उसकी जरूरतों की पूर्ति भी होती चली जाए तो कोई बात नहीं है लेकिन आबादी के साथ-साथ गरीबी और असमानता भी बढ़ती चली जाए तो वह समाज के लिए बोझ बन जाती है। यों तो भारत में जनसंख्या की रफ्तार पिछले दशकों के मुकाबले थोड़ी कम हुई है लेकिन हमारे देश में अभी भी लगभग 100 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनके लिए हम पर्याप्त भोजन, निवास, वस्त्र, शिक्षा, चिकित्सा और मनोरंजन की व्यवस्था नहीं कर पाए हैं। हमारी जनसंख्या-बढ़ोतरी का यह अच्छा पहलू है कि भारत में युवा लोगों का अनुपात वृद्धों के मुकाबले बेहतर है। दुनिया के मालदार देशों में दीघार्यु की सुविधाओं के कारण वृद्धों की संख्या कहीं ज्यादा है। जनसंख्या के खतरे से निपटने के लिए भारत सरकार को दो बच्चों वाले प्रतिबंध पर भी तुरंत विचार करना होगा। जनसंख्या की दृष्टि से भारत का फायदा उसके इस तेवर में भी है कि भारत से पढ़े-लिखे युवक बढियां आमदनी की तलाश में विदेशों में जाकर अपना ठिकाना बना लेते हैं। लेकिन भारत चाहे तो अपने दक्षिण और मध्य एशिया के देशों में विकास का इतना बड़ा अभियान चला सकता है कि देश के कई करोड़ लोगों को वहां रोजगार मिल सकता है और वे वहां बस भी सकते हैं। मध्य एशिया के पांचों देशों का क्षेत्रफल भारत से डेढ़ गुना है और उनकी आबादी मुश्किल से साढ़े सात करोड़ है। भारतीय लोगों को अगर उचित मार्गदर्शन और सुविधा मिले तो वे न केवल भारत की बढ़ती आबादी की समस्या हल कर सकते हैं बल्कि प्राचीन आर्यावर्त्त की अकूत संपदा का दोहन करके एशिया को यूरोप से भी आगे ले जा सकते हैं।

■ **डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

# ईडब्ल्यूएस आरक्षण में राजनीतिक स्वार्थ

अच्छे वेतन, स्थिर और उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों की कमी के कारण ईडब्ल्यूएस आरक्षण में बहुत राजनीतिक स्वार्थ है। वैसे भी अधिकांश नौकरियां निजी क्षेत्र में पैदा होने जा रही हैं जिसमें कोटा लागू नहीं होता है। इसलिए सामाजिक या आर्थिक अन्याय को ठीक करने का सबसे विश्वसनीय तरीका अर्थव्यवस्था में नौकरियों और आजीविका का उच्च, निरंतर व समावेशी विकास है। जनवरी 2019 में संसद ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए 103 वां संविधान संशोधन पारित कर आरक्षित कोटा की एक नई श्रेणी बनाई थी। यह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (इकॉनामिकली वीकर सेक्शन- ईडब्ल्यूएस) के व्यक्तियों के लिए 10 प्रतिशत का एक नया कोटा था। इस संशोधन की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं दायर की गईं थीं। बड़ी बात यह है कि संसद में बिना किसी बहस के यह महत्वपूर्ण संशोधन पारित किया गया था। इसका कारण यह था कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पास निचले सदन, लोकसभा में पूर्ण बहुमत है। तमिलनाडु से सांसद सुश्री कनिमोई ने इस संशोधन के खिलाफ कुछ आपत्तियां उठाई थीं लेकिन संशोधन काफी हद तक बिना किसी चर्चा के पारित हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते अपने फैसले में ईडब्ल्यूएस कोटा की संवैधानिकता को बरकरार रखा और इसे चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। पांच सदस्यीय पीठ के फैसले में सर्वसम्मति से इस बात की पुष्टि की गई कि आरक्षण के लिए आर्थिक मानदंडों को आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

याचिकाकर्ताओं ने इसी बात को चुनौती दी थी। पीठ अपने निष्कर्ष में भी एकमत थी कि इस नई श्रेणी के कारण अब संवैधानिक रूप से अनिवार्य आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अब ईडब्ल्यूएस) का कुल हिस्सा 50 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा और यह संविधान के खिलाफ नहीं है। याचिकाकर्ताओं ने अपनी दलीलों में इस मुद्दे को भी रखा था। पीठ में एकमात्र मुद्दे पर 3-2 से मतभेद था कि क्या एससी, एसटी व ओबीसी समूहों को ईडब्ल्यूएस की नई बनाई गई श्रेणी से बाहर रखा जा सकता है। बहुमत का विचार है कि उन्हें बाहर रखना ठीक था।

इस संशोधन तथा देश की सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे प्रदान की गई वैधता के कई परिणाम हैं जिनमें से कुछ पर नीचे चर्चा की जाएगी। क्या इस फैसले ने संविधान के मूल ढांचे की रक्षा के सिद्धांत को झटका दिया है? सुप्रीम कोर्ट के 1973 के ऐतिहासिक फैसले के बाद से इसका अनुपालन किया जा रहा था। इस बहुचर्चित निर्णय ने स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया कि मूल संरचना का क्या अर्थ है। इसने संविधान में संशोधन पारित करने की संसद की शक्ति को भी प्रतिबंधित नहीं किया लेकिन यह जरूर कहा कि इतने अतिवादी संशोधन पारित नहीं किये जा सकते कि वे हमारे संविधान के मूल सिद्धांतों को विकृत कर दें। संसद सर्वोच्च है किन्तु संविधान की भावना सर्वोपरि है।

आर्थिक मानदंडों के आधार पर विशेष उपचार (आरक्षण) देकर एक नई श्रेणी बनाकर क्या हमने समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14) का उल्लंघन किया है? या अनुच्छेद 14 और 15 को अनदेखा कर एससी, एसटी और ओबीसी समूहों को इस नई श्रेणी से बाहर करके गैर-भेदभाव के सिद्धांत का उल्लंघन किया गया है? न्यायशास्त्र के विद्वानों को इस पर विचार करना चाहिए। इस विषय पर पहले ही बहुत कुछ लिखा जा चुका है और आगे भी लिखा जाएगा। इस बात की बहुत संभावना है कि आने वाले दिनों में शीर्ष अदालत के इस फैसले की समीक्षा एक बड़ी पीठ द्वारा की जा सकती है। वैसे अभी के लिए हम संशोधन और निर्णय के अन्य पहलुओं पर विचार करें। सबसे पहले तो यह स्पष्ट है कि संशोधन अपने आप में राजनीति से प्रेरित था। भारतीय राजनीति में 'कोटा' शब्द रेडियोधर्मी तत्व की तरह असर करता है और एक धारणा है कि संशोधन उच्च जाति के मतदाताओं के वोट बैंक को लाभ पहुंचाने के लिए पारित किया गया था, परन्तु अब मुस्लिम और ईसाई भी ईडब्ल्यूएस कोटा के लिए पात्र हो गए हैं। दूसरे, हमारे संविधान में जाति के आधार पर 'कोटा' लंबे समय से चले आ रहे और ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करने के लिए था। 'कोटा' उन लोगों की मदद के लिए है जो पीढ़ियों से सामाजिक पिछड़ेपन से पीड़ित हैं। आखिर आर्थिक पिछड़ेपन को ऐतिहासिक अन्याय और सामाजिक पिछड़ेपन से उपजे सामाजिक पिछड़ेपन की श्रेणी में कैसे रखा जा सकता है? एक व्यक्ति जिसकी आर्थिक स्थिति कमजोर है वह उसे प्रयास या भाग्य या दोनों के साथ बदल सकता है। यहां तक कि किसी व्यक्ति का धर्म भी उसकी पसंद का विषय हो सकता है, पर जाति जन्म से ही एक अपरिवर्तनीय निशानी है। इसलिए जाति आधारित भेदभाव आर्थिक अभाव के समान नहीं है। तीसरा, ईडब्ल्यूएस कोटा की पात्रता के लिए तय की गई कट ऑफ सीमा 8 लाख रुपये की वार्षिक आय है जो एक बहुत ही उदार सीमा लगती है। यह गरीबी रेखा से बहुत ऊपर है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में 95 प्रतिशत से अधिक परिवार इस सीमा के अंतर्गत आएंगे। तो क्या यह गरीबों को कोटा आधारित अवसर प्रदान करने का उपाय है या यह सभी को मौका देने का प्रयत्न है? चौथा, यदि वास्तव में ईडब्ल्यूएस कोटा गरीब परिवारों के लोगों की मदद करने के लिए है तो आइए, हम गरीबी रेखा से नीचे के लोगों की प्रोफाइल देखें! सरकार के सिन्हो आयोग के अनुसार गरीबी रेखा से नीचे के लगभग 82 प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं। (मेजर जनरल (रिटायर्ड) एस. आर. सिन्हो के नेतृत्व में तीन सदस्यीय आयोग का गठन यूपीए सरकार के समय में किया गया था।) गरीबी और सामाजिक पिछड़ेपन के बीच गहरा संबंध है लेकिन ईडब्ल्यूएस कोटा में उन श्रेणियों को अवसरों से वंचित कर दिया है। इसी मुद्दे पर दो न्यायाधीशों ने संवैधानिक सिद्धांत के रूप में असहमति व्यक्त की है।

जनवरी 2019 में संसद ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए 103 वां संविधान संशोधन पारित कर आरक्षित कोटा की एक नई श्रेणी बनाई थी। यह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (इकॉनामिकली वीकर सेक्शन- ईडब्ल्यूएस) के व्यक्तियों के लिए 10 प्रतिशत का एक नया कोटा था। इस संशोधन की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं दायर की गईं थीं। बड़ी बात यह है कि संसद में बिना किसी बहस के यह महत्वपूर्ण संशोधन पारित किया गया था। इसका कारण यह था कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पास निचले सदन, लोकसभा में पूर्ण बहुमत है। तमिलनाडु से सांसद सुश्री कनिमोई ने इस संशोधन के खिलाफ कुछ आपत्तियां उठाई थीं लेकिन संशोधन काफी हद तक बिना किसी चर्चा के पारित हो गया।

■ **डॉ. अजीत रानाडे**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### बिहार में विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश : विजय सिन्हा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि शनिवार को बिहार की हालत ऐसी हो गई है कि विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही। प्रेस-मीडिया के मुंह को बंद किया जा रहा। नेता प्रतिपक्ष की खबर को सेंसर करने का दबाव प्रिंट मीडिया पर है। नेता प्रतिपक्ष आज अपने आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार प्रेस मीडिया के मुंह को चुप करा रही। कई लोगों ने हमें गोपनीय ढंग से कहा है कि आपका न्यूज नहीं छपे, इसके लिए प्रेशर बनाया जाता है। प्रिंट मीडिया में विज्ञापन बंद करने की अपरोक्ष धमकी दी जाती है। कहा जा रहा है कि अगर नेता प्रतिपक्ष की खबर छपेगी तो विज्ञापन बंद कर देंगे। दबाव बनाया जा रहा है। विजय सिन्हा ने कहा कि आज जिस तरह का वातावरण बनाया जा रहा है वह कतई उचित नहीं है लेकिन जनता मालिक है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बिहार को गुंडा राज से मुक्त कराया जायेगा। ऐसी लड़ाई भाजपा ने पहले भी लड़ी है। बिहार को जंगलराज से मुक्त कराया है। प्रेस मीडिया के माध्यम से हमारी आवाज को दबाना लोकतंत्र के लिए खतरा है। लोकतंत्र में पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों सरकार के अंग होते हैं।

### सारण में भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ पांच लोग गिरफ्तार

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र पुलिस ने शनिवार को भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सूचना के आधार पर पेट्रोल पम्प के समीप वाहनो की जांच शुरू की गयी। इस दौरान एक कार को रोककर तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान कार से 535 लीटर विदेशी शराब बरामद की गयी। सूत्रों ने बताया कि कार पर सवार पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है,जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### बेतिया में यौन शोषण करने के मामले में देवर पर केस दर्ज

**बेतिया (एजेंसी)।** जिले में नौतन थाना के पूर्वी नौतन पंचायत के बलुआ गांव में शादी का झांसा देकर विधवा भाभी के साथ देवर के द्वारा यौन शोषण करने का मामला प्रकाश आया है। इस बावत पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर आवेदन में पुलिस को बताया है कि उनकी शादी सात वर्ष पुर्व बलूआ के स्व. धनिलाल भारती से हुई थी। सांप कटाने के वजह से उनके पति की मृत्यु हो गई। उसके बाद देवर चंदन भारती ने शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना लिये, तथा यौन शोषण करते रहे। करीब तीन साल पूर्व उनके देवर चंदन भारती का रेलवे में नौकरी हो गई तो अब शादी करने से इंकार कर रहे है। और दहेज लेकर दूसरी जगह शादी कर लिये है और जमीन में हिस्सा भी नही दे रहे है। अब इनके परिजन मारपीट कर प्रताड़ित करते है। थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर कांड दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

### नालंदा में उपसरपंच के पति की गोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ (एजेंसी)।** नालंदा जिले के तेलहाड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उप सरपंच के पति को गोली मारकर हत्या कर दी। घटनाक्रम की जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया कि गांव से पंचायती कर वापस लौट रहे थे कि तेलहाड़ा थाना के समीप पूर्व से गत लगाए अपराधियो ने अंधाधुंध फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक अमेरा गांव निवासी ललित यादव है। घटना की सूचना तेलहाड़ा थाना पुलिस को दी गयी जो घटनास्थल पर जाकर स्थिति की जायजा लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।

### चित्रकूट जेल स्थानांतरित किये गये अब्बास अंसारी



**चित्रकूट (एजेंसी)।** पूर्वांचल के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बड़े बेटे अब्बास अंसारी को कल देर रात नैनी से चित्रकूट जिला कारागार में स्थानांतरित किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्तार अंसारी के खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में उनके बेटे को भी गिरफ्तार किया था। अब्बास की गिरफ्तार के बाद 13 दिन की हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की थी। हिरासत की अवधि पूरा होने के बाद ईडी ने अब्बास को जिला अदालत में पेश किया जहाँ न्यायाधीश संतोष रॉय ने अब्बास को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कल शाम चार बजे नैनी जेल में अब्बास को दाखिल किया गया पर सुरक्षा मामले को लेकर देर रात चित्रकूट स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। अब्बास को कल देर रात कड़ी सुरक्षा और प्रशासनिक अमले के साथ कारागार वैन से चित्रकूट जिला कारागार लाया गया। गौरतलब है कि अब्बास के पिता मुख्तार अंसारी पहले से ही बांदा जेल में है अब पड़ोसी जनपद की जेल में अब्बास भी बंद रहेंगे।


नालंदा में उपसरपंच के पति की गोली मारकर हत्या

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के तेलहाड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उप सरपंच के पति को गोली मारकर हत्या कर दी।


---

वाराणसी में काशी तमिल संगमम का उद्घाटन समारोह

# एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को जीवंत करता है काशी तमिल संगमम : योगी

**वाराणसी (एजेंसी)।** देश की सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर विख्यात वाराणसी में काशी तमिल संगमम के आयोजन से अभिभूत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की प्राचीनतम संस्कृतियों के मिलन का यह आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को जीवंत कर रहा है।

बीएचयू के एम्फीथियेटर ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में काशी तमिल संगमम को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि शनिवार को दक्षिण का उत्तर से अद्भुत संगम हो रहा है। सहस्त्राब्दियों पुराना संबंध फिर से नव जीवन प्राप्त कर रहा है। यह आयोजन आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को जीवंत कर रहा है। काशी और तमिलनाडु में भारतीय संस्कृति के सभी तत्व समान रूप से संरक्षित हैं।

मुख्यमंत्री ने तमिल में अपना उद्बोधन शुरू करते हुए 'उनगलाई काशीइल वारावेरी किरोम' (काशी में आपका स्वागत है) कहकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होने कहा कि भगवान



श्रीराम द्वारा श्रीरामेश्वरम में स्थापित पवित्र ज्योतिर्लिंग और काशी में विराजमान भगवान आदि विश्वेश्वर पवित्र ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजित हैं। यह दोनों ज्योतिर्लिंग काशी और तमिलनाडु के संबंधों के केंद्र बिंदु हैं। भगवान श्रीराम और भगवान शिव के माध्यम से निर्मित इस संबंध सेतु को आदि शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में पवित्रपीठ की स्थापना कर आगे बढ़ाया, शनिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महायज्ञ को गति दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की तेनकाशी में भगवान विश्वनाथ का एक प्रचीन मंदिर है। तेनकाशी का अर्थ है दक्षिण की काशी। पांड्य वंश के सम्राट ने काशी से शिवलिंग लाकर तेनकाशी में स्थापित किया था। तमिलनाडु में शिवकाशी भी है। काशी के धार्मिक महत्व के कारण देश के सभी भागों के लोग सदियों से यहां आते रहे हैं। गंगा जी के तट पर बसी ये पवित्र नगरी भारत की धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनी हुई है। इसी प्रकार तमिलनाडु प्राचीन काल से ही ज्ञान, कला और संस्कृति का केंद्र रहा है, जिसे पांड्य, चोल, पल्लव आदि राजाओं ने विस्तार दिया। काशी और तमिलनाडु में भारतीय संस्कृति के सभी तत्व समान रूप से संरक्षित हैं। तमिल भाषा का साहित्य अत्यंत प्राचीन और समृद्ध है। ये मान्यता है कि भगवान शिव के मुंह से जो दो भाषाएं निकलीं उनमें तमिल और संस्कृत समान रूप से निकलकर अपने समृद्ध साहित्य के रूप में जानी जाती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्त भारतीय भाषाएं सभी को अपने में समाहित करती हैं। ये समावेश सांस्कृतिक प्रेरणा का स्रोत रहा है, जो समाज में सद्भाव और समरसता बनाये हुए है। काशी तमिल संगमम के आयोजन से तमिलनाडु के हमारे अतिथिग ना केवल काशी सहित उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित होंगे बल्कि उत्तर और दक्षिण के संगम से हमारे सांस्कृतिक एकता को भी सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान देंगे।

इस मौके पर केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री एल मुरुगन, सांसद इलियाराजा, पूर्व केंद्रीय मंत्री पी राधाकृष्णन, तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष के अन्नामलाई, आईआईटी चेन्नई के निदेशक प्रो बी कामाकोली, बीएचयू के कुलपति सुधीर जैन तथा तमिलनाडु से पधारे पूज्य आधिनम मौजूद रहे।

## डिंपल के 'संकटमोचक' बने चाचा शिवपाल



**मैनपुरी /इटावा (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण मैनपुरी संसदीय सीट पर पांच दिसम्बर को होने वाले उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को संसद में पहुंचाने के संकल्प के साथ प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव पूरी तरह सक्रिय हो गये हैं। शिवपाल की ओर से बहू डिंपल को मिल रहे समर्थन से सपा के आम कार्यकर्ता से लेकर बड़े नेता तक खासे गदगद हैं और अधिकतर का मानना है कि संकटमोचक की भूमिका में उतरे शिवपाल ने यादव परिवार की बहू की संसद पहुंचने की राह आसान कर दी है। वरिष्ठ पत्रकार हेम कुमार शर्मा बताते हैं कि संगठन के तजुर्बेकार शिवपाल ने उपचुनाव को लेकर सपा उम्मीदवार के पक्ष में कार्यकताओं की लामबंदी शुरू की है, उससे क्षेत्र में सपा समर्थकों में खासा जोश देखने को मिल रहा है और जिस भी सपा कार्यकर्ता से बात की जाए, वह सीधे सीधे सपाट शब्दों में यही बताता दिख रहा है चाचा जी (शिवपाल) ने कहा है कि डिंपल यादव को नेताजी (मुलायम) से बड़ी जीत दिलाना है। शर्मा बताते है कि शिवपाल सिंह यादव एसएस मेमोरियल स्कूल में एक-एक कार्यकर्ता से अकेले में बात कर रहे हैं और हर किसी से इस बात का वादा ले रहे है कि डिंपल परिवार की बहू है जो चुनाव मैदान में नेताजी मुलायम सिंह यादव की जगह उतरी हुई है हम सबकी जिम्मेदारी अब डिंपल को नेताजी से अधिक बड़ी जीत कर दिला कर के सदन में भेजना है । इसमें कोई भी पीछे नहीं रहे यही नेता जी को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। मैनपुरी संसदीय सीट के शिवपाल की अहमियत को तवज्जो देते हुये सपा ने उन्हे अपना स्टार प्रचारक बनाया जिसके बाद पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पत्नी डिंपल के साथ चाचा शिवपाल का आशीर्वाद लेने उनके घर पहुंचे थे। खासी चर्चा में रही इस मुलाकात के बाद शिवपाल उपचुनाव में बहू की जीत के लिये सक्रिय हो गये वहीं शिवपाल का संदेश मिलने के बाद कई कार्यकर्ता यह कहते हुए देखे गए हैं कि डिंपल यादव की जीत नेताजी मुलायम सिंह यादव से दुगनी मतों से होगी और वह हर हाल में नेताजी की तरह संसद की दहलीज तक पहुंचेगी।

श्री मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण हो रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिवंगत पूर्व सांसद के शिष्य रघुराज सिंह शाक्य को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## जगदानंद सिंह वापस अपने पद पर नहीं आएंगे : शिवानंद तिवारी



**पटना (एजेंसी)।** राजद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को लेकर राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने कहा है कि हमें लगता है कि जगदानंद सिंह वापस अपने पद पर नहीं आयेंगे। पिछले कुछ महीने में जिस प्रकार से जगदानंद सिंह का रुख रहा है उससे स्पष्ट है कि वह अब दोबारा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर सक्रिय नहीं रहेंगे। हालांकि, यह फैसला लालू यादव को लेना है कि आगे जगदानंद सिंह के बारे में क्या सोचा गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में देखा जाये तो जगदानंद सिंह पार्टी से दूर होते चले गये है। पहले उनके बेटे सुधाकर सिंह पार्टी से नाराज होकर मंत्री पद छोड़ दिया। इसके बाद से ही जगदानंद सिंह की पार्टी में सक्रियता भी कम हो गई है। इससे साफ है कि वे अब फिर से प्रदेश अध्यक्ष की कमान नहीं संभालेंगे। तिवारी ने कहा कि कई मुद्दों पर उनके और जगदानंद सिंह के बीच मतभेद रहे हैं। कई ऐसे मामले रहे जिस पर उनसे सहमति नहीं रही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ऐसे व्यक्ति को बनाना चाहिए जिस की सोच तेजस्वी यादव के साथ मिलती हो। अब्दुल बारी सिद्दीकी टेस्ट प्लेयर हैं,लंबे समय से लालू यादव के साथ रहे भी हैं। तेजस्वी यादव से वह स्नेह करते हैं और तेजस्वी यादव भी उनका सम्मान करते हैं। ऐसे में हमें नहीं लगता है अब्दुल बारी सिद्दीकी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने में कोई आपत्ति होनी चाहिए।

## सीआरपीएफ ने दस किलो का जिंदा आईईडी कन्टेनर बरामद किया



**दंतेवाड़ा (एजेंसी)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सीआरपीएफ 231 वीं वाहिनी के जवान शनिवार को कमलपोस्ट से कोण्डासावली की ओर सर्चिंग पर निकले थे। कोण्डासावली से लगभग 600 मीटर की दूरी पर सीआरपीएफ के खोजी कुत्ते के इशारे पर डॉग हैंडलर और बीडीडीएस की टीम ने आस-पास के इलाकों की सतर्कता से छानबीन की। इसी दौरान उन्हें कुछ तार दिखाई दिया, जिसकी जांच करने पर वहां 10 किलो का जिंदा आईईडी कन्टेनर नजर आया। जिसे बीडीडीएस की टीम ने बरामद कर निष्क्रिय कर दिया है। सीआरपीएफ की सक्रियता से नक्सलियों के नापाक मंसूबे को विफल कर दिया है।

## शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में माणिक के करीबी तापस से एक बार फिर पूछताछ

**कोलकाता (एजेंसी)।** राज्य के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार प्राथमिक शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष और तृणमूल कांग्रेस के विधायक माणिक भट्टाचार्य के करीबी तापस मंडल से एक बार फिर पूछताछ हुई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन के मुताबिक शनिवार को तापस साल्टलेक के सीजीओ कंपलेक्स स्थित केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। यहां अधिकारियों ने उनसे सवाल-जवाब शुरू किया है। सूत्रों ने बताया है कि माणिक भट्टाचार्य की छत्रछाया में तापस कई बीएड कॉलेज चलाते थे जिनमें पढ़ने वाले छात्रों को गैरकानूनी तरीके से शिक्षक की नौकरी दी गई है। इसमें और किसकी भूमिका थी, कितने रुपये लिए जाते थे, कौन-कौन से



लोग शामिल थे, क्या कुछ पैरामीटर था और किस तरह से नियुक्ति के लिए जाल बिछाए जाते थे आदि के बारे में तापस से पूछताछ हो रही है। सूत्रों ने बताया है कि 50 कॉलेजों के अधिकारियों को पूछताछ के लिए ईडी ने तलब किया है। उसके लिए सवालों की सूची बनाई जा रही है। तापस से हुई पूछताछ में सामने आए तथ्य बेहद महत्वपूर्ण और मददगार साबित हो सकते हैं। तापस की संस्था का नाम मिनारवा एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी है जिस के अकाउंट में करोड़ों रुपये का लेनदेन हुआ है। इसका संबंध माणिक भट्टाचार्य से किस तरह से था, कैसे शिक्षक नियुक्ति के रुपये को ब्लैक से वाइट किया जाता था आदि के बारे में लगातार इनसे पूछताछ हो रही है। तापस ने अधिकारियों को बताया है कि राज्य के 530 निजी बीएड कॉलेजों में ऐसे छात्रों को एडमिशन दिया गया था जिन्हें शिक्षक के तौर पर नियुक्त करना था और उनकी पहचान के लिए उनसे पंजीकरण करवाया गया था। प्रत्येक छात्र से पांच-पांच हजार रुपये लिए गए थे जो सीधे माणिक भट्टाचार्य के पास पहुंचे थे। इसमें तापस मंडल ने बिचौलिए की भूमिका निभाई थी।

## गया में पीएलएफआई का नक्सली जयराम यादव गिरफ्तार

**गया (एजेंसी)।** बिहार के गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 29वी वाहिनी की टीम ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) नक्सली जयराम यादव को गिरफ्तार कर लिया। एसएसबी के कमांडेंट एच.के. गुप्ता ने शनिवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर सशस्त्र सीमा बल एवं टेक्निकल सेल गया ने संयुक्त कार्रवाई कर नक्सली जयराम यादव को बीबीपेसरा गांव के समीप से गिरफ्तार कर लिया। श्री गुप्ता ने बताया कि जयराम यादव पर वर्ष 2016 में पोकलेन मशीन जलाने को लेकर परैया थाना में कांड संख्या 70 /2016 दर्ज किया गया था। गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ की जा रही है।

## पांच दिसंबर को दिल्ली जायेंगी ममता बनर्जी, प्रधानमंत्री संग बैठक की संभावना

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर राजधानी दिल्ली के दौरे पर जाने वाली हैं। सचिवालय सूत्रों ने बताया है कि दिसंबर महीने के पहले सप्ताह में वह दिल्ली जाएंगी जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संग उनकी मुलाकात हो सकती है। खुद प्रधानमंत्री ने देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को समन्वय बैठक के लिए बुलाया है जिसमें ममता बनर्जी के शामिल होने की संभावना है। सचिवालय सूत्रों ने बताया है कि मुख्यमंत्रियों संग बैठक के बाद ममता बनर्जी के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अलग से बैठक कर सकते हैं। इसमें राज्य के विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल सरकार लगातार दावा करती रही है कि ग्राम सड़क योजना के लिए राज्य का 5500 करोड़ रुपये केंद्र के पास बकाया है। इसनें से केवल 584 करोड़ रुपये केंद्र ने दिया है जबकि 4916 करोड़ रुपये अभी भी दिए जाने हैं। ममता बनर्जी यह भी दावा करती रही हैं कि राज्य सरकार के जीएसटी के तौर पर नौ हजार करोड़ रुपये केंद्र से मिलने हैं लेकिन अभी तक नहीं मिले हैं। इसी संबंध में दोनों नेताओं के बीच वार्ता हो सकती है।

### ममता ने फोन कर नवनियुक्त राज्यपाल का किया स्वागत

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस को पदभार संभालने से पहले फोन कर राज्य में स्वागत किया है। शनिवार को सीएम के करीबी सूत्रों ने बताया है कि मुख्यमंत्री ने बोस को फोन किया और उन्हें आश्वस्त किया है कि राजभवन के साथ राज्य सरकार सौहार्दपूर्ण संबंधों को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से राजभवन को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है और कहा है कि मिलजुलकर राज्य के लोगों की बेहतरी के लिए काम किया जाएगा। राज्यपाल ने भी मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया है कि राजभवन शासन संचालन में सहायक की भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा है कि राज्यपाल संविधान के संरक्षक और पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। मैं भी आपके साथ मिलकर राज्य के लोगों की बेहतरी के लिए काम करूंगा। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर सी वी बोस की नियुक्ति को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने नाराजगी जताई थी और दावा किया था कि मुख्यमंत्री से मशविरा किए बगैर उनकी नियुक्ति की गई। एक दिन पहले बोस ने भी एक बयान में कहा था कि वह राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच सेतु की भूमिका निभाएंगे।

## गैस सिलेंडर में लगी भीषण आग एक ही परिवार के पांच लोग झुलसे



**हाथरस (एजेंसी)।** सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव कूपा खुर्द में शुक्रवार की देर रात घर में छत पर मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाते समय दूर रखे गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग लगने से पांच लोग झुलस गए। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू कर दिया। कूपा खुर्द निवासी शहजाद की पत्नी नूर बानो शुक्रवार की देर रात घर के ऊपरी मंजिल पर मिट्टी के चूल्हे पर खाना बना रही थी। वहां दस मीटर की दूरी पर गैस सिलेंडर रखा हुआ था। इसी दौरान सिलेंडर ने आग पकड़ ली। आग के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आग बुझाने के प्रयास में शहजाद उसकी पत्नी नूर बानो, बेटा अफजल तथा इमरान समेत बेटी सवाना झुलस गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## जोगबनी में फलफूल रहा है हवाला का कारोबार, अंतरराज्यीय गिरोह देते हैं अंजाम

**अररिया (एजेंसी)।** भारत-नेपाल सीमा से सटे जोगबनी में हवाला का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है और बकायदा न केवल इसमे स्थानीय कारोबारी बल्कि बिहार के बाहर के भी कारोबारी इन दिनों पहुंच कर इसको अंजाम दे रहे हैं। हवाला का कारोबार ऐसा है कि पैसों के अवैध हस्तांतरण के लिए चार से नौ फिसदी तक बट्टा(कमीशन) वसूला जा रहा है। इन दिनों पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी,मालदा समेत बिहार के जोगबनी, पूर्णिया, कटिहार और अन्य बड़े महानगरों के कारोबारी इस गोरखधंधे में लगे हैं। इतना ही नहीं कई सफेदपोश भी इस गोरखधन्धे को अंजाम दे रहे हैं। सीमा क्षेत्र के कई दुकानदार और कारोबारी के साथ सफेदपोश लोग इस गोरखधंधे में कमीशन बेसिस पर काम कर रहे हैं। पैसों के अवैध हस्तांतरण में युवाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावे भारत-नेपाल के बीच काम करने वाले एजेंट इस गोरखधंधे में शामिल हैं।




### हवाला कारोबार है क्या...

हवाला कारोबार का मतलब किसी एक इंसान या कोई भी ऐसा इंसान जिसे हवाले के जरिये उसे पैसे देना है और उस व्यक्ति द्वारा उन पेसो का हस्तान्तरण करना है। इस प्रक्रिया में अवैध रूप से एक देश से दूसरे देश में विदेशी मुद्रा का विनिमय किया जाता है। हवाला विदेशी मुद्रा का एक स्थान से दूसरे स्थान पर गैर कानूनी तरीके से हस्तांतरण है, यह दलालो द्वारा किया गया कारोबार या व्यापार कहलाता है। इस कारोबार मे संबंधित व्यक्ति से रुपया लेने का अर्थ है-अवैध रूप से प्राप्त रकम अवैध तरीके से लेना। कुछ व्यापारी या बिजनेस टैकून हवाला के जरीए ही काले धन को गैरकानूनी तरीके से सफेद करते हैं।

### बॉर्डर सील का उठा रहे हैं फायदा...

नेपाल में इन दिनों चुनाव है और इसको लेकर सीमा को 72 घंटे पहले से ही सील कर दिया गया है और इसका फायदा परोक्ष और अपरोक्ष रूप से हवाला कारोबारी उठा रहे हैं। सीमा सील होने के कारण चार फिसदी का कमीशन नौ फिसदी तक पहुंच चुका है। स्थानीय स्तर पर कमीशन बढ़ जाने के कारण सिलीगुड़ी समेत दूसरे अन्य महानगरों के कारोबारी भी इस गोरखधंधे में शामिल हो जाने की बात कही जा रही है।

भारतीय सीमा क्षेत्र से सटे नेपाल के सीमाई इलाकों में भारी मात्रा में नेपाली करेंसी के साथ भारतीय करेंसी के नेपाली सुरक्षा एजेंसी द्वारा पकड़े जाने को भी हवाला कारोबार से जोड़कर देखा जा रहा है। बहरहाल जिस तरह से भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र जोगबनी में हवाला का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। वह न केवल भारतीय राजस्व को ही नुकसान पहुंचा रहा है,बल्कि भारत समेत नेपाल के अर्थव्यवस्था को भी चोट कर रहा है।

## धान अधिप्राप्ति के लिए उपलब्ध है पर्याप्त राशि, 3655 किसानों ने कराया निबंधन

**बेगूसराय (एजेंसी)।** धान खरीद शुरू होने के संबंध में लगातार मिल रही गड़बड़ी संबंधी सूचना के मद्देनजर जिला प्रशासन हर पहलू पर नजर रख रही है। डीएम रोशन कुशवाहा ने बताया कि जिला प्रशासन सभी इच्छुक एवं निबंधित किसानों से धान अधिप्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में बिहार सरकार के सहकारिता विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देश के आलोक में पारदर्शितापूर्ण तरीके से धान अधिप्राप्ति संबंधी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने बताया कि जिले में धान अधिप्राप्ति के लिए 94 पैक्स एवं दो व्यापार मंडल का चयन किया गया है। केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड बेगूसराय द्वारा चयनित समितियों में से 87 समितियों को धान की उपलब्धता के



मद्देनजर अधिप्राप्ति के लिए निर्धारित लक्ष्य का 20 प्रतिशत कैश क्रेडिट ऋण स्वरूप सात करोड़ 83 लाख रुपए उपलब्ध करा दी गई है, ताकि धान अधिप्राप्ति का कार्य सुचारू रूप से हो सके। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया शुरू है। जिले में अब तक 3655 इच्छुक किसानों ने ऑनलाईन निबंधन कराया है, जिसमें 1458 रैयत एवं 2197 गैर-रैयत किसान हैं। कृषि कार्यालय द्वारा प्रतिवेदित 35 हजार 223 मिट्रिक टन के संभावित उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुए जिला टास्क फोर्स द्वारा 20 हजार मिट्रिक टन धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। 15 नवम्बर से 15 फरवरी तक निबंधित किसानों के माध्यम से धान अधिप्राप्ति की जाएगी। धान अधिप्राप्ति की सीमा रैयत के लिए 250 क्विंटल तथा गैर-रैयत के लिए एक सौ क्विंटल निर्धारित की गई है। साधारण धान के लिए 2040 रुपए प्रति क्विंटल एवं ग्रेड-ए धान के लिए 2060 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित है। कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाईन निबंधन एवं अधिप्राप्ति में कठिनाई होने पर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी या जिला सहकारिता पदाधिकारी के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज गैलरी

### ईस्ट और हॉप्स की बड़ी जीत से शुरुआत



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** हॉप्स एफसी ने खेलो इंडिया अंडर-17 महिला फुटबाल लीग के पहले दिन शनिवार को गोलों की बौछार करते हुए जुबा संघा को 6-0 से हरा कर अपने अभियान की शुरुआत की। नेहरू स्टेडियम पर दिन के अन्य मैचों में रॉयल रेंजर्स ने सिग्नेचर एफसी को 2-0 से हराया, जबकि पहले मैच में ईस्ट ने पंजाब हीरोज को 7-0 से पीटा। विजेता के लिए खुशबू, अहाना, रीत, श्वेता, संध्या, जूही और सोफी ने एक एक गोल जमाये। राष्ट्रीय टीम की खिलाड़ियों से सजी हॉप्स की अनुभवी खिलाड़ियों के सामने जुबा संघा की छोटी उम्र और हल्की कद काठी की लड़कियां चल नहीं पायीं। विजेता के लिए दिनाक्षी ने दो और पारुल, मुस्कान, खुशी और पूजा ने एक-एक गोल किये।

### दिल्ली ने सिक्किम को 10 विकेट से हराया

**कोलकाता (एजेंसी)।** अनियमित स्पिनर ललित यादव और नितीश राणा ने आपस में छह विकेट लिये जिससे दिल्ली ने विजय हजारे एकदिवसीय ट्रॉफी में शनिवार को यहां सिक्किम को 10 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखी है। लगातार दो मैचों में जीत के साथ दिल्ली ने अपनी उम्मीदें जीवंत रखी है। दिल्ली ने सिक्किम को 34.4 ओवर में 76 रन पर आउट करने के बाद महज 9.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद राणा ने छह ओवर में 12 रन देकर तीन जबकि यादव ने आठ ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिये। नियमित ऑफ स्पिनर शिवांग वशिष्ठ ने छह ओवर में 16 रन देकर एक विकेट लिये। सिक्किम के 11 में से आठ बल्लेबाज पांच रन के आंकड़े को भी पार करने में विफल रहे।

### ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड को 72 रन से हराया

**सिडनी (एजेंसी)।** शनिवार को ऑस्ट्रेलिया टीम ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गये दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड को 72 रन से मात दी है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की इस वनडे सीरीज में 2-0 से अजय बढ़त बना ली है। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट के नुकसान पर 280 का स्कोर बोर्ड पर खड़ा किया। बल्लेबाजी के दौरान ऑस्ट्रेलिया के दोनों सलामी बल्लेबाज फ्लॉप रहे। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 16 रन, जबकि उनके साथी ट्रेविस हेड 19 रन बनाकर आउट हुए। शुरुआती झटकों के बाद ऑस्ट्रेलिया टीम को स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुछेन ने संभाला। स्मिथ ने 114 गेंदों में 94 रन की पारी खेली, वहीं लाबुछेन ने 55 गेंदों में 58 रनों बनाये। इन दोनों के अलावा मिशेल मार्श ने भी अर्धशतकीय पारी खेली, उन्होंने 59 गेंदों में 50 रन की पारी खेली। इन तीनों बल्लेबाजों के अलावा ऑस्ट्रेलिया का और कोई भी बल्लेबाजी प्रभावित नहीं कर पाया, विकेटकीपर एलेक्स कैरी बिना खाता खोले प्वेलियन लौट गए और मार्कस स्टोनिस 13 रन की पारी खेली।

# रोहित से छिन सकती है टी-20 कप्तानी, हार्दिक बन सकते हैं कैप्टन

**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी को बर्खास्त करने के बाद अब बीसीसीआई की नजर टी-20 कप्तान रोहित शर्मा पर है। ऐसा कहा जा रहा है कि उन्हें टी-20 की कप्तानी से हटाया जा सकता है। टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत को इंग्लैंड से 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। बीसीसीआई ने गुरुवार को चेतन शर्मा की अगुआई वाली सिलेक्शन कमेटी को बर्खास्त कर दिया था। चेतन शर्मा के अलावा तीन अन्य चयनकताओं को भी पद से हटा दिया है। इनके लिये आवेदन बुलाये गये हैं। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सिलेक्शन कमेटी के बाद अब कप्तान रोहित शर्मा पर कार्रवाई की जा सकती है। रोहित वनडे और टेस्ट क्रिकेट के कप्तान बने रहेंगे, जबकि 2024 में होनेवाले टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए हार्दिक पंड्या को टीम की कप्तानी सौंपी जा सकती है। फिलहाल, हार्दिक न्यूजीलैंड दौरे पर गयी टीम इंडिया के टी-20 के कप्तान हैं। अगर उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन बेहतर रहता है तो जल्द ही उनके नाम पर मुहर लग सकती है।

### हार्दिक क्यों कप्तानी की पहली पसंद



**हार्दिक** की कप्तानी में टीम इंडिया ने तीन टी-20 मैच खेले हैं। तीनों में भारतीय टीम ने जीत का स्वाद चखा है।आईपीएल में डेब्यू करनेवाली गुजरात टाइटंस को हार्दिक ने अपनी कप्तानी में पहली बार में ही चैम्पियन बनाया। उनका खुद प्रदर्शन भी शानदार रहा है। अब तक टी-20 के खेले 79 मैच में 1117 रन बनाये और 62 विकेट लिये। आईपीएल में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते हुए 15 मैचों में लगभग 45 की औसत से 487 रन बनाये और आठ विकेट भी लिये हैं।

### टी-20 में रोहित का परफॉर्मेंस

**टी-20** वर्ल्ड कप में रोहित का खुद का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा। उन्होंने छह मुकाबलों में 19.33 की औसत से 116 रन बनाये हैं। उनका स्ट्राइक रेट 106.42 का रहा है। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने दो बड़े टूर्नामेंट में भाग लिया। दोनों ही टूर्नामेंट में टीम फाइनल में नहीं पहुंच सकी। सबसे पहले रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने एशिया कप में भाग लिया। टीम इंडिया टॉप फोर में भी नहीं पहुंच पायी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में खेले गये टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

# मनिका बत्रा ने जीता कांस्य



**बैंकॉक (एजेंसी)।** स्टार भारतीय खिलाड़ी मनिका बत्रा ने एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पदक जीतनेवाली पहली भारतीय महिला पैडलर बनकर इतिहास रच दिया है। मनिका ने शनिवार को चल रहे एशियाई कप टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक मुकाबले में विश्व नंबर 6 और 3 बार की एशियाई चैम्पियन हिना हयात को 4-2 (11-6, 6-11, 11-7, 12-10, 4-11, 11-2) से हराकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले, वह सेमीफाइनल मैच में मीमा इतो से 2-4 (8-11, 11-7, 7-11, 6-11, 11-8, 7-11) से हार गई थी। बत्रा ने गुरुवार पहले दौर में चीन की विश्व के सातवें नंबर की खिलाड़ी चेन जिंगटोंग को हराया था। हुआमार्क इंडोर स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा करते हुए, विश्व नंबर 44 बत्रा ने चौथी वरीयता प्राप्त जिंगटोंग को 4-3 (8-11, 11-9, 11-6, 11-6, 9-11, 8-11, 11-9) से हराया।

# चीफ सिलेक्टर के लिए बीसीसीआई की पहली पसंद हैं अजीत अगरकर

## आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच से देना होगा इस्तीफा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नये चीफ सिलेक्टर की तलाश शुरू कर दी है। बीसीसीआई ने चेतन शर्मा की अगुआई वाली चार सदस्यीय चयन कमेटी को शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया था। बीसीसीआई ने नयी चयन कमेटी के लिए एप्लिकेशन मांगी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछली बार चीफ सिलेक्टर बनने से रह गये पूर्व तेज गेंदबाज अजीत आगरकर बीसीसीआई की पहली पसंद हैं।



### अगरकर के क्रिकेट करियर पर एक नजर

- 26 टेस्ट में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए 58 विकेट ले चुके हैं।
- 191 वनडे में टीम इंडिया को रिप्रेजेंट करते हुए 288 विकेट ले चुके हैं।
- चार टी-20 इंटरनेशनल मैचों में भारतीय टीम के लिए तीन विकेट ले चुके हैं।
- 110 फर्स्ट क्लास मैंचों में 299 विकेट हैं।

### क्यों हैं पहली पसंद

- अगरकर के पास तीनों फॉर्मेट खेलने का अनुभव है। वह टेस्ट और वनडे के अलावा 4 टी-20 इंटरनेशनल में भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।
- आईपीएल में भी खेल चुके हैं और वर्तमान में दिल्ली कैपिटल्स की कोचिंग स्टाफ से जुड़े हैं। ऐसे में उसका अनुभव और इनपुट टीम चयन में महत्वपूर्ण हो सकता है।
- युवा खिलाड़ियों के साथ भी उनके अच्छे संबंध हैं और आईपीएल में उनके साथ काम किया है। वह उन्हें समझते हैं। वहीं घरेलू ढांचे की अच्छी समझ है।


अगरकर के नाम 270 लिस्ट ए मैचों में 420 और 62 टी-20 मैचों में 47 विकेट हैं।

### चेतन शर्मा सहित चार चयनकर्ताओं को किया गया बर्खास्त

**चीफ** सेलेक्टर चेतन शर्मा सहित चार खिलाड़ियों को बर्खास्त किया गया है। चेतन उत्तर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके अलावा हरविंदर सिंह (मध्य क्षेत्र), सुनील जोशी (दक्षिण क्षेत्र) और देबाशीष मोहंती (पूर्वी क्षेत्र) चयन कमेटी में शामिल थे। इनमें से कुछ की नियुक्ति 2020, तो कुछ की 2021 में की गयी थी। एक सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता का कार्यकाल अमूमन चार साल का होता है और उसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। अभय कुरूविला का कार्यकाल समाप्त होने के कारण पश्चिम क्षेत्र से कोई चयनकर्ता नहीं था।

# अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस : ओलंपियन मोहम्मद रियाज और देवराजन सम्मानित

**चेन्नई (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस (आईएमडी) के अवसर पर आज अनुभवी ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी मोहम्मद रियाज और मुक्केबाज वी. देवराजन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. कामराज हॉस्पिटल फॉर मेंस हेल्थ इंटरनेशनल ऑर्थो एंड ट्रॉमा केयर सेंटर ने वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ सेक्सुअल हेल्थ (डब्ल्यूएएस), इंडियन एसोसिएशन फॉर सेक्सोलॉजी (आईएएस) और आकाश फर्टिलिटी सेंटर एंड हॉस्पिटल के सहयोग से किया था।




इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ. टी. कामराज ने ओलंपियनों द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण योगदान पर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अर्जुन पुरस्कार विजेता देवराजन 1994 में थाईलैंड में विश्व कप मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतनेवाले तमिलनाडु के पहले मुक्केबाज हैं। उन्होंने कहा कि हॉकी स्टार मोहम्मद रियाज भी एक ओलंपियन हैं। उनको 1998 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था और वह 1988 में बैंकाक में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 1994 में हिरोशिमा एशियाई खेलों में रजक पदक जीतनेवाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। डॉ. कामराज ने कहा कि विश्वस्तर पर महिलाओं की तुलना में पुरुषों का जीवनकाल पांच साल कम है और 92 प्रतिशत मौतों में पुरुष हैं, जो शराब के आदी है। उन्होंने कहा कि पुरुषों को इन चीजों से बचाने के लिए इनमें जागरुकता पैदा करना ही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा कि अब तक हम फिल्मी हीरो को सम्मानित करते आए है। आज हम अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस पर वास्तविक हीरो को सम्मानित कर रहे हैं। इस अवसर पर देवराजन ने अपने संबोधन में कहा कि वह यह जानकर खुश हैं कि आईएमडी मनाया जा रहा है - शायद पहली बार - जैसे हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह वे पुरुष हैं जिन्होंने देश और अपने परिवार के लिए काम किया। अगर वे चुस्त और तंदुरुस्त हैं, तो परिवार खुश रहेगा।

# नीरज चोपड़ा समेत चार एथलीट विदेशी शिविरों में लेंगे प्रशिक्षण

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा समेत चार दिग्गज एथलीटों को विदेशी प्रशिक्षण शिविरों में ट्रेनिंग के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार को अपनी 86वीं बैठक में नीरज के यूनाइटेड किंगडम (यूके) के लोफबोरो विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। नीरज, कोच डॉ. क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियोथेरेपिस्ट ईशान मारवाहा के साथ लॉफबोरो में 63 दिनों तक प्रशिक्षण लेंगे। वह इस सप्ताह के अंत तक इंग्लैंड रवाना हो जायेंगे। नीरज के अलावा एमओसी ने शटलर किदांबी श्रीकांत के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी है जो अपने कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ 29 दिनों के लिए प्रिज्मा स्पोर्ट्स क्लब, जकार्ता, इंडोनेशिया में प्रशिक्षण लेंगे। पहलवान दीपक पुनिया अपने फिजियोथेरेपिस्ट के साथ भारत में प्रशिक्षण लेंगे, वहीं जेवलिन थ्रोअर और कॉमनवेल्थ गेम्स की पदक विजेता अनु रानी अपने फिजियोथेरेपिस्ट के साथ जर्मनी में प्रशिक्षण लेंगी। इनके लिये पैसे का इंतजाम भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के तहत किया जायेगा। इसमें खिलाड़ी और उनके सहयोगी स्टाफ की उड़ान, आवास, स्थानीय यात्रा और अन्य खर्चों के साथ भोजन की लागत शामिल होगी। प्रत्येक एथलीट को अपने प्रवास के दौरान किसी भी अन्य खर्च के लिए प्रतिदिन 50 डॉलर का आउट-ऑफ-पॉकेट भत्ता भी मिलेगा। सभी एथलीटों के प्रशिक्षण के लिए कुल करीब 94 लाख रुपये खर्च होंगे।

# वैश्विक एकता को प्रोत्साहित करेगा फीफा वर्ल्ड कप

**ज्यूरिख (एजेंसी)।** दुनिया में सर्वाधिक लोकप्रिय खेल फुटबॉल की ताकत का इस्तेमाल विश्व में सकारात्मक बदलाव लाने के मकसद से फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) विश्व कप 2022 के दौरान संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की तीन एजेंसियों के साथ मिलकर स्वास्थ्य, एकता और गैर भेदभाव को बढ़ावा देनेवाले संदेश भेजने के कई अभियान चलायेगा। फीफा ने इस सिलसिले में एक अधिकृत बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र की सहयोगी एजेंसियां शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को), विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ फीफा करोड़ों खेल प्रशंसकों के जरिये दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के संदेश प्रसारित करेगा। इन अभियानों ने सदस्य संघों से प्राप्त फीडबैक को ध्यान में रखा गया है,




जो फीफा की तरह दुनिया भर में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए फुटबॉल की शक्ति का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैच के दौरान टीम के कप्तानों के आर्मबैंड के जरिये भाग लेनेवाली टीमों को मैसेजिंग के अवसर प्रदान किये जायेंगे, साथ ही मैदान के चारों ओर विशाल एलईडी स्क्रीन और स्टेडियमों में लगे झंडों पर प्रदर्शित होने वाली सहायक सामग्री के अलावा फीफा के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संदेश भेजे जायेंगे।

बयान में कहा गया है कि इन अभियानों के पीछे एकजुट होकर, फीफा और इसके 211 सदस्य संघ दुनिया के हर कोने में दिखायेंगे कि हमारे मतभेदों के बावजूद फुटबॉल में लोगों को एक साथ लाने और एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभारने की ताकत है। फीफा विश्व कप कतर 2022 रविवार को शुरू हो रहा है, जब मेजबान देश अल बायत स्टेडियम में इक्वाडोर से भिड़ेगा। प्रतियोगिता में कुल 64 मैच खेले जायेंगे जबकि 18 दिसम्बर को लुसेल स्टेडियम पर फाइनल मुकाबला होगा।

# फीफा वर्ल्ड कप : मेसी, रोनाल्डो पर फुटबॉल प्रशंसकों की रहेंगी नजर

**कतर (एजेंसी)।** खेल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के 24वें सीजन के शुरू होने का समय नजदीक आ गया है, जो कतर में रविवार से आयोजित किया जायेगा। साथ ही दो फुटबॉल स्टार दिग्गज लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो में भाग ले रहे हैं। इन दो दिग्गजों के भाग लेने के बाद कतर में फुटबॉल प्रशंसकों की निगाहें इन दो खिलाड़ियों पर रहेंगी। दोनों ने यूरोप में अपने संबंधित मेगा क्लबों के लिए कई गोल किये हैं और एक दशक से अधिक समय तक अपने राष्ट्रीय पक्ष का नेतृत्व किया है। दोनों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और अपने क्लब के लिए जीत हासिल की है। जैसा कि वे कतर में अपने पांचवें विश्व कप के लिए तैयार हैं, मेसी और रोनाल्डो दोनों दुनिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट में अपनी आखिरी उपस्थिति में खिताब जीतकर आगे बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं। जबकि अर्जेंटीना के मेस्सी 35 साल के हैं, पुर्तगाली स्टार रोनाल्डो 37 साल के हैं और इस बात की बहुत कम संभावना है कि वे एक और विश्व कप खेलेंगे और यह स्पष्ट है कि पिछले कुछ वर्षों में उन्हें इस तरह की सफलता नहीं मिली है और वे अपने शानदार करियर के घरेलू चरण में हैं। दोनों मेसी के लिए 114 गोल और रोनाल्डो के लिए 117 गोल के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने-अपने देशों के लिए सर्वोच्च स्कोरर हैं।

मेसी ने यूरोपीय लीग में एक साल में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दी जानेवाली ट्रॉफी बैलन डी ओर सात बार जीती है, जबकि रोनाल्डो ने इसे पांच बार जीता है। विश्व कप में, मेसी ने रोनाल्डो की तुलना में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है, एक बार अर्जेंटीना को फाइनल में ले जाने के बाद ब्राजील में खेले गये 2014 के सीजन में जब वे जर्मनी से 1-0 से हारकर उपविजेता रहे थे। पुर्तगाल के साथ रोनाल्डो की दो सफलताओं में यूरो 2016 और यूईएफए नेशंस लीग का 2018 सीजन जीतना शामिल है, फाइनल में नीदरलैंड को 1-0 से हराया। लेकिन मेसी और रोनाल्डो दोनों ने अच्छी तैयारी नहीं की है। मेसी हाल ही में बार्सिलोना से फ्रेंच क्लब में जाने के बाद पेरिस सेंट-जर्मेन में शामिल हो गये हैं। पीएसजी के साथ बेहद निराशाजनक शुरुआती सीजन के बाद, मेसी ने सीजन के शुरुआती नौ मैचों में चार गोल और सात असिस्ट करके शुरुआत की। उन्होंने इस सीजन में अब तक 12 गोल किये हैं और अपने युवा साथियों के साथ तालमेल बिठाने और विश्व कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहे हैं। दूसरी ओर रोनाल्डो मैनचेस्टर यूनाइटेड से नाखुश हैं, जिसमें वह 2021 में दूसरे कार्यकाल के लिए शामिल हुए थे। अपने क्लब के लिए शीर्ष स्कोरर होने के बावजूद, उन्होंने मार्कस रैशफोर्ड और एंथोनी मार्शल की पसंद के लिए शुरूआती लाइन-अप में अपना स्थान खो दिया है।



- जोहान क्रूफ, यूसेबियो, फेरेंक पुस्कस, मिशेल प्लाटिनी, अल्फ्रेडो डि स्टेफानो, जॉर्ज बेस्ट और जिको के बीच एक अजीब समानता है। वे सभी फुटबॉल के दिग्गज हैं, लेकिन कभी भी खेल का सबसे प्रतिष्ठित खिताब फीफा विश्व कप उठाने में कामयाब नहीं हुए

### ग्रुप सी में सऊदी अरब, मैक्सिको और पोलैंड के विरोधियों के रूप में है कतर

**कतर-2022** विश्व कप में अर्जेंटीना ग्रुप सी में सऊदी अरब, मैक्सिको और पोलैंड के विरोधियों के रूप में है और अर्जेंटीना को अगले चरण में आसानी से आगे बढ़ना चाहिए। उनकी मुख्य चुनौती इसके बाद शुरू होगी। मेक्सिको के दूसरे स्थान पर रहने की उम्मीद है, लेकिन पोलैंड हमेशा खतरनाक स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के अच्छे फॉर्म में होने के कारण कुछ आश्चर्य कर सकता है। दूसरी ओर पुर्तगाल ग्रुप एच में है और घाना दो बार के विजेता उरुग्वे और दक्षिण कोरिया की चुनौती का सामना कर सकता है। वे 24 नवम्बर को घाना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पुर्तगाल और रोनाल्डो को इस समूह से सफलतापूर्वक बातचीत करने और अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। कोच फर्नांडो सैंटोस की टीम काफी मजबूत है, जो उनकी फीफा रैंकिंग नंबर 9 से झलकती है। टीम रोनाल्डो पर काफी निर्भर है और उन्हें अपने समूह में शीर्ष पर पहुंचने में मदद करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। यदि वह कतर में पुर्तगाल को सफलता की ओर ले जाता है, तो रोनाल्डो अपने करियर को पुनर्जीवित कर सकते हैं और मैनचेस्टर यूनाइटेड में समस्याओं से पार पा सकते हैं। खेल का दबाव इन दो सुपरस्टार्स पर है कि वे अपने पिछले विश्व कप में अधिक से अधिक प्रदर्शन करें।



## न्यूज गैलरी

### कृषि, ग्रामीण मजदूरों संबंधी महंगाई दर अक्टूबर में हल्की नरमी

नयी दिल्ली। कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 1986-87=100) पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर 2022 में एक माह पहले की तुलना में नरम होकर क्रमश: 7.22 प्रतिशत और 7.34 प्रतिशत थी। यह जानकारी श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण श्रमिकों से संबंधित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर 2022 में क्रमश: 7.69 प्रतिशत और 7.90 प्रतिशत थी। पिछले वर्ष की तुलना में मुद्रास्फीति का स्तर अब भी काफी ऊंचा है। पिछले वर्ष अक्टूबर महीने के दौरान कृषि श्रमिकों और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति क्रमश: 2.76 प्रतिशत और 3.12 प्रतिशत थी। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खाद्य मुद्रास्फीति अक्टूबर, 2022 में क्रमश: 7.05 प्रतिशत और 7.00 प्रतिशत रही जबकि सितंबर में यह क्रमश: 7.47 प्रतिशत और 7.52 प्रतिशत तथा और पिछले वर्ष के इसी महीने के दौरान क्रमश: 0.39 प्रतिशत और 0.59 प्रतिशत थी। पिछले वर्ष की तुलना में मुख्य रूप से चावल, गेहूं-आटा, ज्वार, रागी, दाल, दूध, घी की कीमतों में वृद्धि के कारण कृषि मजदूरों और ग्रामीण मजदूरों के सामान्य मूल्य सूचकांक में वृद्धि हुई है।

### राजीव चंद्रशेखर ने व्यापार में नागालैंड पवेलियन का किया भ्रमण

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार यहां प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में नागालैंड पवेलियन का दौरा किया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अुनसार उन्होंने राज्य के विभिन्न विभागों, गैर-सरकारी संगठनों और राज्य के कारीगरों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का दौरा किया। श्री चंद्रशेखर ने नागालैंड के निहुनुओ सोरही से मुलाकात की-राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार (दो बार) और संत कबीर पुरस्कार प्राप्त किया और हथकरघा विरासत को जीवित रखने में बहुमूल्य योगदान देने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंनेने ड्रीम ड्रैगन फ्रूट फार्म के स्टाल का भी दौरा किया-और युवा नागा महिला उद्यमी लुसी न्गुल्ली से मुलाकात की, जो फार्म की मालिक हैं और जैविक ड्रैगन फ्रूट वाइन के उत्पादन में प्रवेश कर चुकी हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 14.72 अरब बढ़कर 544.72 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 14.72 अरब डॉलर बढ़कर 544.72 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह 1.09 अरब डॉलर घटकर 529.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 11.8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 482.53 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 2.64 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 39.7 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 16.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 17.6 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 11.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.94 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### यात्रा ऑनलाइन को आईपीओ लाने के लिए सेबी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिली है। यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड की पितृ कंपनी यात्रा ऑनलाइन इंक ने यह जानकारी दी। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, निर्गम के तहत कंपनी 750 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी करेगी। इसके अलावा 93,28,358 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी की जाएगी। नैसडेक में सूचीबद्ध यात्रा ऑनलाइन इंक ने एक बयान में कहा कि यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड को मार्च में जमा कराए आईपीओ दस्तावेजों के संबंध में 17 नवंबर को बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिली। कंपनी आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल रणनीतिक निवेश, अधिग्रहण और कारोबार वृद्धि के लिए करेगी।

# 2030 तक इंतजार, हम दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनॉमी होंगे, अडानी को भरोसा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल 2030 तक भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन जाएगा। यह भरोसा दुनिया के तीसरे सबसे रईस अरबपति गौतम अडानी को है। गौतम अडानी के मुताबिक देश की इकोनॉमी 2050 तक दुनिया में दूसरे स्थान पर आ जाएगी। अडानी ने मुंबई में वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ अकाउंटेंट्स 2022 को संबोधित करते हुए ये बात कही। वेंचर कैपिटल फंडिंग में तेजीः गौतम अडानी ने कहा कि अगले तीन दशक भारत को उद्यमिता के मामले में सबसे आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत में यूनिकॉर्न्स की रफ्तार दुनिया में सबसे तेज है। गौतम अडानी ने कहा- मुझे उम्मीद है कि स्टार्टअप्स की संख्या भारत में वेंचर कैपिटल यानी श्उ फंडिंग की ओर ले जाएगी। भारत ने पहले ही आठ वर्षों में श्उ फंडिंग में 50 बिलियन डॉलर की तेजी देखी है। रिन्यूएबल एनर्जी पर गौतम अडानी ने कहा कि सोलर और ग्रीन एनर्जी का संयोजन, ग्रीन हाइड्रोजन के साथ मिलकर भविष्य के लिए बड़े अवसर खोलेगा। अडानी ने कहा कि साल 2050 तक, भारत के पास ग्रीन एनर्जी का शुद्ध निर्यातक बनने की क्षमता है। इसके साथ ही अडानी ने देश की इकोनॉमी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की पहल की सराहना की। मजबूत सरकार से बढ़ी क्षमताः अडानी ने कहा- साल 1947 में, एक राय थी कि भारतीय लोकतंत्र जीवित नहीं रहेगा। न केवल हम जीवित रहे, बल्कि अब भारत को सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण के लिए एक रोल मॉडल के रूप में माना जाता है। गौतम अडानी ने आगे कहा कि दो दशक से अधिक समय के बाद, अब हमारे पास बहुमत की सरकार है। इसने हमारे देश को कई संरचनात्मक सुधार शुरू करने की क्षमता दी है।

> ▸▸ साल 2050 तक, भारत के पास ग्रीन एनर्जी का शुद्ध निर्यातक बनने की क्षमता है। इसके साथ ही अडानी ने देश की इकोनॉमी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की पहल की सराहना की।

### टाटा ग्रुप ने चार एयरलाइंस एक साथ मिलने के संकेत दिए

**मुंबई।** टाटा ग्रुप एअर इंडिया के तहत अपने चार एयरलाइन ब्रांड को मर्ज करने और विस्तारा ब्रांड को खत्म करने पर विचार कर रहा है। ग्रुप यह कवायद लड़खड़ाते एविएशन एम्पायर को फिर से खड़ा करने के प्रयासों के तहत कर रहा है। घटनाक्रम से करीबी तौर पर जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। विस्तारा एयरलाइंस, टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस (SIA) का जॉइंट वेंचर है। कंपनी जॉइंट यूनिट में हिस्सेदारी के आकार का मूल्यांकन कर रही है। सिंगापुर एयरलाइंस ने एक बयान में कहा है कि रक्अ और टाटा ग्रुप के बीच बातचीत चल रही है। SIA और टाटा मौजूदा साझेदारी को गहरा करना चाहते हैं। इसके लिए विस्तारा और एयर इंडिया का एकीकरण भी किया जा सकता है। एअर इंडिया का नया मालिक टाटा ग्रुप इस कंपनी को दोबारा खड़ा करने की तैयारी कर रहा है।

### चप्पल बनाने वाली कंपनी पर संकट, 67 प्रतिशत गिर गया मुनाफा, 18 महीने के लो पर पहुंचा शेयर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फुटवियर कंपनी रिलैक्सो के शेयर में लगातार गिरावट है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर 18 महीने के लो पर पहुंच गए। रिलैक्सो फुटवेयर्स के शेयर शुक्रवार के इंट्रा-डे ट्रेड में बीएसई पर 3% गिरकर 18 महीने के लो 882.45 रुपये पर पहुंच गए थे। फुटवियर कंपनी का शेयर मई 2021 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर कारोबार कर रहा। दरअसल, रिलैक्सो कंपनी को लगातार घाटा हो रहा है और इसका रेवेन्यू भी कम हुआ है। रिलैक्सो फुटवियर सस्ती कैटेगरी की चप्पलें और सैंडल बनाती हैं। इसके अलावा स्पोर्ट्स और कैजुअल शूज भी बनाती है। कंपनी पिछले 10 तिमाहियों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन दर्ज किया। 30 सितंबर को समाप्त तिमाही के लिए कच्चे माल की बढ़ती लागत, कीमतों में कटौती और सामान्य मांग में कमजोरी के कारण गिरावट आई है। जबकि कंपनी का रेवेन्यू साल-दर-साल 6% घटकर लगभग 670 करोड़ रुपये हो गया। इसके सकल मार्जिन ने 590 आधार अंकों की तेज दस्तक दी, जो 48.9% पर आ गया। जबकि ऑपरेटिंग मार्जिन 750 आधार अंकों की गिरावट के साथ 8.9% हो गया। सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 67% घटकर 22.4 करोड़ रुपये हो गया। बढ़ती महंगाई के कारण बड़े पैमाने पर ब्रिक्री घटी है। कंपनी ने कहा कि ग्राहकों को महंगाई के दबाव का सामना करना पड़ रहा था।

## मारुती सुजुकी की 3500वीं आउटलेट शुरू




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने देश में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए कारों की बिक्री के लिये आज अपनी 3500वीं सेल्स आउटलेट खोलने की उपलब्धि हासिल की। कंपनी ने जारी बयान में बताया कि वह 2250 शहरों मे मौजूद है और यह उपलब्धि उसे देश में ऐसा बड़ा नेटवर्क बनाने वाली अकेली कार कंपनी बनाती है। आज हैदराबाद में उद्घाटित हुई नेक?सा सेल?स आउटलेट कंपनी का 3500वीं सेल्स आउटलेट है। कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी पदाधिकारी शशांक श्रीवास्तव ने हैदराबाद में आउटलेट के शुभारंभ के मौके पर कहा, ग्राहकों को आनंद से भरा अनुभव प्रदान करने के लिये कंपनी का सदैव यह प्रयास रहा है कि उसके सेल?स आउटलेट्स ग्राहकों के करीब हों। इसी अभियान के अंतर्गत मारुति सुजुकी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 237 नई सेल्स आउटलेट्स अपने नेटवर्क में जोड़े। यह उल्लेखनीय है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष 2022-23 के अप्रैल से लेकर अक्टूबर की अवधि में और 170 आउटलेट्स के जुड़ने से कंपनी के नेटवर्क के विस्तार में लगातार तेजी आई है। मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिसाशी ताकेउची ने कहा, यह उपलब्धि संयोग से भारत के लोगों के साथ सुजुकी की 40 वर्षों की भागीदारी पूरी होने के अवसर पर हासिल हुई है। 3500 सेल्स आउटलेट्स से हमारी पहुंच का बढ़ना सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के उत्पादों के साथ अपने ग्राहकों तक पहुंचने के लिये कंपनी की सतत प्रतिबद्धता दिखाता है। हमारा मल्टी चैनल सेल्स नेटवर्क विभिन्न सेगमेंट्स में ग्राहकों की मांग को पूरा करने और अपने ब्रांड पर ग्राहकों के भरोसे को मजबूती देने में हमारी मदद करता है।

### परेशानी की वजह बन चुके चीन के पांच विमान बेचेगी नेपाल एयरलाइंस

**काठमांडू।** एयरलाइंस ने परेशानी की वजह बन चुके चीन के पांच विमानों को बेचने का फैसला किया है। इससे पहले घाटे में चल रही एयरलाइंस ने इन विमानों को पट्टे पर देने की पेशकश की थी, लेकिन समयसीमा में विस्तार के बावजूद कोई आगे नहीं आया। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई। उक्त चीनी विमान, नेपाली वित्त मंत्रालय के स्वामित्व में हैं, लेकिन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नेपाल एयरलाइंस उनका परिचालन करती है। काठमांडू पोस्ट अखबार ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि ब्रेकडाउन और पायलटों की कमी से 17 सीटों वाले तीन वाई12ई विमान और 56 सीटों वाले दो एमए60 विमान नेपाल एयरलाइंस के लिए सफेद हाथी बन गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नेपाल एयरलाइंस काफी पहले से इन विमानों से छुटकारा पाना चाहती थी।

## स्टार्टअप के नाम पर निवेशकों को लगाया चूना, कोर्ट ने सुनाई 11 साल की सजा, सीईओ ने कहा- शर्मिंदा हूं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका की ब्लड टेस्टिंग स्टार्टअप कंपनी थेरानोस की सीईओ एलिजाबेथ होम्स को कैलिफोर्निया के सैन जोस की एक अदालत ने 11 साल की जेल की सजा सुनाई है। अमेरिकी बायोटेक स्टार एलिजाबेथ होम्स पर अपने निवेशकों को धोखा देने का आरोप है। बता दें कि एलिजाबेथ की स्टार्टअप कंपनी थेरानोस को 2018 में ही बंद कर दिया गया था। दरअसल, कंपनी ने ब्लड टेस्टिंग सेक्टर में क्रांति लाने का वादा किया था, और इसके नाम पर निवेशकों को धोखा दिया था। बता दें कि 38 साल की होम्स को तीन महीने तक चले मुकदमे के बाद जनवरी में दोषी ठहराया गया था। होम्स ने साल 2003 में स्टार्टअप कंपनी थेरानोस की शुरूआत की थी। उस समय होम्स ने दावा किया था कि उसकी कंपनी ने एक ऐसी ब्लड एनालाइजर बनाई है, जिसे कहीं भी ले जाया जा सकेगा और इससे आसानी से ब्लड टेस्ट हो जाएंगे। इसके अलावा, इस स्टार्टअप ने यह भी दावा किया था कि एक बार उंगली से ब्लड लेने के बाद शरीर की सभी बीमारियों का आसानी से पता लगाया जा सकेगा। इस दावे के बाद होम्स के स्टार्टअप पर निवेशकों ने जमकर दांव लगाया और उन्हें बंपर निवेश मिला था। हालांकि, बाद में ये सभी बातें झूठी निकली और मामला कोर्ट तक गया। कई सालों तक केस चला और फिर इस साल जनवरी में सजा सुनाई गई। एलिजाबेथ होम्स ने 2003 में 19 साल की उम्र में थेरानोस की स्थापना की थी। इसके बाद सिलिकॉन वैली में उन्होंने खूब वाहवाही बटौरी। होम्स बहुत कम समय में दुनिया की सबसे कम उम्र की अरबपति महिला बन गई थीं। बता दें कि अपनी जेल की सजा सुनने के बाद, होम्स ने अपने पति बिली इवांस को गले लगा लिया और भावुक हो गईं। अदालत में रोते हुए होम्स ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिलता तो वे कई चीजें बिल्कुल अलग तरह से करतीं।

> ◂◂ होम्स बहुत कम समय में दुनिया की सबसे कम उम्र की अरबपति महिला बन गई थीं। बता दें कि अपनी जेल की सजा सुनने के बाद, होम्स ने अपने पति बिली इवांस को गले लगा लिया और भावुक हो गईं।

## बुजुर्गों के लिए म्यूचुअल फंड एक मजबूत लाठी है



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में वरिष्ठ नागरिकों को तमाम बचत योजनाओं पर ज्यादा ब्याज और अन्य सुविधाएं मिलती हैं। वरिष्ठ नागरिकों के पास निवेश के कई विकल्प उपलब्ध हैं। माना जाता है कि बुजुर्ग और रिटायर हो चुके लोग हमेशा बुद्धिमानी से निवेश करते हैं और उनका रुझान पारंपरिक सेविंग स्कीम की ओर रहता है। वे अक्सर बाजार जोखिम के अधीन योजनाओं में निवेश करने से बचते हैं। म्युचुअल फंड को लेकर भी एक आम गलतफहमी यह है कि वे वरिष्ठ नागरिकों के लिए बहुत जोखिम भरे होते हैं। हालांकि, ऐसा नही हैं क्योंकि वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों और जोखिम सहनशीलता को पूरा करने के लिए भी म्यूचुअल फंड तैयार किए गए हैं। हालांकि फिक्स्ड डिपॉजिट और रेकरिंग डिपॉजिट जैसे पारंपरिक वित्तीय साधन अभी भी मौजूद हैं, लेकिन उनका रिटर्न इस समय सबसे कम है। पारंपरिक निवेश में मिलने वाला लाभ महंगाई को मात देने में सक्षम नहीं होता है। क्योंकि मुद्रास्फीति तेजी से बढ़ रही है लेकिन सामान्य बचत योजनाओं में पैसा उतनी तेजी से नहीं बढ़ता है। इसलिए बाजार जोखिम से जुड़ी योजनाओं में निवेशकों की रूचि बढ़ी है। म्युचुअल फंड का उद्देश्य निवेशकों के निवेश में विविधता लाना और उनके पैसे को स्टॉक, बॉन्ड, ईटीएफ और बॉन्ड जैसी प्रतिभूतियों में लगाना है, जो बाजार जोखिम के अधीन होते हैं। म्युचुअल फंड निवेशकों की मेहनत की कमाई प्रोफेशनल फंड मैनेजर प्रबंधित करते हैं और इसका लाभ ग्राहकों को मिलता है। बुजुर्ग व्यक्ति भी म्युचुअल फंड में निवेश की शुरूआत सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान या एकमुश्त भुगतान के माध्यम से कर सकते हैं। हर म्यूचुअल फंड अलग-अलग स्तर के रिटर्न प्रदान करते हैं। म्यूचुअल फंड का रिटर्न बाजार से जुड़ा होता है, इसलिए यह कभी फिक्स नहीं होता। हालांकि, इनमें बेहतर रिटर्न की उम्मीद होती है। यदि आप सेवानिवृत्त हैं और एक अल्पकालिक निवेश की तलाश में हैं, तो आप शॉर्ट-टर्म डेट फंड और शॉर्ट-टर्म बॉन्ड में निवेश कर सकते हैं।

### सरकार ने इस्पात, लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क घटाया


**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश की स्टील इंडस्ट्री को बड़ी राहत देते हुए स्टील उत्पादों और लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क घटाने के फैसला किया है। इससे स्टील प्रोडक्ट और लौह अयस्क के निर्यात को बढ़ाने में बड़ी मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को देर रात जारी किए नोटिफिकेशन के मुताबिक, सरकार ने पिग आयरन और स्टील उत्पादों के साथ-साथ लौह अयस्क पेलेट्स पर निर्यात शुल्क शून्य करने का फैसला किया है। इसके साथ ही 58 प्रतिशत से कम लौह वाले लौह अयस्क लम्प्स और फाइन्स पर भी निर्यात शुल्क शून्य किया गया है। वहीं, 58 प्रतिशत से अधिक लौह वाले लौह अयस्क लम्प्स और फाइन्स पर अब निर्यात शुल्क 30 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार, स्टील इंडस्ट्री में कच्चे माल के रूप में उपयोग होने वाले एन्थ्रेसाइट/पीसीआई, कोकिंग कोल और फेरोनिकेल पर आयात शुल्क बढ़ाकर 2.50 प्रतिशत कर दिया गया है।

## यूरोप में युद्ध के कारण गंभीर खाद्य, ऊर्जा संकट का सामना कर रही है दुनिया: शक्तिकांत दास



**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि यूरोप में जारी युद्ध नई चुनौतियां लेकर आया है और अचानक दुनिया के सामने खाद्य और ऊर्जा का गंभीर संकट आ खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह संकट ऐसे वक्त में आया, जब अर्थव्यवस्था कोविड-19 की तीसरी लहर के बाद सामान्य होने जा रही थी। आरबीआई के अर्थशास्त्र एवं नीति अनुसंधान विभाग के वार्षिक शोध सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने बड़े आकार के आंकड़ों के विश्लेषण का मौका दिया। उन्होंने कहा कि कोविड की पहली लहर के दौरान आंकड़ों का संग्रह करना और आंकड़ों में सांख्यिकीय अंतराल पहली बड़ी चुनौती थी। उन्होंने आगे कहा, यूरोप में युद्ध अपने साथ नई चुनौतियां लेकर आया वह भी ऐसे समय जब अर्थव्यवस्था महामारी की तीसरी लहर के बाद पूरी तरह से सामान्य होने जा रही थी। दुनिया के सामने अचानक ही गंभीर खाद्य एवं उर्जा संकट आ खड़ा हुआ। दास ने कहा, तेजी से बदलती भूराजनीतिक परिस्थितियों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के विखंडन के रूप में एक नया जोखिम उभरा और इससे यह समझ में आया कि महत्वपूर्ण आपूर्तियों के लिए एक स्रोत पर निर्भरता को कम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मार्च 2020 के बाद से कोविड-19 महामारी, यूरोप में युद्ध और सभी देशों में आक्रामक रूप से मौद्रिक सख्ती से आर्थिक अनुसंधान के लिए तरह-तरह की चुनौतियां सामने आई हैं।

# तेल-तिलहन कीमतों में सुधार का रुख



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** शिकागो एक्सचेंज शुक्रवार देर रात को 1.5 प्रतिशत मजबूत बंद होने और किसानों की नीचे भाव में बिकवाली कम करने के बाद दिल्ली तेल तिलहन बाजार में शनिवार को अधिकांश खाद्य तेल तिलहन कीमतों में सुधार का रुख दिखा। मांग बढ़ने और किसानों द्वारा सस्ते में बिकवाली से बचने के कारण सरसों, सोयाबीन तेल तिलहन, बिनौला, सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में सुधार आया जबकि मूंगफली तेल तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि किसान नीचे भाव में सोयाबीन नहीं बेच रहे हैं। हल्का तेल होने की वजह से सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल की सर्दियों की मांग है। इस परिस्थिति में एक ओर जहां सरसों और सोयाबीन तेल तिलहन कीमतों में सुधार देखने को मिला वहीं मूंगफली तेल तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि सस्ता होने की वजह से पामोलीन और सीपीओ की मांग बढ़ने से इनकी कीमतों में सुधार आया। हल्के तेल होने की वजह से मांग होने के कारण बिनौला तेल की कीमतों में भी सुधार हुआ। गुजरात के गुजरात स्टेट इडेबल आयल एंड आयलसीड एसोसिएशन के अध्यक्ष समीर शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित अपने पत्र में कहा कि देश में तिलहन उत्पादक किसानों का संरक्षण किया जाये और खाद्य तेलों के आयात पर अंकुश लगाया जाये। सूत्रों ने कहा कि सरकार को देश में तेल तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर काम करना होगा। नही तो आयात पर निरंतर निर्भरता बढ़ती ही जायेगी।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे

▸▸ सरसों तिलहन - 7,300-7,350 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल। ▸▸ मूंगफली-6,585-6,645 रुपये प्रति क्विंटल। ▸▸ मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,100 रुपये प्रति क्विंटल। ▸▸ मूंगफली रिफाइंड तेल 2,445-2,705 रुपये प्रति टिन। ▸▸ सरसों तेल दादरी- 14,850 रुपये प्रति क्विंटल। ▸▸ सरसों पक्की घानी- 2,250-2,380 रुपये प्रति टिन। ▸▸ सरसों कच्ची घानी- 2,310-2,435 रुपये प्रति टिन। ▸▸ तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल। ▸▸ सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 14,200 रुपये प्रति क्विंटल। ▸▸ सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 13,850 रुपये प्रति क्विंटल। ▸▸ सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,750 रुपये प्रति क्विंटल। ▸▸ सीपीओ एक्स-कांडला- 8,550 रुपये प्रति क्विंटल। ▸▸ बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 12,600 रुपये प्रति क्विंटल। ▸▸ पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 10,300 रुपये प्रति क्विंटल।

### सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के लिए सरकार की बड़ी योजना खुलवाने पर होगा बड़ा फायदा

**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से लोगों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं में सरकार लोगों को आर्थिक मदद देती है तो वहीं लोगों के लिए कई बचत योजनाएं भी चलाई जा रही है। इन बचत योजनाओं में निवेश कर अच्छा रिटर्न भी हासिल किया जा सकता है। वहीं सरकार की ओर से बेटियों के लिए भी बढ़िया निवेश की स्कीम चलाई जा रही है। इस स्कीम का लॉन्ग टर्म में फायदा मिल सकता है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं पोस्ट ऑफिस के जरिए चलाई जा रही सुकन्या समृद्धि योजना की. यह योजना विशेष तौर पर बेटियों के लिए चलाई जाती है. सुकन्या समृद्धि योजना, पोस्ट ऑफिस के जरिए संचालित की जाती है। कोई भी अपनी बेटी के नाम पर पोस्ट ऑफिस में सुकन्या समृद्धि अकाउंट खोल सकता है।

## पीएनबी खाताधारकों के लिए खुशखबरी, डेबिट कार्ड से कैश निकासी लिमिट बढ़ाने की तैयारी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब नेशनल बैंक अपने डेबिट कार्ड ट्रांजेक्शन लिमिट में संशोधन की तैयारी कर रहा है। बैंक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक बैंक अपने हाई एंड वेरिएंड डेबिट कार्ड से ट्रांजेक्शन लिमिट बढ़ाने की योजना बना रहा है। मास्टरकार्ड, रुपे कार्ड, वीसा गोल्ड डेबिट काड्र्स , रुपे सेलेक्ट और वीजा सिग्नेचर डेबिट काड्र्स के सभी प्लेटिनम वेरियंट्स डेबिट काड्र्स की ट्रांजेक्शन लिमिट को संसोधित करने का प्रस्ताव है। मास्टर कार्ड, रूपे कार्ड और वीजा गोल्ड कार्ड के सभी प्लेटिनम वेरिएंट से कैश निकालने की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 1,00,000 रुपए करने की तैयारी है। वहीं रुपे सलेक्ट और वीजा सिग्नेचर डेबिट कार्ड से एटीएम से कैश ट्रांजेक्शन की लिमिट 50,000 रुपए से बढ़ाकर 1,50,000 रुपए करने की योजना है। प्लैटिनम काड्र्स से दैनिक लेनदेन की सीमा को बढ़ाकर बैंक अपने ग्राहकों को तोहफा देने की तैयारी कर रहा है।

> **एक नजर डेबिट कार्ड के दैनिक निकासी सीमा पर**
>
> प्लैटिनम कार्ड के दो वेरिएंट, रुपे और मास्टर कार्ड से कैश निकासी की दैनिक सीमा 50 हजार है। वहीं वन टाइम निकासी की सीमा 20 हजार रुपए है। बैंक ने अपने ग्राहकों से अनुरोध किया है कि वो इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, पीएनबी एटीएम, आईवीआर और ब्रांच जाकर एटीएम से कैश विड्रॉल की लिमिट तय करें। इसके लिए आप नीचे दिए स्टेप्स को फॉलो कर आसानी से अपने डेबिट कार्ड से ट्रांजैक्शन लिमिट को तय कर सकते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### कमला हैरिस ने जिनपिंग से की मुलाकात



**बैंकॉक (एजेंसी)।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ व्यापक वार्ता के कुछ दिनों बाद शनिवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। डॉन अखबार के मुताबिक व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि हैरिस ने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) फोरम के शिखर सम्मेलन के दौरान बैंकॉक में एक रिट्रीट में प्रवेश करते हुए चीनी नेता से बात की। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि उपराष्ट्रपति ने श्री बाइडेन के संदेश को पुष्ट किया कि हमें अपने देशों के बीच प्रतिस्पर्धा को जिम्मेदारी से प्रबंधित करने के लिए संचार की खुली लाइनें बनाये रखनी चाहिए। बैठक के बाद अमेरिका ने कहा कि वह चीन को उत्तर कोरिया पर सभी तरह के लगाम लगाने के लिए और अधिक करने की तलाश कर रहा है। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को एक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था, जिसे अमेरिकी और जापानी अधिकारियों ने कहा कि वह अमेरिका की मुख्य भूमि को मार गिराने में सक्षम है।

### आत्मसमर्पण के बाद रुस के सैनिकों की हत्या

**मॉस्को (एजेंसी)।** सीमांत पूर्वी यूक्रेन से एक वीडियो सामने आया है जिसमें सैनिकों के एक समूह को आत्मसमर्पण करते हुए दिखाया गया है और उसके अंत में उनकी मृत्यु नजर आ रही है। रूस ने फुटेज पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है और यूक्रेन पर युद्ध के रूसी कैदियों को मारने का आरोप लगाया है, जो एक युद्ध अपराध होगा। यूक्रेन ने अभी तक आरोपों का जवाब नहीं दिया है। यह घटना 12 नवम्बर को या उससे पहले लुहांस्क क्षेत्र के सीमावर्ती गांव मकीवका में हुई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार उस दिन और रविवार को यूक्रेन समर्थक साइटों पर ड्रोन फुटेज दिखाई दिये, जिसमें कई वर्दीधारी सैनिकों के शव खेत में पड़े हुए दिखाई दे रहे थे। इस दृश्य के फुटेज का एक हिस्सा यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय द्वारा मकीवका क्षेत्र में ऑनलाइन सैन्य अभियानों के बारे में पोस्ट किये गये एक वीडियो में भी दिखायी देता है। कुछ सोशल मीडिया पोस्ट का सुझाव है कि इसके लिए मोर्टार हमले जिम्मेदार थे, लेकिन घटनाओं को रूस समर्थक आउटलेट्स द्वारा चुनौती दी गयी है जो दावा करते हैं कि सैनिकों को यूक्रेन के 80वें हवाई हमला ब्रिगेड सैन्य कर्मियों द्वारा गोली मार दी गयी थी। फिर 17 नवम्बर को और वीडियो फुटेज सामने आये। वीडियो में कैदी यूक्रेन की भाषा बोलते हैं, जबकि कैदियों की वर्दी रूसी दिखती है।

# भारत को यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनाना चाहता है फ्रांस

### कहा- ताकतवर देशों की बढ़े भागीदारी, ब्रिटेन ने भी की थी मांग

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** फ्रांस ने भारत को यूएन सिक्योरिटी काउंसिल का स्थायी सदस्य बनाने की पेशकश की है। इसके पहले 18 नवम्बर को ब्रिटेन ने भी भारत के पक्ष में यह मांग उठायी थी। यूनाइटेड नेशन (यूएन) में फ्रांस की प्रतिनिधि ने कहा है कि समय आ गया है जब उभरते ताकतवर देशों की दुनिया की सबसे पावरफुल संस्था में भागीदारी बढ़े। फ्रांस ने न सिर्फ भारत बल्कि जर्मनी, ब्राजील और जापान को भी सिक्योरिटी काउंसिल में स्थायी सदस्य बनाने की मांग की है। यूएन जनरल असेंबली की एक मीटिंग में नैथिली ब्रोडहर्स्ट ने कहा कि फ्रांस लगातार यह मांग उठा रहा है। हम चाहते हैं कि काउंसिल दूसरे देशों को भी साथ लेकर चले जिससे यह संस्था और ज्यादा मजबूत हो। उन्होंने यह भी कहा कि सिक्योरिटी काउंसिल के काम को और बेहतर बनाने के लिए इसमें 25 सदस्य जोड़े जा सकते हैं। जिनमें अफ्रीकी देशों को भी शामिल किया जाये। नैथिली ने जियोग्राफिकल रिप्रेजेंटेशन के आधार पर सिक्योरिटी काउंसिल में सदस्यों को जोड़ने की बात कही है।




### भारत कर रहा है यूएनएससी में सुधार की मांग

**सिक्योरिटी** काउंसिल में बदलावों को लेकर यूएन में भारतीय राजनयिक रुचिरा कंबोज ने गुरुवार को मुद्दा उठाया था। जिसमें उन्होंने यूएनएससी में सामान प्रतिनिधित्व की बात कही थी। बदलावों में जितनी देरी होगी उससे संस्था और दुनिया को उतना ही नुकसान भी होगा। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं है जब भारत की तरफ से इस तरह के सुधारों की मांग उठायी गयी हो। समय-समय पर यूएनएससी में इन बदलावों का भारत समर्थन करता रहा है।

### यूएनएससी का स्थायी सदस्य क्यों नहीं भारत?

**भारत** काफी समय से सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का प्रयास कर रहा है, लेकिन भारत की राह में सबसे बड़ा रोड़ा चीन है। चीन के अलावा फ्रांस, अमेरिका, रूस और ब्रिटेन भारत को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने पर अपनी सहमति जता चुके हैं, लेकिन चीन अलग-अलग बहानों से भारत की स्थायी सदस्यता का विरोध करता रहा है। इसके अलावा कई बार यूएनएससी के स्ट्रक्चर में बदलाव की मांगें भी उठती रही हैं। तर्क दिया जाता है कि यूएनएससी में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व कम है, लेकिन स्थायी सदस्य नहीं चाहते कि इसमें किसी तरह का बदलाव हो और किसी दूसरी देश को वीटो पॉवर मिले। भारत के अलावा जापान, जर्मनी और ब्राजील भी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का प्रयास कर रहे हैं।

## भारत फिर से विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर : धनखड़

**झुंझुनू (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि विवेकानंद का भारत में विविध एकता का एक सपना था जो वर्तमान समय में साकार हो रहा है। श्री धनखड़ शनिवार को झुंझुनू जिले के खेतड़ी से विवेकानंद संदेश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह संदेश यात्रा 50 दिन में पूरे प्रदेश में भ्रमण करेगी।

खेतड़ी के पोलोग्राउंड खेल मैदान में इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते श्री धनखड़ ने कहा कि देश के सांस्कृतिक मंत्रालय की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खेतड़ी से शुरू की जा रही विवेकानंद संदेश यात्रा युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि भारत पूरे विश्व में आज पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है तथा जल्द ही तीसरी



अर्थव्यवस्था बनकर दिखायेंगे। भारत आज अपने दम पर हर क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रहा है। किसी भी काम के लिए आज हमारा देश दूसरे देशों के मोहताज नहीं है। जिन लोगों ने इस देश पर राज किया भारत उनको पछाड़कर बड़ी शक्ति बनने जा रहा है। भारत में लगातार हो रहे विकास की जबरदस्त यात्रा तेजी से चली जा रही है। लेकिन कुछ लोग भ्रमित होकर बिना कुछ समझे अनर्गल बातें करते हैं।

## पीएम मोदी ने अरुणाचल में किया एयरपोर्ट का उद्घाटन

### हमारा काम अटकाना, लटकाना, भटकाना नहीं : पीएम



**ईटानगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। ये अरुणाचल का पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट है, जिसका नाम डोनी पोलो एयरपोर्ट है। ईटानगर में बना ये एयरपोर्ट 640 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसके अलावा उन्होंने ईटानगर में 600 मेगावाट का कामेंग हाइड्रो पावर स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया। मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जनता जानती है कि हम एक कार्य संस्कृति लेकर आये हैं, जहां जिन परियोजनाओं का हमने शिलान्यास किया है, उनका उद्घाटन भी करते हैं। हमारा काम अटकाना, लटकाना, भटकाना नहीं है, इसका युग चला गया है।

#### 690 एकड़ में फैला है एयरपोर्ट

**इस** एयरपोर्ट की आधारशिला पीएम ने 2019 में रखी थी। डोनी पोलो एयरपोर्ट का नाम अरुणाचल प्रदेश में सूर्य (डोनी) और चंद्रमा (पोलो) के प्रति सदियों पुरानी स्वदेशी श्रद्धा को दर्शाता है। यह एयरपोर्ट करीब 690 एकड़ में फैला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके निर्माण में 640 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। 2300 मीटर रनवे के साथ यह एयरपोर्ट सभी मौसम में ऑपरेट हो सकेगा। एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम लगाया गया है, जिसमें एक ग्लाइडपथ, एक लोकलाइजर और दूरी मापने के डिवाइस शामिल हैं। इससे हर मौसम में एयरपोर्ट पर ऑपरेशन में मदद मिलेगी। राज्य में मौसम का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है, ऐसे में इस तरह की डिवाइस की बहुत जरूरत थी।

## इजराइल ने फिलिस्तीन सीमा पर तैनात की रोबोटिक गन

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल में आजादी के बाद पहली बार धार्मिक कट्टरवादी सरकार बनने जा रही है। इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश की सीमा पर तीन रोबोटिक गन लगवायी हैं। इनमें से दो वेस्ट बैंक में लगायी गयीं हैं, जो फिलिस्तीन और इजराइल के बीच का विवादित क्षेत्र है। यहां अक्सर फिलिस्तीनी इजराइल के खिलाफ विरोध जताते हैं। इन रोबोटिक गन्स के जरिये आंसू गैस, स्मोक ग्रेनेड (धुआं फैलाने वाला बम) और स्पंज बुलेट छोड़े जायेंगे। ये गन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी से टारगेट तय करती हैं। ये गन जानलेवा तो नहीं, लेकिन बहुत घातक हैं।

**आतंक पर लगाम के लिए फिलिस्तीनी सीमा ब्लॉक होगी :** नेतन्याहू खुले तौर पर फिलिस्तीन विरोधी कट्टरपंथियों के साथ हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि नेतन्याहू फिलिस्तीनियों को रोकने के लिए बनी दीवार का काम आगे बढ़ा सकते हैं। इधर, फिलिस्तीनी मानवाधिकार समूहों का कहना है कि इजराइल के चुनावी लोकतंत्र का एक ही मकसद है- फिलिस्तीनी अरब लोगों का दमन और यहूदियों का वर्चस्व बनाना।

## रनवे पर प्लेन और ट्रक की टक्कर बाल-बाल बचे सवार 108 लोग

**लीमा (एजेंसी)।** पेरू की राजधानी लीमा के एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा

- ट्रक को रौंदता चला गया विमान, विंग में लगी आग

टल गया। रनवे पर फायर बिग्रेड का एक ट्रक प्लेन से जा टकराया। इस हादसे में ट्रक में सवार दो दमकलकर्मियों की मौत हो गयी। टक्कर के बाद विमान में आग लग गयी, लेकिन यह अच्छा रहा कि इसमें सवार यात्रियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। विमान में 102 पैसेंजर और छह क्रू मेंबर सवार थे। सभी बाल-बाल बच गये। लीमा के जॉर्ज चावेज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लातम एयरलाइंस की फ्लाइट टेकऑफ कर रही थी। तभी रनवे पर सामने से एक ट्रक आ रहा था। जैसे ही विमान पास आया ट्रक ड्राइवर ने बचने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। प्लेन ट्रक को रौंदता चला गया। विमान का एक विंग जमीन से घिसटा और उसमें आग लग गयी।



#### कुछ देर के लिए एयरपोर्ट बंद रहा

**एयरपोर्ट** के एक अफसर ने बताया कि हादसे के बाद एयरपोर्ट के सभी ऑपरेशन कुछ वक्त के लिए सस्पेंड कर दिये गये। हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आयी है। हमने तुरंत कार्रवाई कर सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## पहली बार बेटी के साथ नजर आये किम जोंग

**प्योंगयांग (एजेंसी)।** नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन और उनकी बेटी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। ये किम जोंग की बेटी की पहली पब्लिक अपियरेंस है। इसके पहले दुनिया ने कभी भी उनकी बेटी की नहीं देखा था। हालांकि, मीडिया में उनकी नौ साल की बेटी का नाम नहीं बताया गया है। नॉर्थ कोरिया की एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, तस्वीर में किम अपनी बेटी का हाथ पकड़े हुए हैं। व्हाइट कलर की जैकेट पहनी उनकी बेटी और किम एक मिलिट्री फैसिलिटी के बाहर खड़े हैं। जिस मिलिट्री फैसिलिटी के बाहर दोनों साथ खड़े हैं, वहां से शुक्रवार यानी 18 नवम्बर को बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया गया था। इस दौरान किम की पत्नी री सोल जू भी साथ थीं।

## कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना भी हो सकता है सीढ़ी चढ़ने में परेशानी का कारण

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** दौड़ने, चलने या सीढ़ियां चढ़ने में परेशानी होने पर ज्यादातर लोग गठिया होने की आशंका जताते हैं। लेकिन यदि आपके कोलेस्ट्रॉल का स्तर अक्सर बढ़ा हुआ रहता है, तो इस वजह से भी आपको पैरों की दिक्कत हो सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या के शिकार लोगों में पेरिफेरल आर्टरी डिजीज (पीएडी) का खतरा अधिक होता है, जिसमें हाथों और पैरों से संबंधित कई प्रकार की दिक्कत होती रह सकती हैं। वैसे तो हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या को हृदय रोगों और धमनियों की दिक्कत से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन इसका असर शरीर पर और भी कई प्रकार से हो सकता है। अध्ययनों में पाया गया है कि कोलेस्ट्रॉल की समस्या पर समय रहते ध्यान न दिया जाये या इसका उपचार नहीं किया जाये तो इसके कारण धमनियों के विकार विकसित हो सकते हैं। इस तरह के विकारों के कारण मांसपेशियों में दर्द और ऐंठन होने का जोखिम रहता है।

कार्डियोवास्कुलर लैब्स ऑफ अमेरिका (सीएलए) के अनुसार, लगातार कोलेस्ट्रॉल के स्तर में बनी रहनेवाली वृद्धि, समय के साथ पेरिफेरल आर्टरी डिजीज (पीएडी) के खतरे को बढ़ा सकती है। इसके कारण पैरों में भारीपन महसूस होता रहता है, इसे शुरुआती संकेत माना जाता है। हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण होनेवाली पीएडी की दिक्कत पैरों में कमजोरी, सुन्न होने, त्वचा के रंग में बदलाव, सीढ़ियां चढ़ने के बाद पैरों में तेज ऐंठन या फिर लिखने-टाइपिंग के दौरान हाथों में दर्द और ऐंठन की भी समस्या हो सकती है। चिकित्सकों के अनुसार, पेरिफेरल आर्टरी डिजीज धमनी की दीवारों पर फैट, कोलेस्ट्रॉल के निर्माण के कारण होता है, इस प्रक्रिया को एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है। यह धमनियों में रक्त के प्रवाह को भी कम कर देती है।

मोटापा के शिकार और 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के लोगों में इस समस्या का जोखिम अधिक देखा गया है। इससे संबंधित समस्याओं से बचाव के लिए कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखने वाले उपाय करना बहुत आवश्यक माना जाता है। दिनचर्या और आहार में बदलाव के माध्यम से कोलेस्ट्रॉल के खतरे से बचाव किया जा सकता है। मायोक्लीनिक की रिपोर्ट के अनुसार कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए रोज कम से कम 30 मिनट तक व्यायाम की आदत डालें। फलों, सब्जियों व साबुत अनाज के साथ आहार में नमक कम लें। स्वस्थ वजन बनाये रखें, धूम्रपान से दूरी बनाने और स्वस्थ आहार पर ध्यान दें तो कोलेस्ट्रॉल और इससे संबंधित समस्याओं के जोखिम को कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण रक्त वाहिकाओं में फैटी जमाव का जोखिम अधिक होता है, जैसे-जैसे ये जमाव बढ़ता जाता है, यह धमनियों में पर्याप्त रक्त के प्रवाह को कठिन बनानेवाली स्थिति हो सकती है। इससे दिल का दौरा पड़ने का जोखिम बढ़ जाता है।

# खशोगी मर्डर केस में सऊदी प्रिंस को रियायत

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** व्हाइट हाउस ने 18 नवम्बर को कहा कि अमेरिका ने खशोगी मर्डर केस में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को छूट दी है। यानी उन पर उस केस को लेकर मुकदमा नहीं चलाया जायेगा। इस फैसले के बाद बाइडेन सरकार की आलोचना होने लगी। जिसकी सफाई में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि ये पहली बार नहीं है जब किसी राष्ट्राध्यक्ष को किसी तरह की छूट दी गयी हो।



### सऊदी क्राउन प्रिंस ने दी थी खशोगी की हत्या की मंजूरी

**पिछले** साल अमेरिका की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि वॉशिंगटन पोस्ट के सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या की योजना को सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने मंजूरी दी थी। रिपोर्ट में यह भी बताया कहा गया कि क्राउन प्रिंस खशोगी को सऊदी अरब के लिए खतरा मानते थे। ट्रम्प जब सत्ता में थे तो उनके सऊदी प्रिंस से करीबी रिश्ते रहे और यही वजह है कि उस दौरान खशोगी की हत्या से जुड़ी अमेरिकी इंटेलिजेंस की रिपोर्ट जारी नहीं की गयी। बाइडेन राष्ट्रपति बने और मानवाधिकारों पर उनका रुख हमेशा से सख्त रहा है। फिर रिपोर्ट जारी की गयी। इस इंटेलिजेंस रिपोर्ट में सीधे तौर पर खशोगी की हत्या के लिए प्रिंस सलमान का नाम लिया गया था।

#### दोनों देशों के बाइलैटरल रिलेशन से लेना-देना नहीं : व्हाइट हाउस

कुछ समय से अमेरिका और सऊदी अरब के रिश्ते ठीक नहीं चल रहे हैं। माना जा रहा है कि रिश्तों को पटरी पर लाने के लिए प्रिंस सलमान को छूट दी गयी है। हालांकि, व्हाइट हाउस के नेशनल सिक्योरिटी स्पोक्सपर्सन जॉन कर्बी का कहना है कि इन सब का दोनों देशों के रिश्तों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन तो यूएस और सऊदी अरब के रिलेशन पर दोबारा विचार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि क्रूड ऑयल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक ने पांच अक्टूबर को तेल उत्पादन में कटौती करने का फैसला किया था। इससे अमेरिका बेहद खफा है। सऊदी अरब इस समूह का प्रमुख सदस्य है।